# किसी जाति, धर्म के नहीं सबके हैं रामलला: केशव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अयोध्या में जन्मभूमि पर भव्य रामलला का मंदिर बनकर तैयार है। यह कोई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मंदिर नहीं है। यह देश में रहने वाले प्रत्येक मानव की आस्था का मंदिर है।

उप मुख्यमंत्री ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रामलला को किसी जाति, धर्म संप्रदाय में नहीं बांटा जा सकता। भगवान राम सबके हैं। भगवान राम का मंदिर किसी एक मजहब और धर्म का मंदिर नहीं बल्कि पूरे मानव समाज का मंदिर है। भगवान राम हिंदू, मुसलमान, सिख और इसाई सबके भगवान हैं। 500 वर्ष की कड़ी तपस्या के बाद मंदिर का निर्माण हुआ है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन सबको मिलकर दीपावली मनानी चाहिए। प्रदेश और देश के लोगों को इसका सह भागी होना चाहिए।

श्री मौर्य ने कहा कि राम मंदिर के लिए 1949 से लड़ाई चल रही थी। भगवान राम को ताले के अंदर से निकालकर गुलामी की निशानी मिटाई गई और आज भव्य राम मंदिर बनकर तैयार है। समाजवादी पार्टी (सपा) नेता स्वामी प्रसाद के विवादित बयान पर कहा कि उन्हें अनर्गल बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। उन्हें जो भी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा लिखकर दिया जाता है वही बोलते हैं उससे एक शब्द न/न और नहीं उधर। वह रट्टू तोता हैं। उन्होंने कहा कि गैर भाजपा दलों के नेताओं के बयान पर कहा कि राम मुसलमानों के भी पूर्वज थे। हिंदुओं के आराध्य हैं। भगवान राम किसी मजहब, धर्म और जात के नहीं हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला का मंदिर राष्ट्र मंदिर और राष्ट्रीय एकता का स्वरूप है। यह दुनिया का ऐसा मंदिर है जिसमें सबसे ज्यादा लोगों का सहयोग है। देश दुनिया में रहने वाले सबके लिए प्राण प्रतिष्ठा एक उत्सव है। सबको 22 जनवरी को दीपावली मनानी चाहिए। राम मंदिर के लिए सबने सहयोग किया। आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक सहयोग के साथ करोड़ो लोगों ने श्री राम जय जय राम जय जय राम महामंत्र के माध्यम से मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कुंभ के बारे में कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप दिव्य और भव्य कुंभ का आयोजन होगा। जिसमें प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने सबसे अपील किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के अभियान में सहयोग करें। यह देश के भविष्य और पर्यावरण के लिए भी सही है। 2019 के अर्ध कुंभ में यहां की स्वच्छता से प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफाई कर्मियों का पैर पखारकर उनका अभिनंदन किया था।

# एफिल टावर से लेकर टाइम्स स्क्वायर तक हिंदू आस्था के उत्सव की तैयारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के भव्य शुभारंभ और श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सिर्फ उत्तर प्रदेश और देश में ही नहीं, बल्कि यूरोप से लेकर अमेरिका तक धूम है। मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में रामोत्सव को लेकर उत्तर प्रदेश में जो तैयारी शुरू हुई थी, वो अब धीरे-धीरे पूरे देश और विदेशों तक पहुंच रही है। इस आयोजन को लेकर पूरी दुनिया में उत्सव का माहौल बन चुका है। ये उत्सव अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक देखने को मिलेंगे।

फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे यूरोप से एक हजार लोग एकत्रित होंगे। साथ ही एफिल टावर के पास उत्सव मनाया जाएगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर भूमि पूजन की तर्ज पर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन व दीपोत्सव के आयोजन का फैसला लिया गया है। यही नहीं, अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्राण प्रतिष्ठा भारतीय समयानुसार दोपहर लगभग 12.30 बजे होगी। उस समय पेरिस में सुबह और अमेरिका में देर रात का समय होगा।

हिंदुओं के आराध्य भगवान राम के मंदिर की स्थापना का जो सपना राम भक्तों ने देखा था वो 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद अब साकार होने जा रहा है। ऐसे में दुनिया भर के रामभक्त इस अवसर पर अपने-अपने तरीके से जश्न मना रहे हैं। इसी क्रम में 21 जनवरी 2024 को पेरिस में राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर पेरिस में रहने वाले अविनाश मिश्रा नाम के यूजर ने राम रथ यात्रा के बारे में डिटेल साझा की है। उन्होंने लिखा है, 'फ्रांस में रहने वाले हम भारतीय पूरे पेरिस में राम रथ यात्रा और एफिल टावर पर बड़े पैमाने पर उत्सव का आयोजन करके अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल होंगे।' अविनाश ने अपनी पोस्ट में राम रथ यात्रा का पूरा मैप भी शेयर किया है, जबकि पेरिस में रहने वाले राम भक्तों से इस आयोजन में सम्मिलित होने का अनुरोध भी किया है। उनकी इस पोस्ट को राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ने भी रीट्वीट किया और लिखा कि अयोध्या में जन्मस्थान पर भगवान श्री रामलला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना सभी रामभक्तों के लिए एक आशीर्वाद है।

हिंदू मंदिर एमपावरमेंट काउंसिल ने नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन व दीपोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया है। विगत कई हफ्तों में वाशिंगटन, शिकागो और दूसरे अमेरिकी शहरों में राम मंदिर के जश्न में कार रैलियां निकाली गई हैं। आयोजकों ने अब कैलिफोर्निया में कार रैली निकालने की योजना बनाई है। उनका कहना है कि वे अयोध्या नहीं आ सकते हैं, लेकिन भगवान राम उनके दिलों में हैं और उनकी घर वापसी में उनकी अटूट श्रद्धा है। यही नहीं, 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर पर भी किया जाएगा। इससे पहले 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर के भूमि पूजन को चिन्हित करते हुए टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर का एक डिजिटल बिलबोर्ड चलाया गया था। अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन पर न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम ने कहा है कि अगर हम न्यूयॉर्क शहर में हिंदु समुदाय को देखें तो यह कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण है।

## डॉ सूर्यकान्त यूपी आईएमए के स्टेट ओरेशन से सम्मानित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष प्रो सूर्यकान्त को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, यूपी ने डॉ आईडीपीएल आईएमए यूपी ओरेशन अवार्ड से सम्मानित किया है। आयोजन समिति ने यह पुरस्कार उन्हें रेस्परेटरी चिकित्सा और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया है। डॉ सूर्यकान्त का यह 17वॉ ओरेशन अवार्ड है, इससे पहले भी कई ओरेशन एवार्ड लंग कैंसर, सांस रोग, टीबी रोग, एलर्जी, अस्थमा आदि के क्षेत्र में प्राप्त हो चुके हैं।

## करोरा में इंटरलाकिंग सड़क का ब्लाक प्रमुख ने किया उद्घाटन

**मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज विकासखंड के करोरा ग्राम में क्षेत्र पंचायत निधि से दस लाख की लागत से बनी 180मीटर इंटरलाकिंग मार्ग का ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने फीता काटकर उद्घाटन किया।ब्लाक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत निधि से दस लाख की लागत से जल निकासी के लिये बनने वाले नाला निर्माण का भी शिलान्यास किया।ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा मोहनलालगंज विकासखंड क्षेत्र के अधिकांश गांवो तक पक्के सम्पर्क मार्गो का जाल बिछाया जा चुका है।इसके साथ ही जनहित से जुड़ी अन्य योजनाओ पर भी कार्य युद्ध स्तर पर शुरू है।स्वच्छ पेयजल, प्रकाश व्यवस्था,जल निकासी की दिशा में क्षेत्र पंचायत की ओर से कोई कमी नही छोड़ी जा रही है।उन्होने केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे में भी ग्रामीणो को बताया।इस मौके पर पूर्व विधायक चन्द्रा रावत,जिला महामंत्री राम?लाल,नगराम मंडल अध्यक्ष श्याम प्यारी,वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि नीरज त्रिवेदी,राजेश पांडे, कार्तिकेय,दीपक यादव,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

## भाजपा की महिला पदाधिकारी से छेड़छाड़ व मारपीट करने के आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी से मारपीट व अभद्रता करने के पांच नामजद आरोपियों समेत आधा दर्जन अज्ञात के विरूद्व छेड़छाड़ मारपीट,जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश में जुट गयी है।ज्ञात हो मोहनलालगंज के एक गांव की रहने वाली भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया 7दिसम्बर2023 को जब वो अपनी कृषि योग्य भूमि पर गयी थी तभी पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी मो0सिराज ने अपने बेटे शेरा निवासीगण तालाब गगली शुक्ल,मछली मोहल्ला, लखनऊ ने अपने साथियों कृपाशंकर,निरंजन लाल,आशीष कुमार समेत आधा दर्जन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसकी जमीन कब्जा करने की नियत से गाली–गालौज करते हुये हमला कर मारपीट की कोशिश करते हुये उसके कपड़े फाड़कर अर्धनग्न कर दिया।शोर मचाने पर आस–पास खेतो में मौजूद किसानो को मौके पर आता देख आरोपी मुकदमा वापस ना लेने पर पति को जान से मरवाने की धमकी देते हुये मौके से फरार हो गयें।पीड़िता ने बताया पूरे मामले की पुलिस से लिखित कर कार्यवाही की मांग की तो पुलिस ने बिना कार्यवाही चलता कर दिया था।जिसके बाद आरोपियों पर कार्यवाही ना होने से नाराज भाजपा पदाधिकारियों ने केन्द्रीय राज्यमंत्री व विधायक के कार्यक्रम में मौजूद एसीपी राधारमण सिंह को आरोपियों पर कार्यवाही ना होने पर थाने में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी।जिसके बाद एसीपी के निर्देश पर मोहनलालगंज पुलिस ने आनन फानन पीड़िता भाजपा महिला पदाधिकारी की तहरीर पर पांच नामजद समेत चार–पांच अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर आरोपियों पर छेड़छाड़, मारपीट,जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

## श्रीराम जी के लिए गुजरात से आया पंचधातु से बना 'अजय बाण'

अयोध्या। गुजरात के अहमदाबाद में पंचधातु से निर्मित 'अजय बाण' मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जी के लिए अयोध्या लाया गया है। 'अजय बाण' को अहमदाबाद के जय भोले ग्रुप ने बनवाया है। इसका वजन 11 किलो व लंबाई पांच फिट है। गुजरात के अंबाजी शक्तिपीठ में पूजा अर्चना के बाद अजयबाण अयोध्या के लिए रवाना किया गया था। शक्तिपीठ अंबा जी का संबंध भगवान श्रीराम से है। त्रेतायुग की एक कथा है कि श्रीराम जी लक्ष्मण के साथ श्रंगी ऋषि के आश्रम में गये। श्रंगी ऋषि ने मां जगदम्बा की आराधना करने का सुझाव दिया। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जी अर्बुदा वन पहुंचे और मां जगदंबा की आराधना की। माता जगदम्बा ने प्रसन्न होकर भगवान श्रीराम को ''अजय बाण'' का आशीर्वाद दिया।

# भाजपा को हराने के लिये होना होगा एकजुट: अखिलेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में निर्णायक रहने वाली उत्तर प्रदेश की 80 सीटों को हासिल करने के लिये एकजुटता का परिचय देना होगा।

डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में सोशल मीडिया की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि भाजपा नकारात्मक राजनीति करने की आदी है। संविधान और लोकतंत्र पर खतरा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक 80 सीटें उत्तर प्रदेश में है इसलिए उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी भी बड़ी है। पार्टी कार्यकर्ताओं को भाजपा के जाल में नहीं फंसना है। सभी 80 सीटों पर भाजपा को हराने के लिए एकजुट होना होगा। श्री यादव ने कहा कि भाजपा का विकसित भारत का दावा झूठा है। भाजपा की 10 साल की सरकार में किसान की आमदनी दोगुनी नहीं हुई। बेरोजगारी भाजपा के लिए मुद्दा नहीं है। महंगाई से सभी त्रस्त हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। बच्चियों तक की सुरक्षा नहीं है। नौजवानों के लिए रोटी-रोजगार की व्यवस्था नहीं है। हर तरफ लूट मची हुई है। थाना-तहसील से लेकर ऊपर तक बिना लेनदेन के कोई काम नहीं हो रहा है। हर तरफ अराजकता है। श्री यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं जनसामान्य को उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में इलाज और दवा की व्यवस्था बेपटरी पर हैं। मरीजों को इधर से उधर रेफर करने के खेल में लोगों की जानें जा रही है। 108 और 102 डायल एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की यूपी डायल 100 पुलिस सेवा को भी भाजपा ने 112 बनाकर बर्बाद कर दिया। ठंड की ठिठुरती रातों में भी गरीबों के लिए न अलाव न रैन बसेरा की व्यवस्था है। अधिकारी जश्न की तैयारियों में लगे हैं। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी पर करोड़ों लोगों का भरोसा है। समाजवादी पीडीए- पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक सभी भाजपा सरकार के अन्याय, अत्याचार और उत्पीड़न के षिकार हैं। समाजवादी पार्टी इनके हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रही है। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पीडीए और इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा को सभी 80 सीटों पर पराजित करेगा।

# नंदी ने गुजरात के व्यापारियों को यूपी में निवेश के लिए किया आमंतित्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ यूपी का प्रतिनिधित्व करते हुए वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल सम्मिट में सम्मिलित हुए औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी

लखनऊ। प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड समिट-2024 में बुधवार को सम्मिलित हुए। जिसमें मंत्री नन्दी ने उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए एमओयू कर चुके गुजरात के प्रमुख निवेशकों व उद्यमियों से मुलाकात करने के साथ ही अन्य निवेशकों को देश का ग्रोथ इंजन बन रहे उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमण्डल में इनवेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश के साथ ही अन्य अधिकारी भी शामिल हैं।

पहले दिन मंत्री नन्दी ने उत्तर प्रदेश में विभिन्न प्रोजेक्ट के जरिये करीब 38 हजार करोड़ से अधिक के निवेश के लिए एमओयू साइन कर चुकी कंपनी टोरंट पॉवर के एमडी जीनल मेहता के साथ बैठक की। टोरंट पॉवर ने सोनभद्र में 9600 करोड़ की लागत से 1750 मेगावाट का पम्प स्टोरेज प्लान्ट स्थापित करने, 13,200 करोड़ की लागत से सोनभद्र में ही 2400 मेगावाट का पम्प स्टोरेज स्थापित करने, लखनऊ में 250 करोड़ का फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग फैसेलिटी स्थापित करने, 400 करोड़ में प्रदेश में चार स्थानों पर चार कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लान्ट स्थापित करने, 4000 करोड़ में 80 किलोटन पर एनम ग्रीन हाइड्रोजन प्लान्ट स्थापित करने, 10,850 करोड़ रुपये में 2000 मेगावाट का सोलर पार्क स्थापित करने और आजमगढ़, मऊ और बलिया में 200 करोड़ में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन का कार्य करने के लिए एमओयू साइन किया है। मंत्री नन्दी ने अरविन्द मिल्स के कार्यकारी निदेशक कुलिन लाल भाई के साथ बैठक की। जिनके साथ बातचीत के दौरान प्रयागराज-वाराणसी राजमार्ग पर एक विश्व स्तरीय कपड़ा फैक्ट्री स्थापित करने की सम्भावनाओं पर सार्थक चर्चा हुई। मंत्री नन्दी ने अरविन्द मिल्स के कार्यकारी निदेशक को प्रयागराज में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

# रामलला की किलकारियों का साक्षी रहा दशरथ महल भी चमका

**एजेंसी**

अयोध्या। राम जन्मभूमि में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ रामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। उसी सुकोमल राजपुष्प के कदमों की आहट एक बार फिर सुनने के पूर्व दशरथ महल का यह प्रांगण भाव विह्वल हो उठा है। महल का सरकार जीर्णोद्धार करवाया कर भव्य दिव्य रूप प्रदान करने में लगी हुई है।

चाहे वाल्मीकि रामायण हो, महान कवि तुलसीदास कृत रामचरित मानस हो या चलचित्र के आधुनिक रूपांतरण रामानंद सागर कृत रामायण ही क्यों न हो, रामलला के बाल्यकाल के सुलभ हठ, किलकारियां, हंसने-मुस्कराने, रोने-मनाने की लीलाओं का संबंध जिस महल के प्रांगण से था, त्रेतायुग से लेकर आज तक भी वह यथावत है। इसका रामनगरी में अपना एक अलग ही सम्मान, भाव और परिपाटी है। दशरथ महल के जीर्णोद्धार का कार्य करने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2021 में फैसला किया। जो आज अपनी पूर्णता की ओर हैं।

हम बात कर रहे हैं उसी दशरथ महल की, जहां माता कौशल्या की गोद में पैजनिया पहने ठुमक कर चलते सकल ब्रह्मांड के नायक अपने पिता से चांद पाने का हठ कर लेते हैं और पिता थाली में जल सजाकर दर्पण के रूप में चंद्रमा के प्रतिबिंब को रामलला के लिए साकार कर देते हैं। चंद्रमा को देख पल भर में राम का रुदन पुलकित किलकारियों में परिवर्तित हो गया, जिसकी प्रतिध्वनि से पूरा महल गुंजायमान हो उठता था। क्या माता-क्या पिता, क्या राजा-क्या प्रजा, पुलकित आह्लादित उस सुकुमार के दैदीप्य मुखमंडल पर अपना सब कुछ हार जाने वाली अयोध्या का साक्षी रहा यह खास महल तबसे लेकर अब तक विद्यमान है। इस महल ने त्रेतायुग में साकार राम को देखा और अब कलि काल में भी जल्द ही अपने प्रिय लला को पुनर्प्रतिष्ठित होने की घड़ी देखने वाला है। यह वही दशरथ महल है, जो 500 साल के पराभव काल के दौरान भी मौजूदा रामजन्म भूमि क्षेत्र पर श्रीराम के मंदिर होने के साक्ष्यों की गवाही देता रहा।



वर्षों की उपेक्षा के बाद योगी सरकार के प्रयास ने इस महल रूपी मंदिर को गौरवशाली आभा प्रदान की है।

31 मार्च 2013 को पहली बार दशरथ महल के सौंदर्यीकरण का प्रावधान यूपी सरकार ने किया लेकिन 2017 तक प्रक्रिया जटिल कागजी प्रणाली में उलझकर रह गई। कभी एस्टिमेट बनते तो कभी फाइल, एक टेबल से दूसरे टेबल तक जाने का यह क्रम चलता रहा। इस क्रम को बदलने का कार्य किया योगी आदित्यनाथ ने। योगी सरकार ने दशरथ महल के जीर्णोद्धार व सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को अमली जामा पहनाते हुए करीब तीन करोड़ रुपये के जरिए सत्संग भवन, प्रवेश द्वार, रैन बसेरा व यात्री सहायता केंद्र के निर्माण-पुनरोद्धार व सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को मूर्त रूप देना प्रारंभ किया। समाजवादी पार्टी की सरकार में 2.4 करोड़ का प्रावधान था लेकिन इसकी फाइल घूमती रही और दिनोदिन लागत बढ़ती गई। योगी सरकार ने करीब तीन करोड़ रुपये खर्च कर इसे सुसज्जित कर दिया। दशरथ महल में रैनबसेरा, यात्री सहायता केंद्र, प्रवेश द्वार व सत्संग भवन का कार्य कराने के लिए धन अवमुक्त किया गया था। रैन बसेरा, यात्री सहायता केंद्र का कार्य 2023 में पूर्ण हो चुका है। प्रवेश द्वार भी लगभग पूर्णता की ओर है। पहले यहां सत्संग भवन में केवल संरचना का कार्य पूर्ण हुआ था पर अब यह सत्संग भवन भी 22 जनवरी के पहले बनकर तैयार हो जाएगा। 650 वर्ग मीटर में बने सत्संग भवन में मिट्टी, लेवलिंग, टाइल्स, फ्लोरिंग, विंडो, दरवाजे लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। उप्र निर्माण निगम की देखरेख में सत्संग भवन में मंच भी तैयार हो चुका है। एई बीवी निरंजन के मुताबिक सत्संग भवन में लगभग 300 से 350 सत्संगी एक साथ कीर्तन-भजन की गंगा में डुबकी लगा सकेंगे। एक दिसम्बर से शुरू हुआ निर्माण कार्य 22 जनवरी के पहले हर हाल में पूर्ण हो जाएगा।

# युवती से गाली–गलौज व छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मलिहाबाद/लखनऊ। एक गरीब परिवार की दलित युवती से गालीगलौज कर छेड़छाड़ करने वाले आशिक मिजाज दुकानदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। मंगलवार को देर शाम दलित युवती से मलिहाबाद कस्बे के सराफा बाजार स्थित किरन वस्त्र भंडार के दुकानदार अंकुर गुप्ता ने युवती को दुकान के अंदर बुलाया।जैसे ही युवती दुकान के अंदर गयी तो अंकुर गुप्ता ने गलत नियत से देखने लगा और गन्दी गन्दी बाते करने लगा।जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो अंकुर ने आक्रोशित होकर जातिसूचक गन्दी गन्दी गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। घटना से आहत होकर पीड़ित परिवार ने थाने पहुँचकर तहरीर दी। जिसपर मलिहाबाद पुलिस ने संगीन धाराओं में मुक़द्दमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने दूसरे दिन बुधवार को आरोपी अंकुर गुप्ता को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

# पुलिस ने ग़ैर जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

## पुलिस ने चोरों के कब्जे से मोबाइल, मोटरसाइकिल व बैट्रियां की बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस ने गैर जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके क़ब्ज़े से दो मोबाइल, एक मोटरसाइकिल व दो चोरी की बैटरियां बरामद की है। पुलिस ने दोनो शातिर चोरों को जेल भेज दिया है। मलिहाबाद पुलिस ने गौशाला रोड से एक संदिग्ध मोटरसाइकिल यूपी 32 जेसी 4413 से दो संदिग्ध लोगो को रोक कर मोटरसाइकिल के कागज मांगे जब कागज नहीं दिखाए तो पुलिस ने इन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने इनके पास से दो मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल, 2 बैटरियां व 830 रुपयों की नगदी बरामद की। पुलिस की पूछताछ में चोरों ने अपना नाम उन्नाव जनपद के थाना मौरावाँ हालपता कस्बा मलिहाबाद के मुंशीगंज निवासी विकास शुक्ला व उसी जनपद के थाना आसीवन के ग्राम फुलैदा निवासी आरिफ अली बताया और दोनों ने बताया कि 20 दिसम्बर को तालकटोरा क्षेत्र में बाइक चोरी की थी। इसके अलावा 5 जनवरी को ठाकुरगंज थाना क्षेत्र से जलनिगम के आफिस में खड़ी गाड़ियों से बैटरियां चोरी की थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों शातिर चोरों को न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

# स्थानांतरित चौकी इंचार्ज समेत उपनिरीक्षकों को दी विदाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली से गैर जनपद स्थानांतरित कस्बा चौकी इंचार्ज समेत दो उपनिरीक्षको के सम्मान में बुद्धवार को कोतवाली परिसर में आयोजित विदाई समारोह में प्रभारी निरीक्षक आलोक राव व अतिरिक्त निरीक्षक रामबाबू सिंह समेत सभी उपनिरीक्षको व स्टाफ ने स्थानांतरित कस्बा चौकी इंचार्ज विजय शंकर सिंह समेत उपनिरीक्षक नन्हेलाल व उपनिरीक्षक दिनेश राय को पुष्प गुच्छ भेटकर व फूल-माला पहनकर विदाई दी।प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने स्थानांतरित चौकी इंचार्ज समेत दोनो उपनिरीक्षको के कार्यकाल की सराहना की।ज्ञात हो मोहनलालगंज कोतवाली के कस्बा चौकी इंचार्ज विजय शंकर सिंह का गोरखपुर जोन व उपनिरीक्षक नन्हेलाल व उपनिरीक्षक दिनेश राय का स्थान्तरण कानपुर पुलिस कमिश्नरेट हो गया था।बुद्धवार को स्थानांतरित चौकी इंचार्ज समेत दोनो उपनिरीक्षको को कोतवाली परिसर में आयोजित समारोह में फूल माला पहनाकर सा सम्मान विदाई दी गयी।इस मौके पर एसएसआई बेचू सिंह यादव,सिसेंडी चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह यादव,उपनिरीक्षक अनुराग पांडे, संतोष कुमार सिंह,मनोज यादव समेत सभी उपनिरीक्षक व पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

# 15 किलोमीटर की यात्रा में बहुत ही कष्ट देती है गोसाईंगंज की एक किमी की यात्रा

## यात्रियों को नर्क सा प्रतीत होता है लगभग एक किलोमीटर का यह रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। यात्रियों की समस्याओं पर नजर ही नहीं पड़ती है लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लखनऊ।उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से 23 किलोमीटर दूरी पर स्थित कस्बा गोसाईगंज के बस स्टैंड की स्थिति बेहद दयनीय एवं सोचनीय बन चुकी है।बरसात होने की दशा में इस स्थान पर जल भराव हो जाता है।पानी भरा होने के कारण ब्लाक से संबंधित शिकायत करने वाले बी डी ओ या ए डी ओ तक नहीं पहुंच पाते है।ऐसी दशा मे उनकी समस्या का निदान नहीं हो पाता है।जल भराव की समस्या से इस कार्यालय के अधिकारियों से कोई लेना देना नही रहता है।वे लोग तो अपनी चार पहिया गाड़ी पर सवार होकर फुर्र हो जाते है।उन्हे इस समस्या का एहसास भी नही हो पाता है।इस प्रकार इस स्थान की समस्याओ पर किसी भी अधिकारी की नजर नहीं पड़ रही है। एक वर्ष हो गया है।बस स्टैंड के आस पास की सड़क उखड़ गई थी।इस स्थान से गुजरते हुए कई वाहन गिरे और क्षति ग्रस्त हुए।उसके बाद पी डब्लू डी विभाग की ओर से मिट्टी डलवा दी गई। इतना हो जाने के बाद विभाग अपना कार्य समाप्त हो गया मान लिया। स्थानीय लोगो का कहना है कि बस स्टैंड से लेकर मोहनलालगंज मार्ग पर लगभग एक किलो मीटर का रास्ता तय कर पाना यात्रियों के लिए नर्क जैसा प्रतीत होता है।इस रास्ते पर गोसाईगंज बाजार के प्रारंभ मे सड़क खुद गई है।वहां बड़ा सा गड्ढा बन चुका है।लोग इस स्थान के इधर उधर से निकल जाते है लेकिन भरी वाहनों के चालक लाख कोशिशों के बाद भी इससे नही बच पाते है।इसी कारण ड्राइवरों को आते हुए अथवा जाते हुए विलंब लगता जाता है।इसी समय इस स्थान पर दोनो ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं।इस स्थान से चंद कदम मोहनलालगंज की ओर बढ़ने पर रास्ते में बड़े बड़े पत्थरों को बिछा दिया गया है।इनकी वजह से छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहनो की स्पीड स्वभावतः कम हो जाती है। यात्रियों के लिए गोसाईगंज से मोहनलालगंज की यात्रा के बीच सिर्फ एक किलोमीटर का यही रास्ता दुःख दाई लगाता है। गोसाईगंज बस स्टैंड की इस समस्या के संबंध मे पी डब्लू डी विभाग के जेई मनीष से जानकारी हासिल करने हेतु उनके मोबाइल से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिलती।जे ई महोदय ने फोन उठाकर बात सुनना भी उचित नहीं समझा।

# नाले का शिलान्यास व इंटर लॉकिंग मार्ग का ब्लाक प्रमुख ने किया उद्घाटन

## करोरा गांव को मिली बीस लाख रुपए में एक नाले व एक इंटर लॉकिंग मार्ग की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। ब्लाक प्रमुख निधि से करोरा गांव में करीब दस लाख की लागत से एक नाले का शिलान्यास एवं दस लाख की लागत से 180 मीटर इंटर लॉकिंग का उद्घाटन बुधवार को मोहनलालगंज ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने किया। बुधवार को ब्लाक क्षेत्र के करोरा ग्राम पंचायत में ब्लाक निधि से 10-10 लाख की लागत से एक नाले का शिलान्यास व एक इंटर लॉकिंग मार्ग का उद्घाटन किया, जो राजाराम के घर से वीरेन्द्र के घर तक लगभग 180 मीटर मार्ग है। ब्लाक प्रमुख ने नारियल फोड़कर कार्यक्रम की शुरुआत की इस अवसर पर पूर्व विधायक चन्द्रा रावत, प्रधान प्रतिनिधि नीरज त्रिवेदी, प्रधान सुधीर विश्वकर्मा, दीपक तिवारी, रामलाल वर्मा , विनोद साहू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### खेत गई विवाहिता के साथ छेड़छाड़ मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर एक गांव की रहने वाली विवाहिता के साथ छेड़छाड़ कर जान माल की धमकी देने वाले लगभग एक दर्जन लोगों के विरुद्ध आरोप लगाते हुए पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया है वही शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मोहनलालगंज के एक गांव के रहने वाली विवाहिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते 17 दिसंबर की शाम मैं अपने खेत पर गई हुई थी तभी विपक्षी मोहम्मद सिराज व शेरा निवासी मछली मोहाल लखनऊ एवं कृपा शंकर, निरंजन, आशीष समेत करीब 10 लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मुझे भद्दी भद्दी गालियां देने लगे और बुरी नीयत से मेरे कपड़े फाड़ दिए वही जब प्राथिनी ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों को आता देख विपक्षी जमीनी मुकदमे को वापस लेने की धमकी देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामजद लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में संपन्न हुई गोसाईंगंज क्षेत्र पंचायत की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिंपल की अध्यक्षता में गोसाईगंज क्षेत्र पंचायत की बहु प्रतीक्षित महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। क्षेत्र के अधिकांश ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने इस बैठक में प्रतिभाग किया। पूर्व निर्धारित समय के मुताबिक बुधवार को गोसाईगंज ब्लॉक के सभागार में प्रमुख विनय वर्मा डिंपल की अध्यक्षता में बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में बीडीओ निशांत राय के साथ एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला, एडीओ समाज कल्याण रिद्धिम द्विवेदी, अकाउंटेंट अमित यादव, अवर अभियंता आरईडी रविंदर यादव, अवर अभियंता लघु सिंचाई उदय शंकर प्रजापति, बीएमसी कीर्ति शुक्ला, कार्यवाहक थाना प्रभारी महेंद्र शुक्ला सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में सभी को विस्तार से बताया। ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिंपल ने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ ही तमाम प्रकार की उपयोगी जानकारियां प्रदान की। साथ ही यह भी कहा कि अगर कभी वे भविष्य में पद पर ना भी रहे तब भी जनता की सेवा में इसी प्रकार समर्पित रहेंगे क्योंकि समाजसेवा उनकी रगों में खून बनकर बह रही है। इस बैठक में ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार रावत, सुरेश वर्मा, विनोद वर्मा, जीतू सिंह, सुशील वर्मा, आशीष यादव, हीरा सिंह, दिग्विजय चौरसिया, विपिन यादव, अनुपम वर्मा, शाद मोहम्मद, जगरूप सिंह, उमेश यादव, दिनेश यादव, सुनील यादव, सर्वेश कुमार सहित कई प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र में कराए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर मांग पत्र व प्रस्ताव क्षेत्र पंचायत प्रमुख को प्रेषित किया। जिस पर गंभीरता पूर्वक विचार कर शीघ्र ही कार्यवाही का भरोसा प्रमुख द्वारा हो।

# फरीदपुर मैं ओबीसी मोर्चा पश्चिम मंडल की बैठक में हुई महत्वपूर्ण चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ ।आगामी लोक सभा के चुनाव मे जहाँ हर वर्ग अपने अपने अस्तित० की लड़ाई लड़ने के लिए खुद को स्थापित करने मे जुटा है वही ओ बी सी समाज भी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है और इस बार वो आर पार के मूड मे भी है इसी की एक झाला ओबीसी मोर्चा पश्चिम मंडल 2 के उपाध्यक्ष विनीत लोधी पुत्र प्राप्ति के उपलक्ष मे आयोजित कार्यक्रम में दिखाई भी दी जहाँ लखनऊ महानगर ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष गणेश वर्मा मोर्चे के उपाध्यक्ष एवं पार्षद भाई विनोद यादव पार्षद अजय दीक्षित पूर्व पार्षद शिवपाल सांवरिया मोर्चे के मंत्री प्रमोद राजपूत पश्चिम मंडल 2 के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सुमित गुप्ता मोर्चे के नगर कार्य समिति सदस्य संतोष शर्मा ओबीसी मोर्चा मंडल एक के अध्यक्ष भाई सरोज लोधी ओबीसी मोर्चा शिवकुमार यादव धीरज वर्मा शीतल रावत के साथ में उपस्थित रहे और सभी को ये निर्देश दिया गया की ओ बी सी समाज भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आगामी चुनाव मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और अपनी आवाज़ बुलंद करे।

# मदारपुर में संपन्न हुआ अपना दल का कार्यकर्ता सम्मेलन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव मदारपुर मे चौराहे पर अपना दल का कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया ।इस आयोजन मे पार्टी को आगे बढ़ाने की बात की गई साथ ही कार्यकर्ताओ का स्वागत माला पहनाकर किया गया एवम बधाई भी दी गई।इस आयोजन में विधान सभा अध्यक्ष को आगामी 2024 का लोक सभा चुनाव नजदीक देखते हुए बूथ कमेटी को गठन करने को कहा गयाद्यकार्यक्रम जिला अध्यक्ष हरिओम पटेल की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ।इस मौके पर पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव लक्ष्मी कांत रावत , जिला अध्यक्ष अनुसूचित मंच लखनऊ प्रशांत रावत ,जिला अध्यक्ष हरिओम पटेल अध्यक्षता में एवम मुख्य अतिथि रामकुमार पटेल , एवम विशिष्ठ अतिथि शिव प्रसाद वर्मा कोरी , प्रदेश महासचिव अनुसूचित मंच ,राकेश पटेल ,प्रदेश सचिव युवा मंच अमित सोनकर, जितेंद्र पटेल सहित कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थिति रहे ।

# उत्तरायणी कौथिग एलईडी प्रचार रथ को महापौर ने झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पर्वतीय महापरिषद द्वारा 14 से 23 जनवरी तक भारत रत्न पं0 गोविन्द बल्लभ पन्त पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में आयोजित उत्तरायणी कौथिग के एलईडी प्रचार रथ को लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने झण्डी दिखाकर शहर में प्रचार हेतु रवाना किया। पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी ने बताया कि उत्तरायणी कौथिग मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले के प्रचार हेतु शहर में उत्तराखण्ड से आया छोलिया नृत्य दल अपने पारम्परिक वाद्य यंत्रों के संग शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम घूम कर मेले का प्रचार कर रहा है साथ ही साथ एलईडी प्रचार वाहनों के माध्यम से तथा सोशल मीडिया, होर्डिंग आदि प्रचार माध्यमों का भी प्रयोग किया जा रहा है।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ग्लोबल बैंकिंग एवं फ़ाइनेंस अवार्ड्स से सम्मानित

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को नवाचार में उत्कृष्टता के लिए ग्लोबल बैंकिंग एवं फ़ाइनेंस अवार्ड्स 2023 से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि को स्वीकार करते हुए नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि बैंक की संवादात्मक बैंकिंग पहल ग्राहक सेवा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है. यह पुरस्कार ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की बैंक की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### चिनहट इलाके में महिला स्टाफ नर्स से मोबाइल लूट

चिनहट । थाना क्षेत्र के देवा रोड़ स्थित बाबा अस्पताल मोड़ के पास मंगलवार देर रात बाराबंकी के रामनगर स्थित सरकारी अस्पताल में तैनात महिला नर्स स्टाफ का बेखौफ बदमाशों ने मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए आपको बताते चलें की मूल रूप से कुशीनगर की रहने वाली नीलम वर्मा अपनी सहेली गरिमा यादव के साथ हॉस्टल से निकलकर सब्जी लेने के लिए निकली थी तभी बाबा मोड पहुंचते ही पीछे से आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने नीलम वर्मा का फोन लूट कर फरार हो गए। लूट कि सूचना चिनहट पुलिस को दी मगर चिनहट पुलिस जबतक पहुंचती तब तक बदमाश भाग चुके थे।चिनहट इंस्पेक्टर अश्वनी चतुर्वेदी का कहना है कि केस दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरों का पता लगाया जा रहा है।

### पत्नी के मायके जाने से नाराज पति ने फांसी लगाकर दी जान

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी गांव में बुद्दवार को झगड़े के बाद पत्नी के मायके चले जाने से नाराज पति ने फांसी लगाकर जान दे दी।परिजनो ने युवक का शव कमरे में रस्सी के सहारे कुंडे से लटकता देखा तो कोहराम मच गया।परिजनो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के सिसेंडी गांव में मजदूर नौमीलाल(21वर्ष)अपनी पत्नी अंशिका व परिवार के साथ रहता था।

नौमीलाल का छःमाह पहले ही अंशिका से विवाह हुआ था।बुद्दवार की दोपहर किसी बात को लेकर पति नौमीलाल का पत्नी अंशिका से झगड़ा हो गया,जिसके बाद नाराज होकर पत्नी अपने मायके चली गयी?.ये बात पति को नागवार गुजरी ओर गुस्से में आकर उसने अपने कमरे की छत में लगे लोहे के कुंडे में साड़ी के फंदे के सहारे फांसी लगाकर जा?न दे दी।देर शाम साढे पांच बजे के करीब खेत से घर लौटी मां शांति ने बेटे के कमरे में जाकर उसका शव साड़ी के फंदे के सहारे लोहे के छल्ले में लटकता देखा तो चीख पड़ी?।जिसके बाद कोहराम मच गया।सूचना के बाद चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह यादव ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।पति के मौत की खबर पत्नी को मिली तो आनन-फानन मायके से अपने परिजनो संग ससुराल पहुंची ओर पति के शव से लिपटकर बिलख पड़ी।मृतक के परिवार में पिता सुखदीन व मां शांति समेत दो छोटे भाई धर्मेन्द्र व वीरेन्द्र है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है,प्रथम दृष्टया जांच में पत्नी के मायके जाने से गुस्सा होकर पति द्वारा फांसी लगाकर जान देने की बात सामने आयी हैं।

### दिल्ली से आज लखनऊ पहुंचेगी श्री राम पद यात्रा

लखनऊ।अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा इंद्रप्रस्थ दिल्ली से अयोध्या तक श्रीराम पदयात्रा निकाली जा रही है द्यउक्त श्रीराम पदयात्रा का विधिवत पूजन-अर्चन एवं नारियल फोड़ कर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे एवं मीनाक्षी लेखी द्वारा 10 दिसम्बर 2023 को दिल्ली से रवाना किया गया, जिसमे पद यात्री लगभग 500 किमीध की पदयात्रा करके विभिन्न शहरों से होते हुए 11 जनवरी को लखनऊ पहुंच रहे है। दो दिवसीय लखनऊ प्रवास के प्रथम दिन गुरुवार को लखनऊ में श्रीराम पदयात्रा का भव्य स्वागत इस्कॉन मन्दिर लखनऊ की ओर से अपरिमेय श्याम प्रभु द्वारा किया जाएगा। इस्कॉन के अध्यक्ष अपरिमेय दास ने बताया कि श्रीराम पदयात्रा सुशांत गोल्फ सिटी, अंसल, लखनऊ के चंद्रा पैनोरमा अपार्टमेंट मे सायं 04:00 बजे, सेलिब्रिटी गार्डे न मे सायं 06:00 बजे, सेलिब्रिटी ग्रीन्स मे सायं 07:00 बजे तथा क्रिस्टल पैराडाइज मे सायं 08:00 बजे भ्रमण करेगी, जिसमे उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक उपस्थित रहेंगे। 12 जनवरी को श्रीराम पदयात्रा गोमती नगर मे भ्रमण करते हुए कामता चौराहा, फैज़ाबाद रोड से अयोध्या के लिए रवाना होगी।

### निगोहां पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मोहनलालगंज।निगोहां पुलिस ने गम्भीर चोट पहुंचने समेत ठगी के मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे अभियुक्त को बुद्दवार को गिरफ्तार कर न्यायालय ?में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया 2017 में दर्ज गम्भीर चोट पहुंचने समेत ठगी के मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद भी फरार चल रहे अभियुक्त रामसजीवन निवासी मदापुर थाना निगोहां को बुद्दवार को पुलिस टीम ने दाबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# भरत नगर कालोनी में राम भक्तों ने घर-घर जाकर बाटां अक्षत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । थाना मड़ियांव क्षेत्र के अन्तर्गत भरत नगर कालोनी स्थित शालीमार यार्ड में अयोध्या धाम से आए अक्षत पत्रक एवं भगवान राम मंदिर चित्र का वितरण बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें इस अक्षत वितरण के दौरान लोगो को संतोष भागवताचार्य का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। वहीं इस मौके पर कॉलोनी में रहने वाले सभी लोगों द्वारा जय श्री राम का नारा लगाते हुए अक्षत को प्राप्त किया। राम भक्तों की टोली में स्वर्णिमा वाजपेई, अमित, श्रेया दुर्गावाहिनी, भारती, संजीत तिवारी, सेवाभारती उत्तरभाग के साथ योगेंद्र त्रिपाठी, मनोज बाजपेई एवं अन्य स्वयंसेवक बंधु मौजूद रहे। वहीं वीरेंद्र पांडे व मनोज बाजपेई सहित लगभग एक दर्जन से अधिक राम भक्तों ने घर घर जाकर अयोध्या से आए अक्षत को वितरित किया।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ईवीएम प्रदर्शन केन्द्रों में जागरूकता कार्यक्रम की हुई शुरूआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदाताओं को ईवीएम तथा वीपीपैट से सम्बंधित जानकारी प्रदान करने तथा व्यापक प्रचार प्रसार के लिए दृश्य श्रृव्य उपकरणयुक्त वाहनों का प्रयोग करने के लिए समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

साथ ही यह भी कहा है कि सभी जिला मुख्यालयों व तहसील मुख्यालयों में इसके लिए ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र भी स्थापित किया जाए। इन केंद्रों में लोकसभा निर्वाचन से पहले मतदाताओं को ईवीएम के बारे में जागरूक किया जायेगा, जिससे कि मतदाताओं को मतदान के समय किसी तरह की कोई असुविधा न हो। इसी के मद्देनजर ईवीएम एवं वीवीपैट से संबंधित जागरूकता एवं प्रचार प्रसार हेतु ऑडियो विजुअल उपकरण से सुसज्जित वाहनों के संचालन के संबंध में दिशा निर्देश सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये गए हैं। बुधवार को सभी जनपद मुख्यालयों एवं तहसील मुख्यालयों में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्रों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इन ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों पर मतदाताओं को ईवीएम व वीवीपैट की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जायेगा। आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी से मोबाइल प्रदर्शन वैन के माध्यम से भी जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी, जो कि फरवरी माह के अन्त तक चलेगा। प्रत्येक ईवीएम प्रदर्शन केन्द्रों तथा मोबाइल वैन में प्रदर्शन एवं जागरूकता हेतु रखे जाने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भण्डारण एवं रख रखाव के संबंध में आयोग द्वारा निर्धारित एसओपी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

# नींद से जागा पालिका प्रशासन वितरित हुए कंबल, जलने लगे अलाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर(सीतापुर)। खबर प्रकाशन व आला कमान के उच्चाधिकारियों से बातचीत के बदौलत आखिरकार लहरपुर कस्बे का पालिका प्रशासन नींद से जाग गया। इसकी बदौलत तहसील क्षेत्र के कुछ गांवों में जहां एक तरफ कंबल आदि राहत सामग्री का वितरण किया गया वहीं दूसरी तरफ लहरपुर कस्बे में विभिन्न स्थानों पर अलाव भी जलते नजर आए। दरअसल राहत सामग्री वितरण तथा अलाव आदि की अव्यवस्था को लेकर कैनविज टाइम्स के विशेष अंक ने 05 जनवरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर को ''*कड़ाके की ठंड के बीच गायब राहत सुविधाएं*'' का मुख्य शीर्षक देकर प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद मामले में कार्यवाही हेतु कैनविज टाइम्स संवाददाता



द्वारा पालिका प्रशासन तथा राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों से भी बात की गई थी, जिसके बाद संबंधित विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर पालिका प्रशासन तथा राजस्व विभाग द्वारा अपनी- अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए तहसील क्षेत्रांतर्गत राहत सामग्री तथा अलाव आदि का प्रबंध करवाया गया। पालिका प्रशासन द्वारा शीत राहत हेतु उपलब्ध कराई गई इन सुविधाओं से जहां क्षेत्रीय जनता को कुछ राहत मिलेगी वहीं दूसरी तरफ रेड़ी-पटरी आदि के माध्यम से जीवन यापन करने वाले लोगों को भी कड़ाके की ठंड से कुछ निजात मिल सकेगी।

# सकरन क्षेत्र में बन रहे विकलांग आवासों में फर्जीवाड़ा हुआ उजागर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**फर्जी प्रमाणपत्रों के सहारे अपात्र बनवा रहे आवास**

**मुख्यमंत्री आवास योजना में धड़ल्ले से की जा रही लूट**

सकरन/सीतापुर। दिव्यांगों को मिलने वाले मुख्यमंत्री आवासों के कई फर्जीवाड़ों का हो रहा खुलासा,ग्रामपंचायत ओडाझार में दाद के रोगी का बना दिया गया कुष्ठरोगी प्रमाण पत्र,कुछ वर्षों पूर्व टूटे हुए हाथ को बता दिया गया दिव्यांग,खैर ये तो बानगियां हैं अब विचारणीय यह है कि फर्जी प्रमाणपत्र के माध्यम से भी पक्के मकान वालों को कैसे दे दिए गए आवास,जब उनके पास पूर्व से ही मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर,पंप सेट के साथ पक्के मकान हैं तो जांच कर्ताओं ने कैसे कर दिया पात्र।ओड़झार के एक व्यक्ति के नाम मोटरसाइकिल है एक के पास चार पक्की दुकानें और खुद का पक्का मकान,नसीरपुर अंदूपुर में तो कई लाभार्थियों के पास ऐसे मकान बने हैं कि अब उनके पास आए आवास को बनाने के लिए जगह ही नहीं,पटना ग्राम पंचायत में तो महलों के निवासी हो गए पात्र, सेमरा खुर्द में तो मानकों की धज्जियां ही उड़ा दी गईं।ऐसे ही न जाने पूरे क्षेत्र में न जाने कितने अपात्रों को दे दिए गए आवास,यदि सभी की हो गहनता से जांच तो न जाने कितनों से होगी रिकवरी और गलत आवास देने वाले खाएंगे जेल की हवा।अब फर्जीवाड़ा ये हुआ उजागर की मनरेगा मजदूरी की मजदूरी इन दिव्यांगों के खातों में क्यों जा रही भेजी,आखिर इन दिव्यांगों का जो न चल पा रहे न हिल तो मनरेगा कार्ड किस आधार पर गया बन और वो कैसे करने लगे मजदूरी।ऐसे ही यदि मची रही लूट तो पात्रों का कैसे होगा कल्याण,भ्रष्टाचार के एक एक कारनामे की होनी चाहिए जांच।

## लाइसेंसी शराब दुकान के पास अवैध दुकान खोलने की शिकायत, जांच जारी

कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव में देशी शराब के कारोबारी ने अफसरों से अवैध शराब की दुकान बंद कराये जाने की मांग की है। आरोप है कि अवैध दुकान का संचालन चायल सर्किल के आबकारी निरीक्षक की सहमति से चल रही है। जिससे उसका कारोबार प्रभावित हो गया है। शिकायत पर आबकारी प्रयागराज अफसरों की टीम बुधवार को जांच करने पहुंची। डीईओ ने जांच के बाद कार्यवाही किये जाने की बात कही है। चायल सर्किल में आबकारी विभाग ने समसपुर गांव के मिठाई लाल नाम के व्यक्ति को देशी शराब बिक्री का लाइसेंस दे रखा है। मिठाई लाल कई साल से देशी शराब के कारोबार से जुड़े हैं। मिठाई लाल के मुताबिक,पिछले कई दिनों ने आबकारी निरीक्षक सर्किल चायल ने समसपुर गांव के दूसरी पट्टी रेलवे लाइन के करीब एक अवैध रूप से देशी शराब की दुकान संचालित करवा रहे हैं। जिसके चलते उनका कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हो गया है।

# नगर पंचायत सिंगाही मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



**विकसित भारत संकल्प यात्रा में दी गई योजनाओं की जानकारी**

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान नगर पंचायत सिंगाही के लोगों मे जबरदस्त उत्साह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिंगाही-खीरी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सिंगाही नगर पंचायत पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया, जिसके बाद नगर पंचायत मैरिज हाल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ एलएडी वैन से पीएम नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। लघु फिल्म के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिमन्यु मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार की उज्ज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा जनता को मिल रहा है। चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पीएम स्व निधि योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन, आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं की जानकारी दी। अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्रा ने पीएम स्वनिधि के अंतर्गत प्राप्त पथ विक्रेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा अलग-अलग विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पात्रों को लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया।इस दौरान कार्यक्रम में त्रिलोकीनाथ देवड़िया, अशोक तिवारी, विकास मिश्रा, दीपशाह, राहुल गुप्ता, रामजी गुप्ता, नरेन्द्र गुप्ता, डॉ अवधेश पटेल आदि मौजूद रहे।

# सचिव, विकास तिवारी की पंचायतो में घोटाले का जिन्न, गर्दिश में सितारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जल्द में ही हुई है बहाली फिर बटोरने लगे सुर्खियां**

**डीपीआरओ ने दिए जांच के निर्देश**

सकरन /सीतापुर। वाह सचिव साहब वाह ग्राम पंचायतों में किये गए विकास कार्य तो नही बोल पाए परंतु आपकी काबिलियत चालाकी झूठ फरेब जरूर बुलंदियों पर पहुच गया अब झूठ से पर्दा जरूर हटेगा और सच सामने आएग जिसमे बहुत ज्यादा वक्त नही लगने वाला बात हो रही विकाशखण्ड सकरन के सचिव बिकास तिवारी की जिनके द्वारा पंचायतो में किया गया काम कुछ ही समय मे रोना रोने लगता है जिसका प्रमुख कारण कमीशन है ।

ज्ञात हो ग्राम पंचायत पटना में चल रहे पंचायत भवन निर्माण कार्य में घटिया सामग्री तथा स्पेशल पीली ईंट लगाकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। और बीडीओ धर्मेंद्र कुमार व जेई सुभाष वर्मा धृतराष्ट्र बने हुए हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों



ने मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर को पत्र भेजकर जांच कराए जाने की मांग की है। वैसे भी ब्लाक सकरन अपने कारनामो से जाना जाता रहा है और कई अधिकारी अपनी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। उनमें से एक नाम सचिव बिकास तिवारी का भी है जो अपनी कार्यशैली के चलते निलंबित भी हो चुके हैं । परंतु बहाली के बाद आज भी शिवाय झूठ के दूसरा कोई बोल नही बोलते। सूत्रों की माने तो सचिव बिकास तिवारी के कच्चे कामो को लेकर हर वित्त को भ्रस्टाचार की भेंट उतारा गया चाहे मनरेगा के तहत लगे डिमांड हो कच्चे कामो में मिट्टी पटाई ऐसे कामो में सिर्फ सचिव ने अपनी जेब की मजबूती जरूर बढ़ाई और काम के नाम पर शून्य बानगी के तौर पर ग्राम पंचायत रेवान ,बसहिया कोठार,सेमरा खुर्द कहीं भी सकते देख ,चाहे हैंड पंप रिबोर से लेकर स्ट्रीट लाइट, हैंड पंप मरम्मत तथा हयुम पाईप जैसे कई कार्यों में बड़ी सफलता से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है। ऐसे सभी कार्य मात्र औपचारिकता की भूमिका में रहे और मात्र वित्त को चुना लगाने जैसा बताया गया सिर्फ कट्रक्शन और मिट्टी पटाई के नाम पर वित्त को साफ कर दिया गया जबकि गावो की स्थिति जस की तस है जो कही न कही सवाल खड़े कर रही है इन सभी तथ्यों को विषय मानते हुए सचिव विकास तिवारी की पंचायतो में उच्चस्तरी जांच हो तो सब सच बाहर आ जायेगा और एक बार फिर सचिव बिकास तिवारी के सितारे गर्दिश में दिखाई देने लगेंगे क्यूंकि सचिव बिकास तिवारी अपनी झूठी आदतों से बाज नही आने वाले विकास कार्यो को मात्र औपचारिकताओं में समेट कर रख कर मात्र अपनी बनाने में जुटे हुए है।

क्या कहते हैं अधिकारी।

मामले को लेकर जब मनोज कुमार डीपीआरओ सीतापुर से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि हम बीडीओ सकरन को जांच के लिए निर्देशित कर रहे हैं।

# नौ दिन बाद भी पुलिस नहीं बरामद कर सकी नाबालिग किशोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**नौ दिन बाद भी नाबालिग लड़की बरामद नहीं होने पर पीड़ित पिता ने पुलिस पर उठाये सवाल!**

**फूलबेहड क्षेत्र में लापता हुई नाबालिग, परिजन बोले- दुकान पर सामान लेने गई थी, अब तक नहीं लौटी**

फूलबेहड-खीरी।जिले की फूलबेहड कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 01 जनवरी 2024 को गांव के ही युवक द्वारा अपहरण कर भगाई गई नाबालिग लड़की का सुराग नहीं लगने पर आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर नाराजगी जताई है पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाए हैं।

फूलबेहड कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 09 दिन बीतने के बाद भी गायब नाबालिग लड़की नही लगा सुराग, पुलिस के हाथ खाली। जानकारी के अनुसार फूलबेहड कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एक 02 जनवरी 2024 को पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी सरकारी विद्यालय में पढ़ती है 01 जनवरी 2024 शाम को घर से बाहर समान लेने के लिए गई थी, लेकिन देर रात तक भी नहीं लौटी। सभी को उसकी चिंता हुई और तलाश शुरू की गई। पड़ोसियों से भी नाबालिग के बारे में पूछताछ की। दोस्तों-रिश्तेदारों से पूछा, लेकिन कोई सुराग नही लगा अपराध दर्ज करने की गुहार लगाई थी फिलहाल 04 जनवरी 2024 को तीन आरोपित संजय पुत्र बाला,महेश पुत्र जगदीश निवासी कांशीराम पुरवा थाना फूलबेहड, ओंकार निवासी पट्टी पुरवा थाना व जनपद खीरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री को संजय पुत्र बल्ला निवासी कांशीराम पुरवा मजरा पयाग थाना फूलबेहड जनपद खीरी,महेश पुत्र जगदीश निवासी कांशीराम पुरवा मजरा पयाग थाना फूलबेहड, ओमकार पुत्र अज्ञात निवासी पट्टी पुरवा थाना व जिला खीरी बहला फुसलाकर भगा ले गया,पीड़ित पिता के द्वारा काफी तलाश किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। ? फूलबेहड पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले में धारा 363, 366 के तहत अपराध दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है, गौरतलब हो कि 09 दिन बीतने के बाद भी पुलिस को कोई भी सुराग नहीं मिला। पीड़ित पिता का आरोप है एफआईआर दर्ज करने के बाद भी पुलिस लड़की की तलाश में तेजी नहीं दिखा रही है। धीरे-धीरे करके एक सप्ताह गुजर गया है अभी तक पुलिस उसकी पुत्री को बरामद नहीं कर पाई है बराबर कोतवाली के चक्कर काट रहा हूं लेकिन अभी तक कुछ नही हुआ पुलिस ने अभी तक मुख्य आरोपी व उसके सहयोगियों को गिरफ्तार नहीं किया है।

शिकायतकर्ता ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पुलिस को निर्देशित करें कि जल्द से जल्द उसकी नाबालिग पुत्री को बरामद कराएं।

**क्या बोले जिम्मेदार.....**

इस संबंध में उप निरीक्षक राम सुख पाण्डेय से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था, पुलिस के द्वारा तलाश की जा रही है जल्द ही आरोपियों तक पहुंचकर सकुशल नाबालिग को खोज लिया जाएगा।

(उप निरीक्षक राम सुख पाण्डेय)

# मामूली विवाद में बांके से काट डाली युवक की गर्दन दिनदहाड़े हत्या से फैली सनसनी, हत्यारा फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जनपद खीरी के मितौली थाना क्षेत्र के शहीदपुर गांव में रास्ते व खेत में पानी भर जाने के विवाद में बुधवार को दिन-दहाड़े युवक की दर्दनाक हत्या कर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मामले की जांच में जुट गई है। दिन-दहाड़े हुए हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी मुताबिक गांव शहीदपुर निवासी पंकज वर्मा पुत्र रामदीन (35) बुधवार सुबह 11 बजे अपने खेत पर पंपसेट लगाकर वापस आ रहा था। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले राम प्रसाद से पंकज की कहासुनी होने लगी। बताते हैं कि एक दिन पहले पंकज ने अपने गन्ने के खेत की सिंचाई की थी। इस दौरान पानी रास्ते व राम प्रसाद के खेत में भर गया था। रास्ते में पानी भर जाने से लोग रामप्रसाद के गेहूं के खेत में होकर निकलने लगे थे, जिससे वह नाखुश था।



बुधवार सुबह राम प्रसाद अपने खेत में कंटे लगा रहा था। इसी दौरान पंकज वहां से निकला। रामप्रसाद उस बात का विरोध जताते हुए गाली गलौज करने लगा। बांके से उसकी गर्दन पर कई प्रहार कर दिए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजू राव एवं उप निरीक्षक आशुतोष पांडे ने मौके पर पहुंचकर मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद शाहा ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए तत्काल प्रभाव से अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश जारी किए गए।

# वाराणसी परिक्षेत्र में 10 हजार लोगों ने खुलवाए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाते

एजेंसी

**डाकिया बना चलता-फिरता बैंक, घर बैठे सीधे खाते में मिलेगी डीबीटी की राशि: पोस्टमास्टर जनरल**

वाराणसी। डाक विभाग की पहल पर डीबीटी भुगतान की सुविधा सीधे खाते में उपलब्ध कराने के लिए वाराणसी परिक्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर 10 हजार से ज्यादा खाते खोले गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देते हुए मात्र आधार व मोबाईल नम्बर द्वारा ये पेपरलेस खाते खोले गए। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल(पीएमजी) कृष्ण कुमार यादव ने बुधवार को ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र में अब तक 8 लाख से ज्यादा लोग इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाता खुलवा चुके हैं और घर बैठे इसकी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैंक के माध्यम से हर किसी के लिए रसोई से लेकर खेत-खलिहानों तक, स्कूलों से लेकर ऑफिस और दुकानों तक सहजता से डिजिटल और पेपरलेस बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पीएमजी ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत भेजी गई डीबीटी रकम भी घर बैठे लोग अब डाकिया के माध्यम से निकाल पा रहे हैं। जहाँ कोई नहीं पहुँचता, वहां डाकिया पहुँच रहा है। अब डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक चलते-फिरते बैंक बन गए हैं। असहाय लोग जो कि शारीरिक रूप से अक्षम हैं, वृद्ध या फिर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जहां पर एटीएम की सुविधा उपलब्ध नहीं है वहां पर भी डाक विभाग का डाकिया जाकर बैंक खातों से पैसे निकाल कर लोगों को उपलब्ध करा रहा है। डाकियों के पास उपलब्ध माइक्रो एटीएम से प्रतिदिन एक व्यक्ति द्वारा आधार लिंक्ड अपने बैंक खाते से दस हजार रूपए तक की रकम निकाली जा सकती है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान लोगों को डाकघरों में या सुदूर क्षेत्रों में ऑनस्पॉट उनके दरवाजे पर ही इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के खाते खोलने की सुविधा प्रदान की जा रही है। मात्र रूपये 200 से इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का प्रीमियम खाता भी खोला जा सकता है। खाता खुलते ही आधार से लिंक एवं एनपीसीआई लिंक हो जाता है। इस खाते को तुरंत ऑनलाइन किया जा सकता है, जिससे सभी प्रकार की सब्सिडी जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, उज्जवला सब्सिडी, विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप, विधवा पेंशन योजना, परिषदीय विद्यालय में विद्यार्थियों हेतु पोषक/स्कूल बैग हेतु लाभ जैसी भारत सरकार और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं की डीबीटी तुरंत आईपीपीबी खाते में प्राप्त होना शुरू हो जाएगी। इस खाते के माध्यम से मोबाइल व डीटीएच रिचार्ज, बिजली व पानी बिल भुगतान जैसी तमाम सुविधाएँ मिल रही हैं।

# कार्यभार ग्रहण करते ही एक्शन में दिखे नवागत थानाध्यक्ष खमरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकता : निराला तिवारी**

**नवागत थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने संभाली खमरिया थाने की कमान**

**जुर्म व जरायम का खात्मा कर कानून व्यवस्था बनाने पुलिस का उद्देश्य**

लखीमपुर-खीरी।बीते दिन पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए जिले के कई थाने के निरीक्षक व थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में बड़ा फ़ेर-बदल किया था इसी क्रम में खमरिया प्रभारी निरीक्षक रहे अजय राय का गैर जनपद तबादला होने के बाद भीरा थानाध्यक्ष रहे निराला तिवारी को एसपी खीरी ने खमरिया थाने की कमान सौंपी है।

नवागत थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने खमरिया थाने का पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस स्टाफ के साथ कार्यालय सभागार में बैठककर परिचय परिचय प्राप्त कर क्षेत्र की सामान्य भौगौलिक जानकारी लेते हुए आपराधिक स्थिति व अन्य विषयों पर चर्चा की के उपरांत सभी पुलिसकर्मियों को टीम भावना से काम करने की नसीहत, उन्होंने कहा कि किसी भी घटना की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई करें। आम लोगों की शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें, थानाध्यक्ष के रूप में वह जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहेंगे और जनता की समस्याओं का समाधान कराए जाने की प्रथम प्राथमिकता होगी।अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम अभियान चलाया जायेगा और किसी भी हाल में किसी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पीड़ित के



साथ में हर हाल में न्याय किया जाएगा। नवागत थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति निःसंकोच थाने में आकर अपनी बात कह सकता है और उसकी समस्या पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए उसके साथ न्याय करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

नवागत थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने खमरिया पहुंचकर थाने का विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है नवागत थानाध्यक्ष खमरिया ने बताया कि पीड़ितों को न्याय दिलाना व क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना उनकी प्राथमिकता में रहेगा तथा पुलिसकर्मियों की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि मंगलवार को थाने का कार्यभार संभालते हुए समस्त थाना स्टाफ के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए तथा थाना क्षेत्र में अपराधियों पर नजर रखने और पीड़ितों को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर समस्त थाना स्टाफ को भी सचेत किया है। नवागत थानाध्यक्ष ने बताया कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखते हुए पुलिस की अपराधियों पर सख्त नजर होगी जिससे क्षेत्र में अमन शान्ति कायम रहे।

# 380 कामगार जाएंगे इजराइल, किया आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। युद्धग्रस्त देश इजराइल जाने के लिए बड़ी तादाद में सुल्तानपुर के कामगार आगे आए हैं। भवन निर्माण की विभिन्न श्रेणियों के सैकड़ों श्रमिकों ने श्रम विभाग में आवेदन कर इजराइल के पुनर्निर्माण में हाथ बंटाने की इच्छा जताई है। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद इन आवेदकों का प्रैक्टिकल व मेडिकल टेस्ट लिया जाएगा। जिसमें पास होने वालों को भारत सरकार एजेंसी के माध्यम से इजराइल भेजेगी।

उत्तर प्रदेश राज्य से लगभग 10 हजार निर्माण श्रमिक इजराइल भेजे जाने को लेकर सरकार ने वैकेंसी निकाली है। 21 वर्ष से 45 वर्ष तक की आयु व 2 से 3 साल तक के अनुभव वाले निर्माण श्रमिक इसमें भेजे जाने हैं। 2 हजार सिरेमिक टाइल, 2 हजार प्लास्टरिंग, 3 हजार फ्रेम वर्क/शटरिंग कारपेंटर एवं 3 हजार आयरन बेन्डिंग पदों पर आवेदन के लिए अंतिम तारीख 31 दिसम्बर 2023 थी। लेकिन सरकार ने आवेदन करने की तिथि को 10 जनवरी 2024 तक बढ़ा दिया है। श्रमिकों को बेसिक अंग्रेजी की जानकारी, बोलना व समझना व निर्माण की ड्राइंग पढ़ना आना चाहिए। इसके अलावा पात्र अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किए जाने पर संपूर्ण सूचना एनएसडीसी के माध्यम से पीआईबीए को उपलब्ध कराई जाएगी। पीआईबीए द्वारा अभ्यर्थी की समस्त सूचनाओं जैसे नाम, पता उम्र एवं संबंधित दस्तावेजों तथा पासपोर्ट की पुष्टि की जाएगी। सूचनाओं की पुष्टि के पश्चात अभ्यर्थी का प्रैक्टिकल टेस्ट, मेडिकल टेस्ट लिया जाएगा श्रम एवं सेवायोजन विभाग तथा एनएसडीसी के सहयोग से व्यावसायिक शिक्षा एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग के संबंध में से टेस्टिंग सेंटर का निर्माण होगा। जहां प्रतिदिन 500 व्यक्तियों के प्रशिक्षण का कार्य किया जाएगा। चयनित होने पर अभ्रिट्टी को फ्री डिपार्चर ट्रेनिंग भी दी जाएगी। वहां पर इन कामगारों को आवास की सुविधा के साथ ही एक लाख रूपये से अधिक सैलरी हर महीने दी जाएगी। सहायक श्रम आयुक्त मधुबन राम के मुताबिक इजराइल सरकार ने भारत सरकार से अनुभवी एवं कुशल निर्माण श्रमिकों की मांग की है। जिसके तहत इच्छुक लोगों से आवेदन मांगे गए थे। अब तक उम्मीद से ज्यादा आवेदन आए हैं। नौ जनवरी तक भवन निर्माण की विभिन्न श्रेणियों में कुल 380 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जनवरी है। लिहाजा अभी और आवेदन आने की संभावना है। अभ्यर्थियों का नाम, पता, उम्र, शैक्षिक योग्यता, पासपोर्ट आदि का ब्यौरा दर्ज कर भारत सरकार को भेजा जाएगा। श्रम एवं सेवायोजन विभाग और नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन इंटरनेशनल (एनएसडीसी) की ओर से 15 जनवरी को लखनऊ में अभ्यर्थियों का परीक्षण किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को प्री डिपार्चर ट्रेनिंग देने के बाद इजराइल भेजा जाएगा। भवन निर्माण की चार श्रेणियों के कामगारों से आवेदन मांगे गए हैं। इनमें सिरेमिक टाइल, प्लास्टरिंग, शटरिंग कारपेंटर (फ्रेमवर्क) व आयरन बेलिंडग शामिल हैं। पयागीपुर स्थित सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय में अभी तक शटरिंग कारपेंटर श्रेणी में सबसे अधिक 173 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। जबकि सिरेमिक टाइल श्रेणी में 37, प्लास्टरिंग में 104 व आयरन बेलिंडग श्रेणी में 66 आवेदन किए गए हैं। चयनित श्रमिकों को भारत सरकार के अधीन एजेंसी एनएसडीसी व इजराइल सरकार की एजेंसी पीआईबीए की ओर से इजराइल में निवास व रोजगार का प्रबंध किया जाएगा। न्यूनतम एक साल और अधिकतम पांच साल के अनुबंध की बाध्यता होगी। सामाजिक सुरक्षा व प्रवासी भारतीय बीमा योजना 2017 के तहत चिकित्सा एवं जीवन बीमा की सुविधा के साथ श्रमिकों को 137260 रूपये हर महीने पगार मिलेगी।

# ईवीएम को लेकर भारत मुक्ति मोर्चा ने खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। भारत मुक्ति मोर्चा पार्टी ने इवीएम को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इस क्रम में नगर के तिकोनिया पार्क में पार्टी ने प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार गौतम ने बताया कि हम अपने साथियों के साथ यहां आंदोलन करने आए हैं। आज जो देश की सबसे बड़ी समस्या है इवीएम मशीन। इवीएम मशीन से हम लोगो के हक को मारा जा रहा है। जो उचित निर्णय होना चाहिए उसको इवीएम से चुरा लिया जा रहा है। जैसे भैंस को जोंक लग जाती है और वह उसका खून पीती है ठीक उसी तरह इवीएम जोंक की तरह देश को लग गया है। उन्होंने कहा बहुत बड़ा समुदाय जो की 85 प्रतिशत है उसका खून पिया जा रहा। जैसे जोंक खून पीती है वैसे ही इवीएम से हकमारी करके हमारे लोगो को बेरोजगार और निरीह बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा इसी बात को हम लोगो द्वारा लोगो को बताया जा रहा है और बताने के साथ-साथ लोगोल को हम रोड पर भी उतरेंगे।उन्होंने कहा ईवीएम के खेल में चुनाव आयोग भी शामिल है। चुनाव आयोग को धूल चाटाने के लिए हमारा संगठन 31 तारीख को भारी संख्या में दिल्ली के केंद्रीय चुनाव आयोग जाएगा और उनको हम अपनी बात बताने का कार्य करेंगे। गौतम ने कहा कि ल्लसर सजदे में दिल दगाबाजी मेंल्ल पार्टियों का मिजाज ऐसा ही है। पार्टिया कहीं न कहीं डरी है दबी है जो जिन पार्टियों का नेतृत्व कर रहा है वह डरा भी है और दबा भी है। हमारा संगठन न कहीं डरा है और न कहीं दबा है। हमारा सर भी सजदे में है और मन भी। हम अपनी बात को लोगो तक पहुंचाएंगे और इवीएम को हटा कर दम लेंगे। हमारे संगठन के कार्यकर्ता महीनों से गांव-गांव, शहर-शहर जाकर लोगो को इवीएम के बारे में बता रहे हैं कि कैसे इवीएम से हमारे हक को मारा जा रहा है।

## पूर्व विधायक सहित 33 की गिरफ्तारी के आदेश

**सुल्तानपुर।** एमपीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश योगेश यादव ने मंगलवार को पूर्व विधायक अनूप संडा सहित 33 आरोपियों को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश दिया है। कोर्ट की इस कार्रवाई से राजनैतिक गलियारे में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि ये कार्रवाई गवाह से जिरह न करने पर की गई है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडे ने बताया कि 2 सितंबर 2008 को सपा नेताओं ने जन समस्याओ को लेकर शहर में ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव के के नेतृत्व में प्रदर्शन किया था। तत्कालीन शाहगंज चौकी इंचार्ज कृष्ण मुरारी शर्मा की तहरीर पर 36 सपाइयों के विरुद्ध मुकदमा लिखा दिया था। आरोप लगाया था कि मार्ग जाम कर हंगामा करते हुए सपाईयों ने रोडवेज बस में तोड़फोड़ और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की थी। विवेचक ने सबके विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया था। जिसमें आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह व पूर्व विधायक अनूप संडा भी शामिल हैं। बीते दिनों गवाह सेवानिवृत दरोगा हरेंद्र सिंह का बयान हुआ तो सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव व एहसान के वकील ने जिरह की थी। सांसद संजय सिंह दिल्ली जेल में हैं। लेकिन मंगलवार को दरोगा आए तो बाकी आरोपियों के वकील जिरह करने नहीं पहुंचे। इस पर जज ने 11 तारीख नियत करते हुए सबके विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट निर्गत करने का आदेश दिया है।

## रोजगार सहायक ने अपने पूरे परिवार का जॉब कार्ड बनवाया

बल्दीराय/सुल्तानपुर। गरीबों और बेरोजगारों को घर में ही काम दिलाने वाली मनरेगा योजना में घोटाला सामने आया है। रोजगार सहायक ने अपने पूरे परिवार को कागजी मजदूर बना डाला और काम दिखाकर धन हड़प लिया। इतना ही नहीं रोजगार सहायक ने अपनी पत्नी को भी इस कारनामे में शामिल किया। बता दें कि बल्दीराय ब्लाक के अधिकारियों के संज्ञान में मामला होने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रधानमंत्री आवास की मजदूरी का पैसा फर्जी तरीके से अपने परिजनों के खाते में निकाला गया है। इन सब कामों में रोजगार सेवक के साथ पंचायत सचिव भी अहम किरदार में होता है। इसलिए इस फर्जीवाड़े में पंचायत सचिव भी संदिग्ध भूमिका नजर आ रही है। अलियाबाद और गौराबरामऊ ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान और मजदूरों ने खंड विकास अधिकारी बल्दीराय सत्य नारायण सिंह से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि हमारे ग्राम पंचायत का ग्राम रोजगार सेवक विजय यादव के द्वारा प्रधानमंत्री आवास की मजदूरी का पैसा फर्जी तरीके से अपने पत्नी मीरा यादव, नाबालिग पुत्र अमन यादव व परिजनों जैसे चाचा-चाची,भाई और अन्य साथियों के जॉब कार्ड खातों में डाल कर निकाल लिया गया है। जो कि प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को आज तक पैसा नहीं मिला।

## आधी-अधूरी तैयारियों के बीच होगा माघ मेला का पहला स्नान

प्रयागराज। 15 जनवरी को 'मकर संक्रांति' के पहले स्नान पर्व के साथ माघ मेला 2024 का शुभारंभ हो जायेगा मगर पहले स्नान में श्रद्धालुओं को आधी-अधूरी तैयारियों और अव्यवस्थाओं के बीच में आस्था की डुबकी लगानी होगी।

माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद ने दावा किया कि माघ मेला की तैयारी अपने नियत समय पर पूर्ण होगी। मेला क्षेत्र में सभी विभाग पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य कर रहा है। उनके कार्य लगभग पूर्ण होने के कगार पर हैं। कल्पवासियों और स्नानार्थियों के स्नान कराने की व्यवस्था समय से पहले कराई जाएगी। श्री प्रसाद का कहना है कि माघ मेला कल्पवासियों और साधु-संत का होता है। हमारा भरसक प्रयास होता है कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधाओं से रू-ब-रू नहीं होना पड़े। उन्होने बताया कि गंगा कटान के कारण कुछ संस्थाओं को इधर -उधर हटाना पड़ रहा है। मेला क्षेत्र में पहुंच रहे साधु-संत का कहना है कि मेला अधिकारी का दावा खोखला साबित हो रहा है। मेला शुरू होने में मात्र चार दिन शेष है जबकि मेले में अभी भी बसावट की पूरी तैयारी नहीं हुई है। झूंसी क्षेत्र में अभी केवल बिजली के खंभों पर बिजली के तार दौडाए गए हैं। मेला क्षेत्र में कार्य कर रही सरकारी कार्यालयों के शिविर के अलावा कहीं कहीं आधे अधूरे तंबुओं का शिविर दिखलाई पड़ रहे हैं । प्रयाग धर्म संघ अध्यक्ष राजेन्द्र पालीवाल ने बताया कि प्रयागवाल ही कल्पवासियों को बसाता है। उनका मानना है कि माघ मेला का पहला मकर संक्रांति स्नान पर्व अव्यवस्थाओं और आधी-अधूरी तैयारियों के बीच ही होगा। मेला क्षेत्र में अभी पूरा काम नहीं हो सका है। प्रशासन ने सभी काम पूरे करने की कई बार आखिरी तारीख 25 दिसंबर निर्धारित किया गया था जबकि वह तिथि भी समाप्त हो गयी। झूंसी क्षेत्र में अभी भी आधी अधूरी तैयारियों के बीच शिविर कहीं कहीं दिख रही है। श्री पालीवाल ने बताया कि साधु-संत, कल्पवासियों के लिए संगम तट पर महीने भर से अधिक समय तक जप, तप, ध्यान के लिए इस बार माघ मेला लगभग 800 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर बसाया गया है। उन्होंने बताया कि तंबुओं की आध्यात्मिक नगरी का स्वरूप रात में भले ही मनोहरी दिखलाई पड रहा है लेकिन दूर दराज से यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को 15 जनवरी का मकर संक्रांति स्नान पर्व अव्यवस्थाओं और आधी-अधूरी तैयारियों के बीच में आस्था की डुबकी लगानी होगी। मेला क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं अभी पूरी तरह से व्यवस्थित नहीं है। उन्होने बताया कि माघ मेला के दौरान प्रमुख छह स्नान पड़ते हैं। पहला 15 जनवरी मकर संक्रांति, दूसरा 25 जनवरी पौष पूर्णिमा, तीसरा 09 फरवरी को मौनी अमावस्या, चौथा 14 फरवरी वसंत पंचमी, 24 फरवरी माघी पूर्णिमा, 08 मार्च को अतिम महाशिवरात्रि स्नान के साथ माघ मेला का समापन हो जाएगा।

## काशी के डोमराज को मिला रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण

**वाराणसी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने काशी के डोमराज ओम चौधरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्यौता भेजा है। समारोह में न्यास ने डोमराज को आदर के साथ बुलाया है। डोमराज के मीरघाट स्थित आवास पर अखिल भारतीय सन्त समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानन्द सरस्वती, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों के साथ डोमराज के मीरघाट स्थित आवास पर जाएंगे और खुद निमंत्रण देंगे। गौरतलब हो कि डोमराज ओम चौधरी के दिवंगत पिता स्वर्गीय जगदीश चौधरी को भारत सरकार ने मरणोपरान्त पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया था। डोमराजा के तौर पर जगदीश चौधरी का काशी और आसपास के क्षेत्रों में काफी सम्मान रहा है। जगदीश चौधरी 26 अप्रैल 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बतौर सांसद चुनाव के लिए नामांकन के दौरान प्रस्तावक भी रह चुके हैं। प्रस्तावक बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी उनका हालचाल लिया था। वहीं, 26 अगस्त 2020 को उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक भी व्यक्त किया था।

## रामलला का न्योता ठुकराकर कांग्रेस ने हिन्दू विरोधी मानसिकता का दिया परिचय : केशव प्रसाद मौर्य

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा कि श्रीरामलला के प्राणप्रतिष्ठा का न्योता कांग्रेसी मानसिकता के अनुसार खुलेआम ठुकराकर कांग्रेस पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनाव में हिन्दू विरोधी घटिया राजनीति का एजेंडा सेट किया है। कांग्रेस पार्टी की ओर से राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण अस्वीकार करने के बाद केशव प्रसाद मौर्य की टिप्पणी आई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से 22 जनवरी को प्रस्तावित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी को आमंत्रण भेजा गया था।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 16 तक होगा पंजीकरण


कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना पीएमएमबीवाई का लाभ ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को दिलाने के लिए विशेष पंजीकरण अभियान 2 जनवरी से 16 जनवरी 2024 तक चलेगा। इस योजना की नई गाइडलाइन के तहत गर्भवती धात्री माता को पहली बार लड़का या लड़की दोनों में से कोई भी संतान होने पर दो किस्तों में ?5000 द्वितीय संतान लड़की होने पर रुपए 6000 लाभ देने के लिए ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण पर जोर दिया जा रहा है, गर्भधारण से 570 दिन के अंदर लाभ के लिए पंजीकरण किया जा सकता है, जिला कार्यक्रम समन्वयक उपासना सिंह ने बताया कि मातृ वंदना योजना के द्वारा गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभ दिलाने के लिए ब्लॉक वार लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत सभी पात्र लाभार्थियों को मातृ वंदना योजना का शत-प्रतिशत लाभ दिलाए जाने हेतु प्रायः समीक्षा भी की जा रही है। लाभार्थी नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीपीएम, बीसीपीएम, आपरेटर अपने गांव व वार्ड के एएनएम आशा से संपर्क करके आवेदन कर सकती हैं। जिला कार्यक्रम सहायक शिल्पा तिवारी ने बताया की मातृ वंदना योजना पंजीकरण के लिए आवश्यक अभिलेख जैसे एमसीबी कार्ड, बैंक पासबुक, जन्म प्रमाणपत्र के साथ पहचान के लिए आधार कार्ड का होना आवश्यक है, इसके अलावा पात्रता के लिए निम्न में से कोई एक प्रमाण पत्र जैसे लाभार्थी का मनरेगा जॉब कार्ड, लाभार्थी का ई-श्रम कार्ड ,आयुष्मान भारत कार्ड ,लाभार्थी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना,दिव्यांग प्रमाण पत्र 40ङ्ग ,अनुसूचित जाति ,जनजाति प्रमाण पत्र, महिलाएं जिनकी कुल वार्षिक 8 लाख प्रतिवर्ष से कम हो। बीपीएल राशन कार्ड धारक के लाभार्थी हो, आशा आंगनबाड़ी के पद पर कार्यरत हो, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत राशन कार्ड लाभार्थी महिलाएं।

# कांग्रेसियों ने भरी हुंकार जिलाधिकारी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

## वाराणसी में छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले को लेकर किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। उतर प्रदेश में महिलाओं के ऊपर बढ़ रहे अपराध के ग्राफ को देखते हुए आज सुलतानपुर के कांग्रेसियों ने हुंकार भरी जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से पदयात्रा करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे यहां पर कांग्रेसी नेताओ ने प्रदेश की योगी सरकार व प्रधानमंत्री के विरोध में जमकर नारेबाजी की कांग्रेसी कार्यकर्ता ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में बीती 2 नवंबर को आई आई टी बीएचयू की छात्रा के साथ हुए गन प्वाइंट पर दुष्कर्म मामले को लेकर सरकार को घेरा उन्होंने कहा की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले 3 व्यक्ति भाजपा से संबंधित थे इसकी तस्दीक खुद पीड़िता ने की उसके बाद भी तीनों दुष्कर्मियों को सरकार और प्रशासन बचाता रहा जब कंग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा की छात्रा के दुष्कर्म करने वालो को सजा दी जाए सभी दुष्कर्मी भाजपाई है तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया और तीनो दुष्कर्मियों को मध्य प्रदेश चुनाव में प्रचार के लिए भेज दिया गया जब कंग्रेस पार्टी और छात्र छात्राओं ने इसका विरोध किया तो उनकी गिरफ्तारी हो सकी लेकिन पुलिस आज तक उस असलहे का पता नही लगा पाई जिसे दिखाकर छात्रा के साथ दुष्कर्म हुआ था कंग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा की उतर प्रदेश में महिला की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए साथ ही बनारस की बेटियों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाले प्रधानमंत्री को देश की बेटियों से माफी मांगनी चाहिए साथ ही कंग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के ऊपर दर्ज हुए मुकदमे को वापस लिया जाए आज के इस प्रदर्शन में कंग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, रणजीत सिंह सलूजा, शकील अंसारी, तेज बहादुर पाठक, सुब्रत सिंह सहित तमाम कंग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिवंगत भाजपा विधायक के घर पहुंचे योगी, दी श्रद्धांजलि

एजेंसी



शाहजहांपुर। दिवंगत भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि देने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके पैतृक गांव ढकिया परवेजपुर पहुंचे। उन्होंने मानवेंद्र सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान दिवंगत भाजपा विधायक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। लीवर की बीमारी से ग्रस्त ददरौल से भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह का पांच जनवरी को दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया था। विधायक के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार दोपहर ढकिया परवेजपुर गांव पहुंचे।

मुख्यमंत्री योगी ने मानवेंद्र सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावपूर्ण नमन किया। इसके बाद दिवंगत विधायक के बड़े बेटे अरविंद सिंह से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक मानवेंद्र सिंह हमारे परिवार के सदस्य थे। उनके निधन से भाजपा परिवार को अपूर्णनीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री को अपने बीच देख परिजन भी अपने आंसू नहीं रोक पाए। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें ढांढस बंधाया। करीब 30 मिनट यहां रुकने के बाद मुख्यमंत्री योगी बरेली के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए गांव में अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था रही। जिले के सभी जनप्रतिनिधि और भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अद्भुत एवं अलौकिक होगा राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह : तरुण चुग

एजेंसी

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने पार्टी नेताओं के साथ बुधवार को अयोध्या के लता चौक स्थित एक टी स्टॉल के सामने बैठकर चाय पी। इसके बाद उन्होंने लता चौक पर लगी वीणा के नीचे खड़े होकर ग्रुप फोटो खिंचाई। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग भी मौजूद रहे।

चुग ने पत्रकारों से कहा कि राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह अद्भुत एवं अलौकिक होगा। 500 वर्षों के बाद रामलला अपने भवन में विराजेंगे। इससे संपूर्ण देश की जनता अह्लादित है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद देश के कोने-कोने से करोड़ों रामभक्त अयोध्या में रामलला का दर्शन के लिए आएंगे। इससे पहले बीएल संतोष रामकोट स्थित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्यालय में ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित

**बीएल संतोष के साथ भाजपा नेताओं ने अयोध्या के लता चौक पर पी चाय, खिंचाई फोटो**

बैठक में शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय, विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री विनायक राव देशपांडे, ट्रस्ट का काम देख रहे विश्व हिंदू परिषद के गोपाल, ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा व विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त मंत्री कोटेश्वर मौजूद रहे। भाजपा की तरफ से बैठक में बीएल संतोष के अलावा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, तरुण चुग, विनोद तावड़े, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल, राज्य के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। लता चौक पर बीएल संतोष और चुग के साथ भाजपा के जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, अयोध्या के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, अयोध्या के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिया घर-घर जाकर प्रभु राम के दर्शन का निमंत्रण

एजेंसी

मथुरा। अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य एवं नूतन श्रीराम मंदिर में प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व संपूर्ण सनातन समाज में रामजी के दर्शन का निमंत्रण देने हेतु कान्हा की जन्मस्थली से भक्त घर-घर सनातनियों को निमंत्रण देने में जुटे हुए हैं।

बुधवार जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने अपने निवास पर अपनी धर्मपत्नी श्रीमती संजू चौधरी को अक्षत वितरण कर अभियान का शुभारंभ किया। गलन भरी शीत लहर में उनके साथ रामभक्त की टोलियां भी मौजूद रहीं। इस बीच उन्होंने एक दो तीन चार राम लला की जय जयकार के नारे लगाए।

उल्लेखनीय है कि श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के बैनर तले घर-घर अक्षत वितरण कर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रभु के दर्शन का निमंत्रण दिया जा रहा है। बुधवार की सुबह जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी श्रीरामलला

**रामभक्तों और बहिनों को अयोध्या से आए अक्षत एवं प्रभु श्रीराम की छवि की भेंट**

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के जिला प्रचारक की टीम के साथ आनंदधाम में राम भक्त एवं माता बहनों के घर-घर पहुंचकर पूजित अक्षत एवं प्रभु श्रीराम की छवि भेंट कर सनातन समाज से 22 जनवरी के पश्चात अयोध्या प्रभु श्रीराम के दर्शन करने एवं प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को दीपावली मनाने का आग्रह किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि घर- घर जाकर अयोध्या जी से आए पीले पूजित अक्षत, प्रभु श्रीराम मंदिर का चित्र और पत्रक देकर 22 जनवरी के बाद अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चौधरी प्रताप सिंह (पप्पू प्रधान), भूगोल भाटिया, रामकटोर पांडेय, संजीव गुलाटी के अलावा दर्जनों रामभक्त मंडली साथ रही।

# उप्र में मिट्टी के दीयों की बढ़ी मांग रात-दिन बनाने में जुटे कुम्हार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उल्लास और उमंग है। इस दिन को दीपोत्सव की तरह मनाने की भी तैयारी है। जिसका असर बाज़ारों में भी देखने को मिल रहा है। दीपोत्सव के लिए मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ गई है। इसे तैयार करने के लिए बड़े पैमाने पर कुम्हार रात-दिन काम में जुटे हुए हैं। रायबरेली में शहर के अलावा गावों में इस काम में जुटे कुम्हारों के पास बड़ी संख्या में दीयों की मांग आ रही है, जिसकी पूर्ति के लिए तेज़ी से काम किया जा रहा है। रायबरेली के तेलियाकोट निवासी कुम्हार छोटेलाल का कहना है कि 'ठंड तो बहुत है,लेकिन शीतलहर से ज्यादा राम की लहर है। दिवाली की तरह तैयारी चल रही है। एक लाख से ज्यादा का दीयों का आर्डर है। इसको पूरा करने के लिए दिन रात-दिन मेहनत करनी पड़ी रही है।' इस काम में जुटे रामू प्रजापति ने बताया कि राम मंदिर आंदोलन में हम जेल में बंद रहे। हमारे जीते-जीते राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, हम धन्य हो गए। इसके अलावा ऊंचाहार के भड़डू प्रजापति, जगन्नाथ, सुरेश, कृष्ण कुमार का कहना है कि आसपास के गावों से दीयों की मांग आ रही है,ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर दिवाली मनाई जा रही है। सभी इस काम में लगे हैं। दीयों की मांग लगातार बढ़ रही है और घर-घर दीपोत्सव मनाने की योजना है। लोगों को इस दिन का बेसब्री से इंतज़ार है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अमरजीत ने बताया संघ एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता गांव स्तर पर 16 जनवरी से मंदिरों की साफ-सफाई एवं गांवों में संकीर्तन की योजना बनाकर 22 जनवरी को दीपावली मनाने की तैयारी पूरी करेंगे। जिला कार्यवाह ने बताया कि सभी पुराने मंदिरों की साफ-सफाई कर वहां पर दीप प्रज्ज्वलित करने की जिम्मेदारियां पूर्ण कर ली गयी है।

# प्रदेश स्तरीय जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई

## बैडमिंटन प्रतियोगिता का आज होगा समापन मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच खेले गए।आजमगढ़ की शगुन बर्मा शोरुम सिंह की जोड़ी ने झांसी की अंशिका और मीनाक्षी को 30 - 8 से पराजित किया। अलीगढ़ की मेघा रिद्धिमा की जोड़ी ने अयोध्या की कीर्ति सिंह तनु पाल की की जोड़ी को 30-9 से पराजित किया अयोध्या की आराध्या त्रिपाठी शिवांगी सिंह की जोड़ी ने मुरादाबाद की भाप गया बब्बर वंदना की जोड़ी को 30-16 से आजमगढ़ की नीति यादव तनुजा राठोर की जोड़ी ने झांसी की अनशन उसी और हंसिका थी जोड़ी को 30 - 28 से पराजित किया प्रयागराज हॉस्टल के आदित्य प्रताप सिंह ने मुरादाबाद के निर्माण यादव को 30 - 20 से पराजित किया। कानपुर के शिवांशु राजन प्रयागराज के शाश्वत अग्रवाल को 30 - 17 के राज्य पराजित किया आगरा के अंकुर प्रताप सिंह ने बरेली के वर्धन राज कोई 30-26 से पराजित किया प्रयागराज हॉस्टल के प्रथ्वी संस्कृत्यान ने अयोध्या के पारथ सेठी को 30 - 17 से पराजित किया।मुरादाबाद की भावया बब्बर ने कानपुर की दिलीशा गुप्ता को 30 - 7 से पराजित किया अयोध्या की आराध्य त्रिपाठी ने नागराज प्राची को 30- 12 से पराजित किया अलीगढ़ की रिद्धिमा ने बरेली की कनिष्का को 30 -16 से पराजित किया। लखनऊ की मिथूशी गंगवार ने अलीगढ़ की सृष्टि को 30-2 0 से पराजित किया।बालक बर्ग में युग में बरेली को ओजस दीप सिंह तन्मय की जोड़ी ने मिर्ज़ापुर के अयान पाल पवन यादव की जोड़ी को 30-8 से पराजित किया प्रयागराज फसल के आदित्य प्रथ्वी की जोड़ी ने अयोध्या के अंशुमान गुप्ता चंद्रशेखर प्रताप सिंह जोड़ी को 30 -15 से पराजित किया।

आगरा के आदित्य अंकुर की जोड़ी ने अयोध्या के अथर्व मिश्र की जोड़ी को 30- 21 से तथा बरेली के दिव्यांशु पांडे वर्धन राज की जोड़ी ने मुरादाबाद के अश्मित कुमार व निर्वाण यादव की जोड़ी को 30 - 21 से पराजित किया। बुधवार को मैचों के दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष अनिल महेंद्रू,सचिव मनोज कुमार,बैडमिंटन एसोशियेशन के उपाध्यक्ष अमिताभ अग्निहोत्री,तारतनदीप,जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार समेत अनेक खेल प्रेमी मौजूद रहे। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने बताया कि मैच काफी रोचक रहे।खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतरीन काबिले तारीफ रहा है।प्रतियोगिता की तकनीक टीम में चीफ रैफरी राजेश सक्सेना लखनऊ,मैच कंट्रोलर मनीष कुमार, अंपायर अंशुल कुमार सहारनपुर, फैजाबाद के अनुपम शुक्ला आजमगढ़ के कारण श्रीवास्तव झांसी की सिमरन गुप्ता पीलीभीत के सुधांशु गंगवार,आजमगढ़ की शुभम राय में मैच कराए सविता में स्टेडियम कोच महेश कुमार अविनाश शर्मा दया वती प्रगति सिंह, दीपक विष्ट तथा महेश तिवारी ने संहयोग दिया।जिला क्रीडा अधिकारी ने बताया कि राजकुमार गुरुवार को राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का समापन आज होगा जिसके मुख्य अतिथि जिला अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार होंगे।उक्त जानकारी जिला खेल अधिकारी राजकुमार ने दी है।

# त्रेतानाथ मंदिर पर हुआ सुंदर कांड पाठ अक्षत और पत्रक देकर दिया जा रहा निमंत्रण

## फार्मेसी कॉलेज के एमडी अमित मिश्रा ने 22 जनवरी को दीवाली मनाने का किया आवाह्नन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हिंदूवादी संगठन। गाँवो में घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत देकर निमंत्रण दे रहे है। साथ ही 22 तारीख को अपने घर और पास के मंदिरों में विशेष पूजा और दीप जलाने का अपील कर रहे हैं। इसी के साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक स्वर्णिम अवसर पर भव्य दिवाली मनाने की अपील की जा रही है। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में स्थित बाबा त्रेतानाथ मंदिर पर मंगलवार को बड़ी ही धूमधाम और विधि विधान से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर फार्मेसी कॉलेज के एमडी अमित कुमार मिश्रा सहित तमाम लोगों ने मंदिर पर पहुंच कर पूजा अर्चना की। और मंदिर पर मौजूद लोगों को अक्षत और पत्रक वितरित कर 22 जनवरी को दीप जलाकर दिवाली मनाने का आवाहन किया। भाजपा मंडल महामंत्री अचलेंद्र मिश्रा तमाम कार्यकर्ताओं के साथ महुआ गुंन्दे, फत्तेपुर, सिंहपुर ,टांडा सहित दर्जनों गांव में पहुंचकर घर-घर जाकर अयोध्या से आए अक्षत और पत्रक वितरित कर 22 जनवरी को दीपावली मनाने के अपील कर रहे हैं। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा के समय अपने घरो में व मंदिर पर एकत्रित होकर भजन कीर्तन करने की अपील भी कर रहे हैं। साथ ही बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर पर मंगलवार को सामूहिक रूप से सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया। पंडित अजय पाण्डेय द्वारा बिधि बिधान से सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर रितिक शुक्ला,अन्नू पांडेय,अविनय दीक्षित, आशीष दीक्षित, सोनू दीक्षित, मुकेश शुक्ला,अजय अवस्थी,प्रधान बादाम सिंह, अभय शुक्ला सहित दर्जनों की संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

### पड़ोसी देश नेपाल में वितरण की पाठय सामग्री

पूरनपुर।नेकी की दीवार सामाजिक संस्था उत्तर प्रदेश भारत द्वारा नेपाल में बच्चों को गर्म वस्त्र पाठ्य सामग्री एवं पीने का सामान दिया गया।संस्था की नेकियों का दायरा गैर मुल्की जगहों तक फैला है। कंपकपाती ठंठ लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है ऐसे में नेकी की दीवार के लोगों ने गुरमेल सिंह की कयादत में नेपाल तक के ज़रूरत मंदों की ज़रूरत के सामान जिसमे खासतौर से गर्म कपड़े शामिल है। मदद की गई। जिसमें विशेष रूप से डीआईजी इपीएफ का विशेष सहयोग रहा धनगढ़ी मे सेव हाउस नामक संस्था द्वारा अनाथ बच्चों के लिए काम किया जा रहा है।नेकी की दीवार सामाजिक संस्था द्वारा इन गरीब बच्चों को एवं अनाथ बच्चों को दैनिक दिनचर्या में काम आने वाली वस्तु में भेंट की गई इस कार्यक्रम में हरविंदर सिंह, जसवंत सिंह,अमनदीप, अंशुल अग्रवाल का व सहयोग रहा।गुरमेल सिंह की ओर से इन लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

### समाजसेवी ने वितरण किए कंबल

पूरनपुर।अन्नदाता किसान यूनियन के द्वारा बनाई खालसा समाज सेवी बनाई संस्था द्वारा बेसहारा गरीबों एवं निर्धन व्यक्तियों को कड़ाके की ठंड में बाटे कंबल,जर्सी सेवटर जूते एवं मोज़े मुख्य सेवा करने वाले गुरविंदर,सिंह, बलजिंदर सिंह,रनजीत सिंह, देवेंद्र सिंह एवं गुरजीत सिंह शामिल रहे। कंबल वितरण कार्यक्रम गांव सन्दई हाल्ट,अंडवोझी,मथना,जरा,तराई के रामनगरा आदी जगहों पर निशुल्क सेवा की गई है।

### भाजपा नेता का पेट्रोल पंप पर किया गया जोरदार स्वागत

अरविंद वर्मा बने अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लॉक प्रभारी पूरनपुर

पूरनपुर।ब्लॉक प्रमुख कैम्प कार्यालय पेट्रोल पंप मुन्नू गंज मार्केट कुर्रेया खुर्द कला प्रतिष्ठान पर प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी पीलीभीत अखिल भारतीय प्रधान संगठन आशुतोष दीक्षित''राजू की अनुमति से जिला संरक्षक रामपाल सिंह के अनुमोदन पर ग्राम प्रधानगणों की सहमति पर अरविन्द कुमार वर्मा ग्राम प्रधान पति कुरैया खुर्द कलां को प्रधान संगठन विकास खण्ड पूरनपुर के ब्लाक प्रभारी की जिम्मेदारी देकर मनोनयन पत्र सौप कर ब्लाक प्रभारी का प्रधान संघठन के पदाधिकारियों व ग्राम प्रधानो द्वारा पुष्प मालाएँ पहनाकर मिष्ठान वितरण कर शुभकामानाएं दी स्वागत कार्यक्रम में सुल्तानपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष नितिन दीक्षित को शीर्ष नेतृत्व भाजपा द्वारा पुनः मंडल अध्यक्ष का दायित्व दिये जाने पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित प्रधान संगठन के पदाधिकारी व ग्राम प्रधानगणों द्वारा पुष्प मालाएं पहनाकर शुभकामानाएं दी गयी मनोनएन व भव्य स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद रहे मण्डल महामंत्री अचलेन्द्र मिश्र,सेक्टर सहयोजक शोभित शुक्ला, भाजपा नेता महेश वर्मा,प्रघान विनोद प्रजापति,प्रधान कामता प्रसाद,प्रधान वलजित सिंह,श्रीपाल ग्राम प्रधान,बहादुरपुर वादाम सिंह, श्रीपाल ग्राम प्रधान,महादेव प्रधान, यागवेन्द्र पाल सिहं प्रधान,चंचल कुमार प्रधान,रामपाल कश्यप प्रधान,विजेन्द्र सिहं प्रधान, अलाउदीन प्रधान, नूर मो0 प्रधान,अनिल कुमार प्रधान,आशीष दीक्षित,मोहित पांडेय,अनीस अहमद खाँ प्रधान,राजीव कुमार,विनीत प्रजापति,रिजवान आदि लोग उपस्थित रहे।

### तहसील सभागार में एनडीआरएफ की टीम ने दिया प्रशिक्षण

पूरनपुर। तहसील परिसर में पहुंची एनडीआरफ की 15 वीं वाहिनी ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान आपदा के दौरान बचाव की जानकारी दी। एनडीआरएफ के इस्पेक्टर योगेंद्र कुमार ने बताया कि आग से सुरक्षा और बचाव,फॉरेन बॉडी एवरेज आबस्ट्रकशन, ब्लीडिंग कंट्रोल आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी है।इस दौरान एनडीआरएफ की टीम व उपजिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला, तहसीलदार हबीबुर रहमान अंसारी,नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित लेखपाल अनिल चौधरी सहित अन्य स्टाफ व लोग मौजूद रहे।

### सीएचसी में विधायक एवं चेयरमैन ने आशाओं के साथ बैठक कर नमो ऐप कराया डाउनलोड

पूरनपुर। सीएचसी में भाजपा विधायक बाबूराम पासवान व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने आशा बहू के साथ बैठक की इस दौरान भाजपा सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए। सरकार की योजनाओं को बताकर जागरूक किया। और आशा बहू को नमो ऐप लोड कराया। गांव-गांव जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं के वारे मे जानकारी देने व नमो एम डाउनलोड कराने के लिए जागरूक किया। इस दौरान बैठक मे भाजपा विधायक बाबू राम पासवान, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता सीएचसी प्रभारी अनिकेत गंगवार,डॉक्टर राशीद व स्टाफ मौजूद रहा।

### औचक निरीक्षण में जानी गौशालाओं की स्थिति

बिछिया, उन्नाव। ए डी ओ पंचायत के द्वारा गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशालाओं में मवेशियों के उचित देख भाल रखरखाव वा हरे चारे की समुचित व्यवस्था का बारीकी से जांच कर संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को दिशा निर्देशित किया। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम अतरसा और मऊ सुल्तानपुर में निर्मित गौशालाओं का ए डी ओ पंचायत उदय वीर सिंह ने किया औचक निरीक्षण अतरसा गौशाला के निरीक्षण के दौरान गौशाला में बंद लगभग आधा सैकड़ा जानवर मिले जिनके चारे पानी के साथ अन्य सुविधाएं उचित पाई गईं उसके बाद में मऊ सुल्तानपुर ग्राम सभा में बने गौशाला का निरीक्षण भी संबंधित अधिकारी के द्वारा किया गया उसमें भी 50 जानवर पाए गए दोनों गौशालाओं में जानवरों के रखरखाव खाने-पीने की व्यवस्था को भी बारीकी से जांच पड़ताल कर कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश भी दिए वही मऊ सुल्तानपुर ग्राम सभा में लगभग दो हजार लीटर की पानी की टंकी का निर्माण होने के बाद तीनों टाइम शुद्ध ताजा पानी जानवरों को पिलाने के भी निर्देश दिए साथ ही पर्याप्त प्रकाश के के लिए कराए गए विद्युतीकरण को भी एडियो पंचायत के द्वारा देखा गया इस दौरान दोनों गौशाला में दो-दो केयरटेकर प्रधान शिवदयाल, धर्मेन्द्र सिंह और ग्राम विकास अधिकारी ओम शंकर तिवारी उपस्थित रहे।

### सियार के हमले में महिला व बुजुर्ग घायल

पुरवा, उन्नाव। खेत की रखवाली व मवेशी का चारा लेने एक महिला व बुर्जग ब्यक्ति व किशोरी को सियार के हमले का शिकार हुए। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भूपतिपुर के बाहर सीएचओ को भी काटा। जहां सीएचसी में चारों घायलों का उपचार हुआ। कोतवाली के गांव शंकरचक की गुड्डी 42 पत्नी राम औतार ने बताया कि बुधवार की सुबह खेत में मवेशियों का चारा लेने गई थी जहां सियार ने अचानक हमला बोल दिया ।जिससे हाथ में काट लिया।वही इसी गांव की अंशिका 13 पुत्री सोनू को भी खेत पर जानवरो का चारा लेने गई थी जहाँ सियार के द्वारा उसे भी काटा।जबकि ग्राम भूपतिपुर के बचोले 70 वर्ष खेत की रखवाली करते समय बुधवार को दिन में काट लिया। वही मझिगवा सदकू में तैनात सीएचओ वंदना स्कूटी से भूपतिपुर गांव में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जाते वक्त अचानक सियार के हमले से हाथ में काट लिया। चिल्लाने पर सियार भाग निकला। सियार के हमले से घायलों को लेकर परिजन सीएचसी में इलाज हुआ।

# भारत संकल्प यात्रा में स्टाल लगाकर दी योजनाओं की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिछिया, उन्नाव। विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम विखं की ग्राम सभा जगेथा व घुरखेत में आयोजित हुआ जागेथा मे पुरवा विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरवा विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह व जिला मंत्री रजनीश वर्मा ने फीता काटकर भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया स आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया पुरवा विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है अब लाभार्थियों को सिधे मिल रही है राजनीश वर्मा कार्यक्रम को संबोधित किया। ग्राम घूखेत के कार्यक्रम का अयोजन समाज सेवी अजय पाल सिंह की अध्यक्षता मे हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय पाल सिंह ने फीता काटकर भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया संकल्प यात्रा में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग पशुपालन विभाग बाल पुष्टाहार आयुष्मान उज्जवला योजना जल जीवन मिशन व स्वयं सहायता समूह द्वारा स्टॉल लगाए गए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई वहीं प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को चाबी वितरित की गई शौचालय के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए ग्राम घुरखेत मे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के पूर्ण कालिक कार्यकर्ता विवेक विवेक त्रिपाठी ने कहा यह देश मोदी जी की गारंटी वाला विकसित भारत बने इसके लिए सरकार की तरफ से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ अब सरकार आपके गांव में आकर देने का कार्य कर रही है पात्र लाभार्थी इन आयोजन में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं अब समय मे किसी भी बिचौलियों की जरूरत नहीं पड़ेगी। सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया वहीं अतिथियों द्वारा अन्नप्राशन व गोद भराई का भी कार्यक्रम संपन्न कराया गया। अलग अलग कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ए डी ओ पंचायत उदय वीर सिंह सचिव ओम शंकर तिवारी, अनित दमन दिक्षित, घुरखेत प्रधान अतुल श्रीवास्तव, जगेथा प्रधान नारायन सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन विवेक त्रिपाठी द्वारा किया गया।


# अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जलाने को मिले दियों के आर्डर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया की अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है, इसको लेकर पूरे प्रदेश भर में भी उत्साह देखने को मिल रहा है रामलला का मंदिर बनने पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग दीपावली जैसा पर्व मनायेंगे इसको लेकर लोग घरों, मंदिरों में तैयारियां कर रहे हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाले अंकित शुक्ला को गाय के गोबर के दीये बनाने के ऑर्डर मिल गये हैं और उन्होंने दीये बनाने भी शुरू कर दिये अंकित शुक्ला ने कहा कि आयोध्या में रामलला के मंदिर बनने और प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अपने अपने घरों, मंदिरों, प्रतिष्ठानों, फैक्ट्री के अलावा अन्य स्थानों पर इस दिन को दीवाली के रूप में मनाने की अपील की है इसके साथ ही कुसुम्भी गांव में गाय के गोबर से दीये बनाते है राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के अध्यक्ष अंकित शुक्ला घर-घर जाकर पूजित अक्षत व गाय के गोबर से निर्मित दीप बांटने और 22 जनवरी को दीवाली बनाने की अपील भी कर रहे हैं। जिसे देखते हुये कानपुर,अमेठी, लखनऊ सीतापुर रायबरेली उन्नाव के अलावा आस पास जनपद के क्षेत्रों में गाय गोबर से निर्मित के दीये बनाने के ऑर्डर दिये हैं जो दीयों आदि का बड़े पैमाने पर काम करते हैं प्रधानमंत्री के अपील के बाद से ही उनके पास दीयों को लेकर एडवांस में आर्डर आने लगे थे मौसम की मार से परेशान हैं जनवरी के पहले दिन से भीषण कोहरा, बर्फीली हवाएं चलने के साथ ही कई बार बारिश होने से परेशान है उनका कहना है कि मौसम सही न होने के कारण गाय के गोबर से दीए बना रही है और उनके द्वारा बनाये गये गाय के गोबर के दीपक सूख नहीं पा रहे हैं। ऐसे में आर्डर पूरा कर पाना टेढ़ी खीर साबित होगा रामलला के मंदिर बनने से सर्दी के मौसम में भी उन्हें काम मिला जिससे उनके चेहरे पर खुशी भी देखने को मिल रही है देखते हुए अंकित ने दीये बनाने काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। जिससे 22 जनवरी की रात दीपकों से जगमग होगी।अंकित शुक्ला ने अपनी संस्था के माध्यम से कई लाखों-लाख दीप वितरण कर भी चुके है और जन जन तक पहुंच भी रहे है अभी तक ऐसे कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाने व दीप वितरण कार्यक्रम के अव्वल भी चल रहे है घर घर-घर संकल्प भी दिला रहे है।

# कार की टक्कर में सात वर्षीय मासूम ने गवाई जान, पति पत्नी घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पाटन, उन्नाव। उन्नाव रायबरेली नेशनल मार्ग पर तकिया मेला के सामने बने प्रतीक्षालय के पास खड़े पति पत्नी व उसकी बच्ची को तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से 7 वर्षीय बच्चें की दर्दनाक मौत हो गई वही तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक बच्ची का पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उन्नाव रायबरेली नेशनल मार्ग पर तकिया मेला गेट के पास बने प्रतीक्षालय के पास खड़े पति पत्नी व 7 साल की बच्ची को कार ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल बच्ची आसिफा खातून 7 वर्ष की मौत हो गई वही गंभीर रूप से घायल निजामुद्दीन 35 वर्ष पुत्र मुस्ताक खान व उसकी पत्नी अलीमुन निशा 30 वर्ष व एक अन्य को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में भर्ती कराया गया। घटना की रिपोर्ट निजामुद्दीन ने थाना बिहार में प्रार्थना पत्र देकर लिखायी है। निजामुद्दीन अपनी पत्नी व 7 साल की बच्ची के साथ पैशन प्रो मोटरसाइकिल से उन्नाव से अपने घर गजपती खेड़ा थाना सरेनी जनपद रायबरेली जा रहे थे। तकिया मेला के पास उन्नाव रायबरेली नेशनल मार्ग पर सड़क के किनारे बने प्रतीक्षालय के पास खड़े हो गए इसी बीच तेजगति से आ रही कार ने दंपति सहित बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से मां बच्ची कार के साथ खन्ती में जा गिरे दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बच्ची आसिफा खातून की मौत हो गई वही घायल दंपति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में मौजूद लोगों द्वारा ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि तेज रफ्तार से आ रही कार मेला से सड़क पर आ रहे एक अन्य यात्री को बचाने के चक्कर में दुर्घटना ग्रस्त होनी बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया वही घटना की लिखित तहरीर निजामुद्दीन ने थाना पुलिस को देकर चालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### आईजी पदोन्नत होने पर मिष्ठान वितरण किया गया

शुक्लागंज उन्नाव। शासन द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजस्थान पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुमार टांक नामदेव को पूर्व में ट्राफी एवं मैडल से सम्मानित किया था। वर्तमान में आईजी के पद पर पदोन्नत होने पर स्वजातियों द्वारा एक दूसरे को मुंह मीठा कर खुशी जाहिर किया। ज्ञात हो कि गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत राजधानी मार्ग सोख्ता आश्रम बैसवारा सर्विस सेंटर परिसर पर काकुस्थ्य क्षत्रिय नामदेव बैसवारा के बैनर तले विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता रज्जन सिंह बैसवारा काकुस्थ्य ने किया बैसवारा ने गोष्ठी में विचार रखते हुए कहा कि अनिल कुमार टांक नामदेव को शासन की ओर से पुलिस महानिरीक्षक के रूप में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिससे बैसवारा दूरसंचार के माध्यम से बधाई देने के पश्चात एक दूसरे को बारी बारी मुंह मीठा कर मिष्ठान वितरण किया गया।

### विधायक निधि मिलने के बावजूद स्कूल की इमारत जर्जर, बजट की धनराशि में हुआ खेल

नवाबगंज, उन्नाव। स्थानीय राजकीय बालिका इं0 कालेज में मरम्मतीकरण के नाम पर विधायक निधि से 10 लाख रुपए का बजट प्रदान किया गया। लेकिन स्कूल की जर्जर हालत से अंदाजा लगाया जा रहा है कि धन का दुरुप्रयोग जमकर किया गया है। स्कूल की जर्जर स्थिति से स्पष्ट होता है कि मरम्मत के लिए यहां पर धन खर्च नही किया गया। जिसके चलते स्कूल की बिल्डिंग देखने से ही जर्जर अवस्था में अपनी बदहाली की कहानी बयां करती है। इसकी मरम्मत में लगने वाले धन का सही प्रयोग किया गया होता तो स्थिति कुछ और होती। सही देखभाल न होने के चलते स्कूल की बिल्डिंग दिन प्रतिदिन जर्जर अवस्था में पहुंच रही है लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान देने के बजाय अपनी नजरे फ़ेर रखी है। स्कूल के जिम्मेदार मनमाने ढंग से मरम्मत का कार्य लापरवाह एजेंसी से करवाते है। जिसके चलते काम के बजाय फर्जी बाउचर से ही सारे काम पूरे कराए जाते है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण स्कूल की बिल्डिंग को देखकर मिलता है।

# इटावा में दम्पति की हत्या में बेटा-बहु और समधी गिरफ्तार

एजेंसी

इटावा। इकदिल थाना के नगला पूठ गांव में बीती दिनों हुई दम्पत्ति की हत्या का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया है। जमीन के विवाद में पुत्र, बहु और समधी ने मिलकर दम्पति की हत्या की है। हत्यारोपियों के पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया फावड़ा और ईंट बरामद कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि बीती मंगलवार को थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत नगला पूठ में दंपत्ति आशाराम और बेबी की फावड़ा से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। एक सूचना पर पुलिस ने मृतक आशाराम के पुत्र राहुल, पुत्रवधु करिश्मा और समधी रामखिलावन को बिरारी पुल के पास से गिरफ्तार कर किया है। आरोपित पुत्र ने बताया कि उसके पिता आशाराम अपनी दूसरी पत्नी के साथ दिल्ली में रहता है। जबकि वो अपनी पहली मां के साथ यहां रह रहा था। कुछ दिन पहले पिता अपनी दूसरी पत्नी बेबी के साथ यहां आये और अपनी शेष बची हजमीन को भी बेचना चाहते थे। इससे पहले छह बीघा की जमीन बेच चुके थे। हम लोगों ने जब मना किया तो भी मान नहीं रहे थे। इसी वजह से हम सबने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से दोनों पिता और दूसरी मां की फावड़ा एवं ईंट से मारकर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद ईंट और फावड़ा छिपाकर भाग गए थे, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया है।


## कार्यालय नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी

संख्या-148/15 वां वित्त-टाइड-अनटाइड / ई-निविदा/न.पं. शु./2023-24 दिनांक-09 जनवरी 2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत सुबेहा बाराबंकी के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मा तथा शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा 2019 नगर विकास अनुभाग-5, लखनऊ, दिनाक 20 सितम्बर 2019 के अनुसार एतद्वारा सूचित किया जाता है कि 15 वां वित्त योजनान्तंगत (टाइड अनटाइड) में प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित है-

| क.स. | विवरण | प्रकाशन/प्रारम्भ तिथि | अन्तिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 10 जनवरी 2024 | - |
| 02 | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड की तिथि | 10 जनवरी 2024 | 30 जनवरी 2024 |
| 03 | निविदा खोलने की तिथि | 31 जनवरी 2024 | |
| 04 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत सुबेहा, बाराबंकी। | |

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्ते, कार्य का नाम, धनराशि सहित विस्तृत विवरण वेबसाइट- www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(अशोक कुमार खरवार)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत सुबेहा
बाराबंकी

(देवीदीन)
अध्यक्ष
नगर पंचायत सुबेहा
बाराबंकी

# दुर्भावना के बोल

यूं तो मालदीव में मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत व इस छोटे द्वीपीय देश मालदीव के संबंध पटरी से उतरते नजर आ रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री के लक्षद्वीप दौरे के बाद उसके कुछ मंत्रियों के आपत्तिजनक बयानों ने आग में घी का काम किया। हालांकि भारत में जनमानस की तल्ख प्रतिक्रिया और भारत सरकार के कड़े रवैये के बाद मुइज्जू सरकार बैकफुट पर नजर आई है। लीपापोती की कवायद में जुटी मालदीव सरकार ने मंत्रियों के बयान से खुद को अलग करते हुए तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया है। लेकिन दशकों पुराने सौहार्द के संबंधों में वो गांठ पड़ गई है, जिसे जल्दी सुलझाना कठिन है। यह घटनाक्रम वैश्विक स्तर पर भी अभूतपूर्व है। ऐसा पहले नहीं सुना गया कि एक देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ दिये गए आपत्तिजनक बयान के बाद किसी देश ने अपने तीन मंत्रियों को निलंबित किया हो। इस घटनाक्रम का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि राष्ट्रीय अस्मिता व गौरव के पक्ष में देश के आम लोग उठ खड़े हुए। प्रधानमंत्री पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद चार हजार भारतीयों ने मालदीव के होटलों की बुकिंग रद्द कराई और तीन हजार हवाई टिकटें कैंसिल की गई। निश्चित रूप से पर्यटन अर्थव्यवस्था वाले छोटे द्वीपीय देश मालदीव के लिये एक बड़ा झटका है। उल्लेखनीय है कि हर साल औसतन करीब दो लाख लोग घूमने मालदीव जाते हैं। जो मालदीव की आय का बड़ा जरिया है। बहरहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया लक्षद्वीप यात्रा के बाद मालदीव सरकार की मंत्री मरियम शिउना और दूसरे नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद भारत में लोगों का पारा चढ़ा हुआ है और सोशल मीडिया पर बायकॉट मालदीव की मुहिम चल रही है। यहां तक कि बड़े बॉलीवुड सितारे व नामचीन क्रिकेटर भी इस मुहिम में प्रतिक्रिया देते नजर आए। साथ ही भारत में खूबसूरत लोकेशन वाले द्वीपों की वकालत की जा रही है। दरअसल, मुस्लिम बहुल मालदीव के नये राष्ट्रपति मुइज्ज्जू राष्ट्रपति बनने के बाद लगातार भारत के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं। उन्होंने अपने चुनाव अभियान में 'इंडिया आउट' की मुहिम चलाई और वहां मदद के लिये तैनात भारतीय सैनिकों को वापस भेजने के लिये अभियान चलाया। कुछ समझौते रद्द किये। राष्ट्रपति बनने के बाद वे सबसे पहले इस्लामिक देशों के ध्रुवीकरण में जुटे तुर्किये की यात्रा पर गये। उन्हें भारत विरोधी व चीन समर्थक माना जाता है। फिलहाल वे चीन की यात्रा पर हैं। ऐसे में खराब होते दोनों देशों के संबंधों को इन बयानों ने गंभीर स्थिति में पहुंचा दिया। हालांकि, इस घटनाक्रम के बाद मालदीव में राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है और विपक्षी नेता मालदीव सरकार से भारत के लोगों से माफी मांगने की बात कर रहे हैं। विपक्षी नेता मंत्रियों की टिप्पणियों को शर्मनाक व नस्लभेदी बता रहे हैं। वे कह रहे हैं कि ये मालदीव के लोगों की राय नहीं है। वे यहां तक कह रहे हैं कि हम जानते हैं कि किस सीमा तक भारत पर निर्भर रहे हैं और हर संकट में भारत ने मालदीव की मदद की है। दरअसल, विपक्षी नेता मौजूदा मालदीव सरकार को आईना दिखा रहे हैं कि मालदीव आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, पर्यटन व सामाजिक स्तर पर सदैव भारत पर आश्रित रहा है। यहां तक कि भारत ने कई बार मालदीव में लोकतंत्र की रक्षा की है। भारत के पक्ष में बयान देने वाले नेताओं में मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह, पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद, पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद आदि शामिल रहे हैं। यहां तक कि मुइज्ज्जू के इंडिया आउट के नारे के विपरीत पूर्व राष्ट्रपति सोनिह ने इंडिया फर्स्ट की नीति क्रियानवित की थी। दरअसल, हालिया लक्षद्वीप यात्रा में प्रधानमंत्री ने स्नॉर्कलिंग करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की थी कि रोमांच पसंद लोग पर्यटन के लिए देश में लक्षद्वीप आएं। जिसके बाद लाखों लोगों ने लक्षद्वीप को गूगल पर सर्च किया। जिसे मालदीव के नेताओं ने उनके पर्यटन के लिये चुनौती माना। अपरिपक्व राजनेताओं ने आनन-फानन बेतुके बोल सोशल मीडिया पर शेयर करने शुरू कर दिये।

# राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार बनेगा श्रीराम मंदिर

**प्रो. संजय द्विवेदी**

आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। दुनिया में कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी विरासत को संभालना ही होगा। हमारी विरासत, हमें प्रेरणा देती है, हमें सही मार्ग दिखाती है। इसलिए आज का भारत, पुरातन और नूतन दोनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। एक समय था जब अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे, लेकिन आज राम मंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है। श्रीराम मंदिर का निर्माण एक अनथक संघर्ष का प्रतीक है। अयोध्या यानी वह भूमि जहां कभी युद्ध न हुआ हो। ऐसी भूमि पर कलयुग में एक लंबी लड़ाई चली और त्रेतायुग में पैदा हुए रघुकुल गौरव भगवान श्रीराम को आखिरकार छत नसीब होने वाली है। राजनीति कैसे साधारण विषयों को भी उलझाकर मुद्दे में तब्दील कर देती है, रामजन्मभूमि का विवाद इसका उदाहरण है। आजादी मिलने के समय सोमनाथ मंदिर के साथ ही यह विषय हल हो जाता तो कितना अच्छा होता। आक्रमणकारियों द्वारा भारत के मंदिरों के साथ क्या किया गया, यह छुपा हुआ तथ्य नहीं है। किंतु उन हजारों मंदिरों की जगह, अयोध्या की जन्मभूमि को नहीं रखा जा सकता। एक ऐतिहासिक अन्याय की परिणति आखिरकार ऐतिहासिक न्याय ही होता है। यह बहुत संतोष की बात है कि भारत की न्याय प्रक्रिया के तहत आए फैसले से मंदिर का निर्माण संपन्न हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अर्थ में गौरवशाली हैं कि उनके कार्यकाल में इस विवाद का सौजन्यतापूर्ण हल निकल सका और मंदिर निर्माण हो सका। इस आंदोलन से जुड़े अनेक नायक आज दुनिया में नहीं हैं। उनकी स्मृति आती है। मुझे ध्यान है उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के नेता और मंत्री रहे दाऊदयाल खन्ना ने मंदिर के मुद्दे को आठवें दशक में जोरशोर से उठाया था। उसके साथ ही अशोक सिंघल जैसे नायक का आगमन हुआ और उन्होंने अपनी संगठन क्षमता से इस आंदोलन को जनांदोलन में बदल दिया। संत रामचंद्र परमहंस, महंत अवैद्यनाथ जैसे संत इस आंदोलन से जुड़े और समूचे देश में इसे लेकर एक भावभूमि बनी। तब से लेकर आज तक सरयू नदी ने अनेक जमावड़े और कारसेवा के प्रसंग देखे हैं। सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम फैसले के बाद जिस तरह का संयम हिंदू समाज ने दिखाया वह भी बहुत महत्व का विषय है। क्या ही अच्छा होता कि इस कार्य को साझी समझ से हल कर लिया जाता। किंतु राजनीतिक आग्रहों ने ऐसा होने नहीं दिया। कई बार जिदें कुछ देकर नहीं जातीं, भरोसा, सद्‌भाव और भाईचारे पर ग्रहण जरूर लगा देती हैं। दुनिया के किसी देश में यह संभव नहीं है उसके आराध्य इतने लंबे समय तक मुकदमों का सामना करें। किंतु यह हुआ और सारी दुनिया ने इसे देखा। यह भारत के लोकतंत्र, उसके न्यायिक-सामाजिक मूल्यों की स्थापना का समय भी है। यह सिर्फ मंदिर नहीं है जन्मभूमि है, हमें इसे कभी नहीं भूलना चाहिए। विदेशी आक्रांताओं का मानस क्या रहा होगा, कहने की जरूरत नहीं है। किंतु हर भारतवासी का राम से रिश्ता है, इसमें भी कोई दो राय नहीं है। वे हमारे प्रेरणापुरुष हैं, इतिहास पुरुष हैं और उनकी लोकव्याप्ति विस्मयकारी है। ऐसा लोकनायक न सदियों में हुआ है और न होगा। लोकजीवन में, साहित्य में, इतिहास में, भूगोल में, हमारी प्रदर्शनकलाओं में उनकी उपस्थिति बताती है राम किस तरह इस देश का जीवन हैं। राम शब्द संस्कृत की 'रम' क्रीड़ायाम धातु से बना है अर्थात हरेक मनुष्य के अंदर रमण करने वाला जो चैतन्य-स्वरूप आत्मा का प्रकाश विद्यमान है, वही राम है। राम को शील-सदाचार, मंगल-मैत्री, करुणा, क्षमा, सौंदर्य और शक्ति का पर्याय माना गया है। कोई व्यक्ति सतत साधना के द्वारा अपने संस्कारों का परिशोधन कर राम के इन तमाम सद्गुणों को अंगीकार कर लेता है, तो उसका चित्त इतना निर्मल और पारदर्शी हो जाता है कि उसे अपने अंतःकरण में राम के अस्तित्व का अहसास होने लगता है। कदाचित यही वह अवस्था है जब संत कबीर के मुख से निकला होगा, 'मोको कहां ढूंढे रे बंदे, मैं तो तेरे पास में, ना मैं मंदिर ना मैं मस्जिद, ना काबे कैलास में।' राम, दशरथ और कौशल्या के पुत्र थे। संस्कृत में दशरथ का अर्थ है- दस रथों का मालिक। अर्थात पांच कर्मेंद्रियों और पांच ज्ञानेंद्रियों का स्वामी। कौशल्या का अर्थ है- 'कुशलता'। जब कोई अपनी कर्मेंद्रियों पर संयम रखते हुए अपनी ज्ञानेंद्रियों को मर्यादापूर्वक सन्मार्ग की ओर प्रेरित करता है, तो उसका चित्त स्वाभाविक रूप से राम में रमने लगता है। पूजा-अर्चना की तमाम सामग्रियां उसके लिए गौण हो जाती हैं। ऐसे व्यक्ति का व्यक्तित्व इतना सहज और सरल हो जाता है कि वह जीवन में आने वाली तमाम मुश्किलों का स्थितप्रज्ञ होकर मुस्कुराते हुए सामना कर लेता है। भारतीय जनमानस में राम का महत्व इसलिए नहीं है कि उन्होंने जीवन में इतनी मुश्किलें झेलीं, बल्कि उनका महत्व इसलिए है, क्योंकि उन्होंने उन तमाम कठिनाइयों का सामना बहुत ही सहजता से किया। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम भी इसलिए कहते हैं, क्योंकि अपने सबसे मुश्किल क्षणों में भी उन्होंने स्वयं को बेहद गरिमापूर्ण रखा। राम का होना मर्यादाओं का होना है, रिश्तों का होना है, संवेदना का होना है, सामाजिक न्याय का होना है, करुणा का होना है। वे सही मायनों में भारतीयता के उच्चादर्शों को स्थापित करने वाले नायक हैं। उन्हें ईश्वर कहकर हम अपने से दूर करते हैं। जबकि एक मनुष्य के नाते उनकी उपस्थिति हमें अधिक प्रेरित करती है। एक आदर्श पुत्र, भाई, सखा, न्यायप्रिय नायक हर रुप में वे संपूर्ण हैं। उनके राजत्व में भी लोकतत्व और लोकतंत्र के मूल्य समाहित हैं। वे जीतते हैं किंतु हड़पते नहीं। सुग्रीव और विभीषण का राजतिलक करके वे उन मूल्यों की स्थापना करते हैं जो विश्वशांति के लिए जरुरी हैं। वे आक्रामणकारी और विध्वंशक नहीं है। वे देशों का भूगोल बदलने की आसुरी इच्छा से मुक्त हैं। वे मुक्त करते हैं बांधते नहीं। अयोध्या उनके मन में बसती है। इसलिए वे कह पाते हैं, जननी जन्मभूमिश्च्च स्वर्गादपि गरीयसी। यानि जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान है। अपनी माटी के प्रति यह भाव प्रत्येक राष्ट्रप्रेमी नागरिक का भाव होना चाहिए। वे नियमों पर चलते हैं। अति होने पर ही शक्ति का आश्रय लेते हैं। उनमें अपार धीरज है। वे समुद्र की तीन दिनों तक प्रार्थना करते हैं। विनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीति बोले राम सकोप तब भय बिनु होहिं न प्रीति। यह उनके धैर्य का उच्चादर्श है। वे वाणी से, कृति से किसी को दुख नहीं देना चाहते हैं। वे चेहरे पर हमेशा मधुर मुस्कान रखते हैं। उनके धीरोदात्त नायक की छवि उन्हें बहुत अलग बनाती है। वे जनता के प्रति समर्पित हैं। इसलिए तुलसीदास जी रामराज की अप्रतिम छवि का वर्णन करते हैं- दैहिक दैविक भौतिक तापा, रामराज काहुंहिं नहीं व्यापा। राम ने जो आदर्श स्थापित किए उस पर चलना कठिन है। किंतु लोकमन में व्याप्त इस नायक को सबने अपना आदर्श माना। राम सबके हैं। वे कबीर के भी हैं, रहीम के भी हैं, वे गांधी के भी हैं, लोहिया के भी हैं। राम का चरित्र सबको बांधता है। अनेक रामायण और रामचरित पर लिखे गए महाकाव्य इसके उदाहरण हैं। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त स्वयं लिखते हैं- राम तुम्हारा चरित स्वयं ही काव्य है, कोई कवि बन जाए, सहज संभाव्य है। भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति के ऐसे वटवृक्ष हैं, जिनकी पावन छाया में मानव युग-युग तक जीवन की प्रेरणा और उपदेश लेता रहेगा। जब तक श्रीराम जन-जन के हृदय में जीवित हैं, तब तक भारतीय संस्कृति के मूल तत्व अजर-अमर रहेंगे। श्रीराम भारतीय जन-जीवन में धर्म भावना के प्रतीक हैं, उनमें मानवोचित और देवोचित गुण थे, इसीलिए वे ''मर्यादा पुरुषोत्तम'' कहलाए। भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र भारत की सीमाओं को लांघकर विदेशियों के लिए भी शांति, प्रेरणा और नवजीवनदायक बनता जा रहा है। श्रीराम धर्म के साक्षात स्वरूप हैं, धर्म के किसी अंग को देखना है, तो राम का जीवन देखिये, आपको धर्म की असली पहचान हो जायेगी। धर्म की पूर्णता उनके जीवन में आद्यन्त घटित हुई है। श्रीराम ने लौकिक धरातल पर स्थिर रहकर धर्म एवं मर्यादा का पालन करते हुए मानव को असत्य से सत्य की ओर, अधर्म से धर्म की ओर तथा अन्याय से न्याय की ओर चलने की प्रेरणा दी है। कर्त्तव्य की वेदी पर अपने व्यक्तिगत सुख-प्रलोभनों की आहुति श्रीराम की जीवन कहानी का सार है। संसार में महापुरुष अपने जीवन, गुण, कर्म, स्वभाव, कर्त्तव्य, बुद्धि, तप-त्याग और तपस्या से जो अमर जीवन-संदेश देते हैं, वही मानवता की स्थायी धरोहर होती है। हमारा सौभाग्य है कि हम ऐसे दैवीय गुणों के धनी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र की संताने हैं। श्रीराम का प्रेरक चरित्र भूली-भटकी मानव जाति में नवजीवन चेतना का संचार कर सकता है। उनके जीवन की घटनाएं आज के भोगी विलासी और मानवता का गला घोंटने वाले नामधारी मनुष्य को बहुत कुछ सोचने, करने और जीने की प्रेरणा दे सकती है। उनके जीवन के प्रत्येक क्रियाकलाप से अमर संदेश मिलता है। श्रीराम के द्वारा दर्शित आदर्शों एवं जीवन मूल्यों का भारतीय समाज में बहुत ऊंचा स्थान है। यदि हम सबक लेना चाहें, तो रामायण की प्रत्येक घटना से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। लक्ष्मण जी का श्रीराम जी के साथ वन-गमन करना, भरत जी का राज्य को ठुकराना, पादुका रखकर शासन-व्यवस्था चलाना, परस्पर भाइयों की प्रीति का श्रेष्ठ उदाहरण है। आज भाई-भाई एक दूसरे के रक्त के प्यासे हो रहे हैं, परिवार परस्पर की कलह के कारण टूट रहे हैं। सर्वत्र स्वार्थ, अहंकार और अकेले भोगने की भावना उद्दाम हो रही है। ऐसे में रामायण हमें शिक्षा देती है कि नश्वर सुख-भोग और धन-धाम-धरा के लिए परस्पर लड़ना नहीं चाहिए। चित्रकूट प्रवास-काल में शूर्पणखा द्वारा श्रीराम को अपनी ओर आकर्षित करके विवाह का प्रस्ताव रखने पर राम द्वारा दृढ़ता से मना कर देना प्रेरणा देता है कि यदि जीवन को सुखी और शान्तिमय बनाना है, तो एक पत्नीव्रत का आचरण करना चाहिए। स्वर्णमृग को देखकर सीताजी का उसे पाने की इच्छा करना तथा भगवान राम द्वारा मायावी मृग को पाने के लिए पीछे दौड़ना और सीता जी का हरण हो जाने की घटना आज के जीवन प्रसंगों को बहुत कुछ प्रेरणा दे सकती है। आज का मनुष्य धन की मृगतृष्णा के पीछे पागलों की तरह दौड़ा जा रहा है, जो प्राप्त है उससे संतुष्ट नहीं हो पा रहा है। विज्ञान की चमकीली, भड़कीली, दिखावटी, बनावटी चीजों के पीछे दिन-रात अधर्म-असत्य, छल-प्रपंच का सहारा लेकर दौड़ा जा रहा है। इससे हानि यह हुई है कि आत्मारूपी सीता छिन गई है, भौतिकवादी व्यक्ति सिर्फ शरीर के लिए जीने लगा है तथा इसी मृगतृष्णा में वह जीवन का अंत कर लेता है। रामायण कहती है दुनिया में आंखें खोलकर चलो, सभी चमकने वाली चीजें सोना नहीं होती हैं। चमक-दमक में व्यक्ति हमेशा धोखा खाता है, इसी धोखे में आत्मरूपी सीता का रावण द्वारा हरण होता है तथा बाद में राम-रावण का निर्णायक युद्ध होता है। यदि रामायण से कुछ सीखना है, तो चरित्र निर्माण, विचारों की उच्चता, भावों की शुद्धता, पवित्रता तथा जीवन को धर्म-मर्यादा एवं उच्चादर्श की ओर ले चलना सीखें। सीता जी का राम जी के साथ वन जाना संसार के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ देता है। वनवास राम जी को मिला था, सीता जी को नहीं, रामायण में वनवास का प्रसंग यह शिक्षा देता हैं की नारी की परीक्षा संपत्ति में नहीं विपत्ति में होती है। श्रीराम अपने जीवन की सरलता, संघर्ष और लोकजीवन से सहज रिश्तों के नाते कवियों और लेखकों के सहज आकर्षण का केंद्र रहे हैं। उनकी छवि अति मनभावन है। वे सबसे जुड़ते हैं, सबसे सहज हैं। उनका हर रूप, उनकी हर भूमिका इतनी मोहनी है कि कविता अपने आप फूटती है। किंतु सच तो यह है कि आज के कठिन समय में राम के आदर्शों पर चलता साधारण नहीं है। उनसी सहजता लेकर जीवन जीना कठिन है। वे सही मायनों में इसीलिए मर्यादा पुरुषोत्तम कहे गए। उनका समूचा व्यक्तित्व राजपुत्र होने के बाद भी संघर्षों की अविरलता से बना है। वे कभी सुख और चैन के दिन कहां देख पाते हैं। वे लगातार युद्ध में हैं। घर में, परिवार में, ऋषियों के यज्ञों की रक्षा करते हुए, आसुरी शक्तियों से जूझते हुए, निजी जीवन में दुखों का सामना करते हुए, बालि और रावण जैसी सत्ताओं से टकराते हुए। वे अविचल हैं। योद्धा हैं। उनकी मुस्कान मलिन नहीं पड़ती। अयोध्या लौटकर वे सबसे पहले मां कैकेयी का आशीर्वाद लेते हैं। यह विराटता सरल नहीं है। पर राम ऐसे ही हैं। सहज-सरल और इस दुनिया के एक अबूझ से मनुष्य। राम भक्त वत्सल हैं, मित्र वत्सल हैं, प्रजा वत्सल हैं। उनकी एक जिंदगी में अनेक छवियां हैं। जिनसे सीखा जा सकता है। अयोध्या का मंदिर इन सद् विचारों, श्रेष्ठ जीवन मूल्यों का प्रेरक बने। राम सबके हैं। सब राम के हैं। यह भाव प्रसारित हो तो देश जुड़ेगा। यह देश राम का है। इस देश के सभी नागरिक राम के ही वंशज हैं। हम सब उनके ही वैचारिक और वंशानुगत उत्तराधिकारी हैं, यह मानने से दायित्वबोध भी जागेगा, राम अपने से लगेगें। जब वे अपने से लगेगें तो उनके मूल्यों और उनकी विरासतों से मुंह मोड़ना कठिन होगा। सही मायनों में 'रामराज्य' आएगा। कवि बाल्मीकि के राम, तुलसी के राम, गांधी के राम, कबीर के राम, लोहिया के राम, हम सबके राम हमारे मनों में होंगे। वे तब एक प्रतीकात्मक उपस्थिति भर नहीं होंगे, बल्कि तात्विक उपस्थिति भी होंगे। वे सामाजिक समरसता और ममता के प्रेरक भी बनेंगे और कर्ता भी। इसी में हमारी और इस देश की मुक्ति है। आज के भारत का मिजाज अयोध्या में स्पष्ट दिखता है। आज यहां प्रगति का उत्सव है तो कुछ दिन बाद यहां परंपरा का उत्सव भी होगा। आज यहां विकास की भव्यता दिख रही है, तो कुछ दिनों बाद यहां विरासत की भव्यता और दिव्यता दिखने वाली है। यही तो भारत है। विकास और विरासत की यही साझा ताकत भारत को 21वीं सदी में सबसे आगे ले जाएगी।

# अनवरत श्रम और साहस से भाग्य का मार्ग प्रशस्त होता है

**संजीव ठाकुर**

जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता हैद्य वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती हैद्य पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैंद्य इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैंद्य वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज़ से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था,'' जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता'' मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर,अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है। प्राचीन यूनानी कवि वर्जिन में युवाओं को संबोधित करते लिखा था कि ''भाग्य सदैव साहसी लोगों का साथ देता है'',ऐसे लोगों का साथ न दीजिए, उनसे मित्रता न कीजिए जो हमेशा अपनी उपलब्ध सुविधा के नाम पर रोना रहता रोते हैं, और अपनी परिस्थितियों से लगातार शिकायत करते हैं, ऐसे लोग सदैव खोजते रहते हैं कि मैं किसी बड़े धनवान व्यक्ति के घर में क्यों पैदा नहीं हुआ, जहां अपार सुख सुविधाएं उपलब्ध है और मैं भी सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करता, पर वह यह नहीं जानता कि बड़े व्यक्ति के बड़े होने के पीछे कितनी मेहनत साहस और ऊर्जा अंतर्निहित है। हमारे शास्त्रों में भी लिखा गया है की लक्ष्मी निष्क्रिय और निठल्ले लोगों का साथ नहीं देती, एवं निष्क्रिय लोगों के पास नहीं जाती है।

## सेहत मंत्र

# किडनी के लिए बहुत फायदेमंद है भुजंगासन

शरीर को स्वस्थ रख बीमारियों को दूर करने का सबसे प्रभावी तरीका है योग, योग में हर रोग का न सिर्फ इलाज छिपा है बल्कि यह आपको ऊर्ज़ा भी प्रदान करता है। योग के कई आसनों में से एक है भुजंगासन। संस्कृत के शब्द भुजंग का अर्थ होता है सर्प और आसन का अर्थ है स्थिति। इस आसन को करने से रीढ़ की हड्डी सर्प की तरह लचीला हो जाती है और शरीर में गर्मी उत्पन्न होती है। इसीलिए इस आसन को भुजंगासन कहा जाता है। यह आसन पेट के बल लेटकर किया जाता है। इस आसन से शरीर को सुडौल बनाता है। कैसे करेंगे ये आसन- शुद्ध वातावरण और समतल जमीन पर आसन बिछाकर पेट के बल लेट जाएं। सांस सामान्य रहे और शरीर की मांसपेशियों के शिथिल होने तक इस स्थिति में लेटें। माथे को जमीन पर और हाथों को कंधों के पास इस तरह से टिकाएं कि कोहनियां पीछे की तरफ शरीर के पास आ जाएं। टांगों और पैरों को सीधा रखते हुए आपस में मिला लें। धीरे-धीरे सांस भरें और हाथों को जमीन पर अच्छी तरह से टिकाते हुए कंधों के सहारे नाभि तक के हिस्से को इस प्रकार ऊपर की तरफ उठाएं कि छाती सामने की ओर आ जाए। गर्दन को पीछे की तरफ करते हुए ऊपर आकाश की ओर देखने का प्रयास करें। इस स्थिति में यथाशक्ति रुकने के बाद सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे पूर्व स्थिति में लौट आएं।

भुजंगासन से किडनी और अन्य अंगों को लाभ- छाती, पीठ, गर्दन और कंधों की मांसपेशियों को शक्तिशाली बनाता है। गले में स्थित ग्रंथियों को सशक्त कर शरीर को ऊर्ज़ावान बनाता है। किडनी के लिए लाभप्रद है। तनाव व थकान को दूर करता है। हृदय और फ़ेफड़ों के लिए विशेष लाभप्रद है।पेट के सभी आंतरिक अंगों को सशक्त और सक्रिय करता है।

विशेषः योगाभ्यास शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। योग्य योग शिक्षक की देखरेख में ही आसनों की शुरुआत करें।

## धर्म मंत्र

# प्रयागराज में आराम की मुद्रा में लेटे हनुमानजी का है भव्य मंदिर

प्रयागराज के एक प्राचीन मंदिर में बजरंग बली की एक अनोखी मुद्रा वाली प्रतिमा स्थापित है। इस मंदिर में हनुमान जी लेटे हुए हैं। वैसे भारत में विभिन्न स्थानों में कई और ऐसी प्रतिमायें हैं जिनमें हनुमान जी अनोखी मुद्राओं में स्थापित हैं। ऐसा ही एक मंदिर है इंदौर के उल्टे हनुमान इस मंदिर में जो प्रतिमा है उसमें उल्टे हनुमान हैं, वहीं रतनपुर के गिरिजाबंध हनुमान मंदिर में स्त्री रुप में हनुमान प्रतिमा मौजूद है। इन सबसे हट कर गुजरात के जामनगर में पवनपुत्र बालक रूप में बाल हनुमान मंदिर में स्थापित हैं, इस मंदिर का नाम अनोखे रिकॉर्ड से जुड़ा है जो 50 साल से ज्यादा यहां लगातार गूंज रही रामधुन के चलते बना है। ये रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हनुमान जी की प्रतिमा वाला एक छोटा किन्तु प्राचीन मंदिर है। यह एकमात्र मंदिर है जिसमें हनुमान जी लेटी हुई मुद्रा में हैं। यहां पर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा 20 फीट लम्बी है। संगम किनारे बना ये एक अनूठा मन्दिर है, जहां हनुमानजी की लेटी हुई प्रतिमा को पूजा जाता है। ऐसी मान्यता है कि संगम का पूरा पुण्य हनुमान जी के इस दर्शन के बाद ही पूरा होता है। इस लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर के विषय में कई प्रचलित कथायें प्राप्त होती हैं। एक के अनुसार एक बार एक व्यापारी हनुमान जी की भव्य मूर्ति लेकर जलमार्ग से चला आ रहा था। वह हनुमान जी का परम भक्त था। जब वह अपनी नाव लिए प्रयाग के समीप पहुंचा तो उसकी नाव धीरे-धीरे भारी होने लगी तथा संगम के नजदीक पहुंच कर यमुना जी के जल में डूब गई। कालान्तर में कुछ समय बाद जब यमुना जी के जल की धारा ने कुछ राह बदली, तो वह मूर्ति दिखाई पड़ी। उस समय मुसलमान शासक अकबर का शासन चल रहा था।

## पर्यटन



# गोल्डेन सियार से लेकर तेंदुएं और हिरन की कई वैराइटी देखने को मिलती है माधव नेशनल पार्क में

मध्य प्रदेश के शिवपुरी के उत्तर में स्थित माधव नेशनल पार्क, यहां के सबसे पुराने नेशनल पार्क में से एक है। 354 वर्ग किमी में फैला यह पार्क कभी ग्वालियर के राजा के लिए शाही शिकार की जगह हुआ करता था। इस जगह को और भी ज्यादा खूबसूरत बनाने का काम करते हैं यहां मौजूद अनेक प्रकार के पेड़-पौधे, दूर-दूर तक फैले घास के मैदान और उनमें घूमते हुए जंगली-जानवर। माधव नेशनल पार्क- सन 1958 में मध्य प्रदेश के साथ ही इस नेशनल पार्क को भी स्थापित किया गया था। और 1972 में 'वन्य जीव अभ्यारण्य' के तहत इसे और भी ज्यादा सुरक्षित बनाया गया। इस नेशनल पार्क की सबसे बड़ी खासियत है कि ये पूरे साल सैलानियों के लिए खुला रहता है। नेशनल पार्क के अंदर माधव और साख्य सागर दो झीलें हैं जहां सर्दियों में प्रवासी पक्षियों का डेरा लगता है। हिरन यहां का खास आकर्षण हैं। छोटे चिंकारे, इंडियन गेजल और चीतल जैसी प्रजातियों को यहां जंगलों में चहलकदमी करते हुए आसानी से देखा जा सकता है। इनके अलावा ब्लैक बग, चार सींग वाले एंटीलॉप, सांभर, नील गाय, स्लॉथ बीयर भी खास हैं। सख्य सागर में पक्षियों और जानवरों के लिए तैयार किए तालाब में शोव्हेलर, पेलिकन, कॉन्य क्रेनें, स्पुन बिल, बॉल्ड कलहंस जैसे कई प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। अजगर, बंगाल के जहरीले सांप और कोबरा भी इस पार्क में मौजूद हैं। मांसाहारी जंतुओं में सियार, लकड़बग्घा, भेड़िया और कुत्ते आमतौर पर नज़र आ जाते हैं। पहाड़ों और घास के मैदानों वाली इस जगह पर स्तनधारियों और जंगली जानवरों के साथ-साथ कई वैराइटी के पेड़-पौधे भी हैं। जिनमें धावड़ा, पलाश, खैर, केरधाई और सलाई खास है। इस पार्क में एक और खास चीज़ जो देखने वाली है वो है साख्य सागर के तट पर बना शूटिंग बॉक्स। जहां से आप जंगल के खूबसूरत नजारों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी साफतौर पर देख सकते हैं। सर्दियों में तो यहां मछरमच्छ की अच्छी-खासी संख्या देखने को मिलती है।

# नशीली ड्रग्स की बिक्री पर करें कड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि नियमानुसार दवा विक्रेता बिना डाक्टर के पर्चे के ऐसी दवा विक्रय न करें जो नशीली दवाओं की श्रेणी में आती हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर का पर्चा भी ऐसी ड्रग्स के लिए केवल एक माह के लिए ही मान्य माना जाएगा और उसकी फोटो कॉपी दवा विक्रेता को रखना आवश्यक होगा।

ज़िलाधिकारी बुधवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में नारकोटिक्स के सम्बंध में ज़िला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, एडीएम डॉ.अरुण कुमार सिंह, सहायक आयुक्त, कस्टम नंदेश्वर सिंह, आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर सहित अन्य सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ज़िलाधिकारी ने कहा कि दवा की दुकानों से ऐसी दवाओं की बिक्री करते हुए पाए जाने पर दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। ऐसे ड्रग्स की बिक्री रोकने के लिए निर्धारित क़ानूनी प्रक्रिया को कड़ाई से लागू किया जाए। ज़िलाधिकारी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज,डिग्री कॉलेज आदि के परिसरों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इन स्थानों समेत स्कूलों आदि में विशष जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बैठक में निर्देश दिए कि पूरे जनपद में

### अफीम की खेती अनुमन्य एरिया में ही की जाए:सत्येंद्र कुमार

अभियान चलाकर सुनिश्चित किया जाए कि अफीम की खेती के लिए जिनके पास लाइसेंस है और जितने रकबे के लिए लाइसेंस जारी हुआ है, वो उतने ही एरिया में अफीम की खेती करें।अनुमन्य क्षेत्र से अधिक क्षेत्र में अफीम की खेती करने वालों के ख़िलाफ़ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित नियम क़ानूनों के अंतर्गत ही अफीम की खेती हो यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। बैठक में ज़िलाधिकारी ने कहा कि एनडीपीएस के अंतर्गत मामलों में पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें और प्रकरणों में पुलिस प्रशासन से समन्वय और सहयोग के साथ कार्य करें।

# खनन माफियाओं के हौसले बुलंद धड़ल्ले से चल रहा है अवैध खनन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### जिम्मेदार बने अंजान



बाराबंकी। टिकैतनगर कोतवाली क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद दिख रहे हैं यहां ट्रैक्टर ट्राली के जरिए दिन रात मिट्टी का खनन किया जा रहा है जिसको लेकर जिम्मेदार अधिकारी भी अंजान बने हुए हैं और इसी के चलते हैं दिन-रात फर्राटा भरते हैं ट्रैक्टर ट्रालियों से अवैध खनन कार्य तेजी से चल रहा है खनन सूत्रों की माने तो माफियाओं के ऊपर राजनीतिक दालों का हाथ होने से उनमें कार्यवाही का डर बिल्कुल नजर नहीं आ रहा है थाना टिकैतनगर क्षेत्र के कई अलग-अलग जगह पर जैसे कोतवाली के अंतर्गत ग्राम बनगांवा में शेखर ठेकेदार व चौकी सुखीपुर क्षेत्र में परमिशन के नाम पर अवैध खनन कर महंगे दामों में बेचीं जा रही है टिकैतनगर और कस्बा इचौली बनगावा व अन्य कई जगहों पर 1000 से 1200 में बेची जा रही है लेकिन जिम्मेदारों की नजर इन पर नहीं पड़ती है टिकैतनगर के मेन चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद खनन माफियाओं की ट्रालियां कैमरा में कैद नहीं हो पा रही हैं इसी को देखते हुए कोतवाली क्षेत्र में बराबर अवैध खनन होता है अब देखना यह है कि खबर लगने के बाद क्या कार्रवाई होती है।

### कोहेरे का फायदा उठाकर वन माफिया काट रहे प्रतिबन्धित पेड़

मसौली बाराबंकी। घने कोहरे के बींच वन माफियाओ का आरा सरकारी पेड़ो पर धडल्ले से चल रहा है बीते एक पखवाड़े मे तीन स्थानों से कई बेशकीमती पेड़ रातो रात कटकर गायब हो गये आश्चर्य तो इस बात की हुई जब वनकर्मी पहुंचे तो रात मे काटी गयी लकड़ी को कब्जे मे लेते हुए विभाग द्वारा कटवाने की बात कर रहे है। बताते चले कि मौजूदा समय मे सफदरगंज थाना क्षेत्र मे वन माफिया खुले आम ग्राम समाज की जमीन पर लगे पेड़ो को रातो रात काटकर गायब कर दे रहे है। गत 31 दिसंबर की रात्रि मे वन माफियों ने सफदरगंज दरियाबाद पक्की सड़क पर ग्राम मोहम्मदाबाद के निकट सड़क के किनारे लगे दो शीशम एव एक बबूल के पेड़ काट डाले गये। सूचना पर पहुंचे वन दरोगा तुषार कुमार ने मौक़ेसे लकड़ी बरामद करते हुए लकड़ी को निकट की तुरकानी नर्सरी मे इकट्ठा कर दिया और जब लोगो ने शिकायत की तो वन दरोगा ने स्वय कटवाने की बात कर वन माफियों को खुली छूट दे रहे है। जबकि जानकारी मिली है उक्त पेड़ो को हल्का लेखपाल ने वन विभाग से मिलकर पेड़ो को कटवाया है। 6 जनवरी की रात्रि को वन माफियाओ ने दरियागंज मजरे मुश्काबाद मे ग्राम समाज की पुरानी आबादी मे दर्ज भूमि पर लगे 1 विशालकाय आम एव चिलवल के पेड़ को काटकर गायब कर दिया। 8 जनवरी की रात्रि को वन माफियों ने खानपुर इनायतपुर मे ग्राम समाज की भूमि पर लगे हरे भरे 6 आम के पेड़ो को बगैर परमिट के काटकर गायब कर दिया। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे वन विभाग के सेक्टर प्रभारी ने मामले को दबाने के लिए 3 पेड़ो का जुर्माना कर इतिश्री कर दिया वही ग्राम प्रधान औरेला एव लेखपाल दीपक नाथ पाण्डेय ने थाना सफदरगंज पेड़ चोरी की तहरीर दी है।

# आगामी अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत सीओ ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रियाबाद बाराबंकी। आगामी 22 जनवरी अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत रखते हुए दरियाबाद कोतवाली में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशा अनुसार सीओ रामसनेहीघाट जटासंकर मिश्रा व कोतवाल शैलेंद्र कुमार आजाद ने निर्देश दिए की ई-रिक्शा किसी भी दिशा में राजमार्ग पर चलने वाले टैक्सी बस व अपनी निजी वाहन फोर व्हीलर चालकों को यात्रियों से सिष्टता से पेश आने वाले वाहनों को नो पार्किंग जोन में ना खड़ा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए तो होटल ढाबा मालिकों को सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा कार्यक्रम कर्मचारियों का सत्यापन करने के पश्चात सभी ढाबो पर रेस्टोरेंट के कर्मियों को आगंतुकों के शिस्टा पूर्वक व्यवहार करने के लिए निर्देश दिया जिले में उपस्थित थाना क्षेत्र के सभरांत व्यक्तियों चौकीदारों से संवाद कर किसी संदिग्ध व्यक्तियों वस्तुओं के संबंध में जानकारी होने में स्थानीय पुलिस को सूचना तुरंत दे इस मौके पर कई ग्राम के प्रधान व पुलिस स्टाफ मौके पर मौजूद रहा ।

# प्रदेश में हो रही आपराधिक वारदातो के विरोध में पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भाजपा की डबल इंजन की सरकार में मां-बहन, बेटियां सुरक्षित नहीं है। सत्ता के मद मे चूर दरिंदे हैवानियत का ऐसा खेल-खेल रहे हैं जिसे बताने में भी शर्म महसूस होती है। कानून का डर अपराधियों के दिल से निकल गया है बेटी पढ़ाओ बेटी-बचाओ का नारा देने वाले देश के प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र में आईआईटी बीएचयू की छात्रा के साथ सत्ता संरक्षित अपराधियों द्वारा किये गए दुष्कर्म के लिए बहन बेटियों से माफी मांगे। उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जी का वाराणसी घटना में कहा गया कथन सत्य निकला इसलिए उन पर दर्ज मुकदमा तत्काल वापस लिया जाए।

उक्त बातें व मांगे पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने बुधवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 2 नवंबर 2023 को तीन भाजपा नेताओं के द्वारा गन पॉइंट पर किए गए दुष्कर्म एवं नग्न वीडियो बनाने के प्रकरण में जिला अधिकारी के माध्यम से उनके प्रतिनिधि एडीएम को महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित करने के पूर्व स्थानीय कचेहरी में जिला अधिकारी कार्यालय के सामने कांग्रेसजनो तथा आवाम के बीच कहीं।

जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम को प्रेषित ज्ञापन में कांग्रेसजनों ने साफ तौर पर लिखा है कि भाजपा की सरकार में पूरा प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है और अपराधी बेखौफ होकर अपराधो को अंजाम दे रहे है उत्तर प्रदेश महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में देश में पहले नंबर पर है प्रदेश की हालत बद से बदतर हो गई है इसी के चलते प्रधानमंत्री जी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 2 नंबर 2023 को भाजपा के तीन नेताओं के द्वारा गन पॉइंट पर आईआईटी बीएचयू की छात्रा से दुष्कर्म किया जाता है और नग्न वीडियो बनाया जाता है और जब 5 नवंबर सीसी टीवी फुटेज में और 8 नवम्बर को पीड़िता द्वारा दोषियों की पहचान कर ली जाती है तो भाजपा उनको बचाने की नियत से मध्य प्रदेश में हो रहे चुनाव में भेज देती हैं और जब घटना की शिकायत व हकीकत प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष माननीय अजय राय द्वारा शासन प्रशासन को दी जाती है और बताया जाता है कि इस घृणित घटना को भाजपा के लोगों के द्वारा अंजाम दिया गया है तो उन्हीं के ऊपर एफआईआर दर्ज करा दी जाती है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर पूर्व सांसद डॉक्टर पीएल पुनिया ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस के जनपदीय प्रभारी सचिव डा. मो0 शहजाद आलम, कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन, प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनुज पुनिया तथा सैकडो कांग्रेसजनो के साथ जिला अधिकारी के प्रतिनिधि अपर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौपकर कर प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा, चूंकि घटना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र की है इसलिए उनके द्वारा देश की मां बहन बेटियों से माफी मांगे जाने तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जी के ऊपर दर्ज किए गए मुकद्में को वापस लिए जाने की जोरदार मांग की।

वाराणसी कांड पर जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित करने वालों में मुख्यरूप से पूर्व सांसद डॉ.पीएल पुनिया, प्रदेश प्रभारी सचिव डॉक्टर मोहम्मद शहजाद आलम, प्रदेश महासचिव तनुज पुनिया, कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा फोटोवाला, पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा, अमरनाथ मिश्रा, श्रीमती गौरी यादव, शबनम वारिस, राबिया बेगम, रमन लाल द्विवेदी, वीरेंद्र प्रताप यादव, इजहार सिद्दीकी, मोहम्मद इरफान कुरैशी, सलमान कादीर, अखिलेश वर्मा, रमेश कश्यप, मोइनुद्दीन अंसारी, सिकंदर अब्बास रिजवी, देवेंद्र सिंह मोनू, सौरभ पांडे, संत शरण वर्मा, महेंद्र पाल वर्मा, सियाराम यादव, अमित मिश्रा, सचिन त्रिपाठी, कृतार्थ पांडे, कौशल किशोर, सुरेश श्रीवास्तव, अजीत वर्मा, प्रशांत सिंह, मंगल जायसवाल, विजय बहादुर वर्मा, मोहम्मद आरिफ, अमीर अय्यूब किदवई, नेक चन्द्र त्रिपाठी, सुरेन्द्र वर्मा, जलालुद्दीन गुड्डू, पूर्व प्रमुख देवा जमील अहमद, गुड्डू राईन सहित सैकडो की संख्या में कांग्रेसजन थे।

# सम्मानित किए गए कस्बा फतेहपुर के विक्रांत गुप्ता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। सोशल मीडिया ग्रुप यूनिटी ऑफ फतेहपुर द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फ़ेसबुक पर अपनी बेहतरीन लेखनी एवं अच्छी पोस्ट से समाज को जागृत करने किए प्रसिद्ध विक्रांत गुप्ता को सम्मानित किया गया। कुछ दिन पहले ऑनलाइन फ़ेसबुक पर बेस्ट यूजर के लिए लोगों से राय मांगी गई थी जिसमे आम सहमति से बेस्ट फ़ेसबुक यूजर फतेहपुर के लिए विक्रांत गुप्त का चयन हुआ था। आज यूनिटी ऑफ फतेहपुर के एडमिन फहीम सिद्दीकी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम मे विक्रांत गुप्ता को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रिजवान मुनीर, इन्द्र जीत वर्मा,सय्यद खालिद महमूद,कबीर आलम,एजाज अली मुन्ना, मो कदीर एवं फहीम सिद्दीकी उपस्थित रहे।

# संकल्प यात्रा में पहुँचे सासद, ग्रामीणों को दी योजनाओ की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



त्रिवेदीगंज बाराबंकी । विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत बेलहारी के ग्राम आलमपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे । सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने केंद्र सरकार की योजनायें जैसे प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, उज्जवला कनेक्शन, शौचालय, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किया । कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने पंचप्रण की शपथ दिलायी। इस अवसर पर प्रधान प्रधान गोल्डी सिंह चौहान , गुड्डू चौहान सचिव निर्देश शर्मा मण्डल अध्यक्ष सचिन वर्मा, , अरुण अवस्थी, नीरज वर्मा, प्रह्लाद जायसवाल, गुड्डू सिंह, बाबु खां, संतदीन रावत सहित अन्य लोग उपस्थित रहें ।

### फाइलेरिया उन्मूलन में पार्षद भी सहयोग करेंगे,ली शपथ

वाराणसी। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में पार्षद भी सहयोग करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत जनपद के जैतपुरा व चोलापुर में 10 फरवरी से ट्रिपल ड्रग थेरेपी आईडीए (आइवर्मेक्टिन, डीईसी, अल्बेंडाजॉल) अभियान चलाकर आमजन को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी । अभियान को लेकर बुधवार को आदमपुर जोन नगर निगम कार्यालय पर स्वास्थ्य विभाग, डब्ल्यूएचओ, सीफार व पीसीआई संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# 22 जनवरी को घर पर उत्सव मनाने के लिए घर घर अछत लेकर पहुँचे राम भक्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

त्रिवेदीगंज बाराबंकी 22 जनवरी को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आमन्त्रण का शिलशिला लगातार जारी है आज विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम सभा पूरेदेवीदास मजरे मन्झुपुर में अक्षत वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें सैकड़ो राम भक्तों ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को 22 जनवरी के दिन घर के बाहर दीप जलते एवं दीपावली जैसा उत्सव मनाने का अनुरोध कियाइस दौरान डॉ संदीपवर्मा, डॉ ,सुधीर सिंह, संतोषशुक्ल, हरिकेशदास, महंत सुनील सिंह मनीष शर्मा कुन्नू ,रंजनदास, प्रेम दस , रजनीश शुक्ला आदि मौजूद रहे ।

# जालसाजी: सवा करोड़ की भूमि, जालसाजों ने बुजुर्ग से चार लाख में करा लिया बैनामा, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जालसाजों ने एग्रीमेंट के बहाने एक बुर्जुग की सवा करोड़ की भूमि को चार लाख में बैनामा करा ली। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने जिलाधिकारी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने डीएम के आदेश पर जालसाजी के चार आरोपियों पर केस दर्ज किया। मामला हैदरगढ़ कोतवाली के पितवाखेर मजरे बहुता का है। यहां के निवासी राम प्रताप सिंह ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ही कबूलपुर मजरे बहुता गांव निवासी राम सिंह उर्फ गुड्डू ने अपने साथी अजय दीप, मुदित झुनझुनवाला और एक अन्य के साथ मिलकर उसकी तीन बीघे जमीन का सौदा सवा करोड़ रुपये में किया। इसके बाद इकरारनामा कराने के बहाने चार लाख रुपये देकर पूरी जमीन सभी ने अपने नाम बैनामा करा ली। इस ठगी की जानकारी हुई जो उसने आरोपियों से इस बारे में पूछा तो जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने डीएम से जालसाजों पर कार्रवाई कर भूमि को वापस दिलाने की मांग की। इसके बाद हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस ने चार लोगों पर धोखाधड़ी व जालसाजी का केस दर्ज कर जांच शुरू की। दुकान दिलाने के नाम पर ठगे पौने पांच लाख किसान को हाईवे पर दुकान दिलाने के नाम पर जालसाजों ने पौने पांच लाख की ठगी की। दुकान न मिलने पर खेत बेचकर दिए गए रुपये किसान ने वापस मांगे तो जालसाज उसे जान से मारने की धमकी दे रहे है। इसकी शिकायत पर पुलिस ने जालसाजी का केस दर्ज किया।

मामला हैदरगढ़ कोतवाली का है। यहां के भिटौरा गांव निवासी शिवकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि असंद्रा थाना क्षेत्र के टिकरा बबुआन गांव निवासी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह और पवन तिवारी ने उसे लखनऊ- सुल्तानपुर हाईवे पर एक दुकान दिलाने की बात कही। उसके बाद उसे ले जाकर दुकान दिखाई। इसका पौने पांच लाख रुपये में बैनामा कराने की बात कहते हुए उससे चार लाख 70 हजार रुपये ले लिए। यह रकम उसने खेत बेंच कर दी। काफी दिनों तक दुकान का बैनामा कराने के लिए उसे दौड़ते रहे। जब रुपये वापस मांगे दो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी।कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच कर जा रही है।

# थानाध्यक्ष महिला थाना द्वारा मय टीम छात्राओं/महिलाओं को किया गया जागरुक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत समस्त थानों पर गठित एण्टी रोमियो चेकिंग टीम द्वारा कस्बों/शहर/गांव/विद्यालयों में सक्रिय रूप से जागरुकता अभियान चलाकर संदिग्धों की चेकिंग की जी रही है।

इसी क्रम में को थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह महिला थाना द्वारा मय टीम नगर क्षेत्र में स्कूल/कॉलेज/कोचिंग सेण्टरों व बस स्टाप,धनोखर चौराहा, छाया चौराहा, नाका सतरिख, बड़ेल चौराहा तथा रेलवे स्टेशन के आस-पास संदिग्धों की चेकिंग की गई तथा महिलाओं/बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन नम्बरों वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098),वन स्टाप सेन्टर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930),स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), एम्बुलेंस सेवा (108) आदि की जानकारी देकर जागरुक किया गया।

### डॉ. विजय भारद्वाज ने मोस्ट ट्रस्टेड क्लीनिक अवार्ड प्राप्त कर झांसी का मान बढ़ाया:अरविंद वशिष्ठ

झांसी। आज ब्रह्म विभूति स्मृति न्यास द्वारा डॉ. विजय भारद्वाज का सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य इंडो जर्मन टूल रूम - सूक्ष्म लघु एवं उद्यम मध्यम मंत्रालय अरविंद वशिष्ठ उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने की। अरविंद वशिष्ठ ने कहा कि यह ब्रह्म समाज के लिए एवं झांसी के लिए गौरव की बात है कि दंत चिकित्सा के क्षेत्र में इमिनेंट रिसर्च मुंबई द्वारा उत्तर प्रदेश में डॉ.विजय भारद्वाज को मोस्ट ट्रस्टेड डेंटल क्लिनिक अवार्ड एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड दंत चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में डायग्नोसिस और ट्रीटमेंट प्रोसेस के लिए दिया गया है। भारद्वाज क्लिनिक में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज किया जाता है। डॉ. विजय भारद्वाज ने बताया कि एमिनेंट रिसर्च मुंबई द्वारा विभिन्न परीक्षणों एवं मानकों पर खरा उतरने के बाद जजों की कमेटी के निर्णय से मोस्ट ट्रस्टेड क्लीनिक अवार्ड एवं सर्टिफिकेट दिया जाता है ! इस बार यह अवार्ड भारद्वाज क्लीनिक मिला है।

# भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली टी20 श्रृंखला में नजरें विराट और रोहित पर

एजेंसी

मोहाली। भारत और अफगानिस्तान के बीच सीमित ओवरों की पहली श्रृंखला के शुरूआती टी20 मैच में बृहस्पतिवार को सभी की नजरें रोहित शर्मा और विराट कोहली पर टिकी होंगी जो 14 महीने बाद इस प्रारूप में वापसी कर रहे हैं।

जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिये आखिरी है और इससे अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिये टीम संयोजन तैयार करने में मदद मिलेगी। वैसे अंतिम 15 का चयन आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर होने की संभावना है चूंकि वह विश्व कप से ठीक पहले होगा। रोहित और कोहली की टी20 प्रारूप में वापसी हो रही है और दोनों का विश्व कप खेलना तय लग रहा है लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ दोनों बड़े स्कोर बनाकर तैयारी पुख्ता करना चाहेंगे। दोनों दर्शकों के चहेते हैं और उनके खेलने से



भारी शीतलहर के बावजूद मोहाली में इस मैच को लेकर काफी रोमांच है। कप्तान रोहित शर्मा पावरप्ले में वही आक्रामक अंदाज दोहराना चाहेंगे जो उन्होंने वनडे विश्व कप में दिखाया था। दूसरी ओर कोहली बीच के ओवरों में बेहतर स्ट्राइक रेट के साथ खेलना चाहेंगे क्योंकि इस प्रारूप में पारी का सूत्रधार बनने की जरूरत नहीं है। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका से लौटी टीम बुधवार को श्रृंखला के पहले मैच से एक दिन पहले ही एकत्र होगी। यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा टीम में हैं लेकिन पारी की शुरूआत रोहित के साथ शुभमन गिल ही करेंगे। दक्षिण अफ्रीका में गिल का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा और शीर्षक्रम के लिये तेज होती प्रतिस्पर्धा के बीच उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका में रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया और मध्यक्रम में चोटिल सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी में उनकी भूमिका अहम होगी। ईशान किशन टीम में नहीं है और विकेटकीपिंग के विकल्प जितेश शर्मा तथा संजू सैमसन होंगे। पिछली दो श्रृंखलाओं में विकेटकीपिंग कर चुके जितेश को तरजीह मिलने की उम्मीद है। शिवम दुबे भी टीम में हैं और तेज गेंदबाज हरफनमौला के रूप में खेल सकते हैं। तेज गेंदबाजी का जिम्मा अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार पर होगा। स्पिन का दारोमदार कुलदीप यादव संभालेंगे जबकि दूसरे विकल्प का चयन अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई और वॉशिंगटन सुंदर में से होगा। भारत में वनडे विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को चौंकाने वाली अफगानिस्तान टीम के हौसले बुलंद है और यह प्रारूप उन्हें रास भी आता है। नवंबर में कमर की सर्जरी कराने वाले स्टार स्पिनर राशिद खान की टभ्म में वापसी हुई है लेकिन शायद वह पहला मैच नहीं खेल सकेंगे। टीम के पास मुजीब जदरान, नवीनुल हक और फजलहक फारूकी जैसे शानदार खिलाड़ी भी हैं।

टीमें : भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

अफगानिस्तान : इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजाइ, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद कबी, करीम जन्नत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीबुर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, नवीनुल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदन नायब, राशिद खान।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, हरमनप्रीत कप्तान

एजेंसी

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने 22 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका में होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिये भारत की 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें जूनियर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को भी मौका मिला है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण माने जा रहे इस टूर्नामेंट में तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत का सामना फ्रांस, नीदरलैंड और मेजबान दक्षिण अफ्रीका से होगा। टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह के हाथ में ही होगी जबकि एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा अराइजीत सिंह हुंडल और बॉबी सिंह धामी पहली बार सीनियर स्तर पर खेलेंगे। गोलकीपिंग में पवन को कृशन पाठक और पी आर श्रीजेश के साथ मौका दिया गया है। पिछले टूर्नामेंट से ब्रेक पर रहे अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह की भी वापसी हुई है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने



इस दौरे के बारे में कहा ,''ओलंपिक सत्र की शुरूआत दक्षिण अफ्रीका दौरे से करने को लेकर हम काफी उत्साहित है जहां हमें बेहतरीन टीमों से खेलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमने बड़ी टीम चुनी है ताकि सभी खिलाड़ियों को मौका मिल सके और एफआईएच प्रो लीग से पहले मैं सभी को मैच हालात में खेलते देख सकूं। दो जूनियर खिलाड़ी भी चुने गए हैं जिन पर नजरें रहेंगी। भारतीय टीम 22 और 24 जनवरी को फ्रांस से (दोपहर 2.30 से), 26 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से ( रात 9. 30 से ) और 28 जनवरी को नीदरलैंड से (दोपहर दो बजे से) खेलेगी।

भारतीय टीम : गोलकीपर : पी आर श्रीजेश, कृशन पाठक और पवन, डिफेंडर : जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), वरूण कुमार, सुमित, संजय, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, मिडफील्डर : विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, विष्णुकांत सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह। फॉरवर्ड : मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, ललित उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, बॉबी सिंह धामी।

# हरमनप्रीत से कोई शत्रुता नहीं, यह बस प्रतिस्पर्धी क्रिकेट है : एलिसा हीली

एजेंसी

नवी मुंबई। आस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने उनके और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच शत्रुता पनपने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वे कहा कि वे सिर्फ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे थे। भारत ने वानखेड़े स्टेडियम पर आस्ट्रेलिया को पहली बार टेस्ट मैच में हराया लेकिन आस्ट्रेलिया ने वनडे श्रृंखला 3 . 0 से और टी20 2 . 1 से जीती। हीली ने तीसरा टी20 मैच सात विकेट से जीतने के बाद कहा ,'' मैं इतना ही कहूंगी कि हम बस प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे थे। टेस्ट मैच के दौरान हरमनप्रीत ने बल्लेबाजी के दौरान हताशा में एलिसा की तरफ गेंद फेंकी। आस्ट्रेलियाई कप्तान ने मुस्कुराकर जवाब दिया। गेंद उनके बल्ले से टकराकर सीमारेखा पर चली गई जबकि फील्डिंग में बाधा पहुंचाने की हरमनप्रीत की अपील खारिज हो गई। एलिसा ने कहा ,'' हम दोनों कप्तान की भूमिका अलग अलग तरह से निभाते हैं। मेरी तरफ से शत्रुता जैसा कुछ नहीं है। मैं स्टम्प के पीछे काफी आक्रामक रहती हूं और अगर आप इसका मुकाबला करना चाहते हैं तो उसी तरीके से तैयार रहना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप और भारत में अगले साल 50 ओवरों के विश्व कप के लिये यह दौरा काफी महत्वपूर्ण था।

उन्होंने कहा कि हमें महत्वपूर्ण अनुभव मिला। हमें पता चला कि कहां मेहनत करने की जरूरत है। विश्व कप में प्रतिस्पर्धा काफी कठिन होती है। लगातार मैच जीतने होते हैं और इस दौरे से हमें तैयारी में मदद मिलेगी।

# अल्टीमेट खो खो: अदानी स्पोर्ट्सलाइन और गुजरात जायंट्स के योगदान के आभारी हैं अभिनंदन पाटिल

कटक। अल्टीमेट खो खो लीग अच्छी तरह से चल रही है और अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स सीजन के अपने पहले छह मैचों में शानदार फॉर्म में है। कटक के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में हो रहे मुकाबले में जायंट्स चार जीत, एक हार और एक ड्रॉ के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद, उनके स्टार खिलाड़ियों में से एक अभिनंदन पाटिल ने प्रबंधन की प्रशंसा की, और भारत में खो खो जैसे स्वदेशी खेल की प्रगति के लिए अदानी स्पोर्ट्सलाइन समूह को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, ''टीम प्रबंधन खिलाड़ियों को वह सब कुछ देता है जो हमारी क्षमताओं के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक है। इससे हमें टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा भी मिलती है। सुविधाओं में सुधार की बदौलत हम रेत में खो-खो खेलने से




लेकर मैट तक पहुंच गए हैं। रेत से चटाई तक के इस उन्नयन ने खिलाड़ियों के लिए फॉर्म में भी बदलाव किया है, और अभिनंदन को भरोसा है कि अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स इस सीजन में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, ''अल्टीमेट खो खो लीग हमें उच्च स्तर की सुविधाओं के साथ बेहतर खिलाड़ी बनने में भी मदद करती है। यह खिलाड़ियों के रूप में भी दिखाई देता है। छह मैचों में, हमने चार में जीत दर्ज की है, एक ड्रॉ हुआ है और सिर्फ एक में हार मिली है। टीम संयोजन काम कर रहे हैं, और सभी खिलाड़ी अपनी-अपनी स्थिति में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे गुजरात जायंट्स को इस सीज़न में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली है। स्पष्टवादी अभिनंदन ने यह भी खुलासा किया कि 19 साल की छोटी उम्र में, वह 2018 में दक्षिण एशियाई खेलों में भारतीय स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य थे। उन्होंने कहा, ''जब मैं 13 साल का था, तो मैं खो खो के खेल का प्रशंसक बन गया। मैं अपने गृहनगर कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में खेलता था। जब मैं 19 साल का था, तब मैंने दक्षिण एशियाई खेलों में भारतीय राष्ट्रीय टीम के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने रेलवे के साथ अपने समय के बारे में भी बात करते हुए कहा, ''21 साल की उम्र में, मैंने भारतीय रेलवे के साथ खेलना शुरू किया।

# जेसिका पेगुला एडीलेड इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में

एडीलेड। दूसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही बर्नार्डा पेरा को 4-6, 6-2, 6-3 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पेरा को क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह मिली थी। उन्होंने पहले दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पाउला बाडोसा को हराया था। अब उनका सामना अनास्तासिया पी से होगा जिसने क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा को 2-6, 6-3, 6-2 से मात दी। यह टूर्नामेंट रविवार से मेलबर्न में शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के लिये अहम है।


## लखनऊ मंडल में ट्रैक दोहरीकरण एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

**आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल में बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद सेक्शन के तुलसी नगर-मालीपुर-जाफरगंज (17.336 किमी.) सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य के संबंध में प्री नॉन- इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 11.01.2024 से 20.01.2024 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगीः-**

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि(यॉ) (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13009 हावड़ा–योगनगरी ऋषिकेश दून एक्स. | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15 से 19.01.2024 तक |
| 13010 योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा दून एक्स. | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 15 से 19.01.2024 तक |
| 13307 धनबाद–फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्स. | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15 से 19.01.2024 तक |
| 13308 फिरोजपुर–धनबाद गंगा सतलुज एक्स. | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 15 से 19.01.2024 तक |
| 13151 कोलकाता–जम्मू तवी एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15 से 19.01.2024 तक |
| 15934 अमृतसर–न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 19.01.2024 |
| 18103 टाटा नगर–अमृतसर जलियाँवाला बाग एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15 एवं 17.01.2024 |
| 18104 अमृतसर–टाटा नगर जलियाँवाला बाग एक्सप्रेस | लखनऊ– मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 12, 17 एवं 19.01.2024 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा द्वारका एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15.01.2024 |
| 15668 कामाख्या–गांधीधाम बीजी एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 17.01.2024 |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी जं. | 16.01.2024 |
| 22103 लोकमान्य तिलक (ट)–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़–अयोध्या कैंट | 15.01.2024 |
| 15715 गरीब नवाज एक्सप्रेस | शाहगंज जं.–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 16 एवं 19.01.2024 |
| 15716 गरीब नवाज एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–शाहगंज जं. | 18.01.2024 |
| 9466 साबरमती एक्सप्रेस विशेष | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–शाहगंज जं. | 15.01.2024 |
| 12226 कैफियत एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–शाहगंज जं. | 19.01.2024 तक |
| 13238 कोटा–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जफराबाद | 18 एवं 19.01.2024 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्स. | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 16, 17 एवं 19.01.2024 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्स. | लखनऊ–सुलतानपुर–जफराबाद | 16, 18 एवं 19.01.2024 |
| 14017 सद्भावना एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 18.01.2024 |
| 14018 सद्भावना एक्सप्रेस | लखनऊ– सुलतानपुर–जफराबाद | 17.01.2024 |
| 15025 मऊ–आनन्द विहार (ट) एक्सप्रेस | शाहगंज जं.–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 14.01.2024 |
| 13509 आसनसोल जं.–गोंडा जं. एक्सप्रेस | मऊ–गोरखपुर जं.–गोंडा जं. | 16.01.2024 |
| 13510 गोंडा जं.–आसनसोल जं. एक्सप्रेस | गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–मऊ | 17.01.2024 |
| 14649 जयनगर–अमृतसर सरयू यमुना एक्स. | छपरा–गोरखपुर जं.–बाराबंकी | 16 एवं 19.01.2024 |
| 14650 अमृतसर–जयनगर सरयू यमुना एक्स. | बाराबंकी–गोरखपुर जं.–छपरा | 15 एवं 17.01.2024 |

**रेलगाड़ियों का पुनर्निर्धारण**

रेलगाड़ी संख्या 19166 दरभंगा ज.–अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस दिनांक 17.01.2024 को दरभंगा से 04.35 बजे की जगह 05.35 बजे (60 मिनट विलम्ब से) पुनर्निर्धारित होकर चलेगी।

रेलगाड़ी संख्या 12225 कैफियत एक्सप्रेस दिनांक 17.01.2024 को आजमगढ़ से 16.25 बजे की जगह 17.25 बजे (60 मिनट विलम्ब से) पुनर्निर्धारित होकर चलेगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें 122/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे स्मिथ, मॉरिस करेंगे पदार्पण

एजेंसी

नई दिल्ली। अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे, जबकि तेज गेंदबाज लांस मॉरिस को इस प्रारूप में पहली बार टीम में शामिल किया गया है और मार्कस स्टोइनिस को बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच तीन वनडे मैचों की श्रृंखला 2 फरवरी से शुरु होगी, बाकि दो मैच 4 और 6 फरवरी को खेले जाएंगे। नवंबर में टीम को विश्व कप खिताब दिलाने वाले पैट कमिंस को मिशेल मार्श के साथ आराम दिया गया है जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका में टीम की कप्तानी की थी। मिशेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड को भी मेलबर्न, सिडनी और कैनबरा में 50 ओवर के तीन मैचों से ब्रेक दिया गया है। डेविड वार्नर ने पिछले हफ्ते इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की, हालांकि उन्होंने 2025



चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने का दरवाजा अभी खुला रखा है। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और पर्थ स्कॉर्चर्स के तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन को 2022 में श्रीलंका दौरे के बाद पहली बार वापस बुलाया गया है, जबकि नाथन एलिस के साथ आरोन हार्डी और मैट शॉर्ट भी शामिल हैं। हार्डी ने पिछले सितंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में पदार्पण किया था और शॉर्ट ने विश्व कप से पहले भारत के खिलाफ श्रृंखला में पदार्पण किया था। दोनों ने इस सीजन बीबीएल में प्रभावित करना जारी रखा है। हालाँकि, स्टोइनिस के लिए कोई जगह नहीं है जो भारत में विश्व कप विजेता समूह का हिस्सा थे, टूर्नामेंट के अंत तक उन्होंने उस टीम में भी अपना स्थान खो दिया था। राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, ''चैंपियंस ट्रॉफी में अभी 12 महीने से थोड़ा अधिक समय है और आरोन हार्डी, मैट शॉर्ट, झाय रिचर्डसन और नाथन एलिस जैसे खिलाड़ियों के लिए आगे के अवसर एक टीम के रूप में हमारे चल रहे सुधार और वनडे क्रिकेट में उनके व्यक्तिगत अनुभवों को आगे बढ़ाने के लिए मूल्यवान होंगे। सितंबर में इंग्लैंड दौरे तक वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज ऑस्ट्रेलिया की आखिरी वनडे सीरीज है।

वेस्ट इंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम इस प्रकार है- स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, झाय रिचर्डसन, मैट शॉर्ट, एडम ज़म्पा।

# तीन साल की अनुपस्थिति के बाद एंजेलो मैथ्यूज की श्रीलंकाई टी20 टीम में वापसी

कोलंबो। जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए मंगलवार को श्रीलंका की टीम घोषित कर दी गई है। अनुभवी हरफनमौला एंजेलो मैथ्यूज की टीम में वापसी हुई है। मैथ्यूज लगभग तीन वर्षों में अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेलने की कतार में हैं। कप्तान के तौर पर वानिंदु हसरंगा की यह पहली सीरीज होगी। इसके अलावा टीम में बल्लेबाज कुसल परेरा और धनंजय डी सिल्वा भी हैं, जो मौजूदा वनडे के लिए टीम में नहीं हैं, साथ ही स्पिनर अकिला धनंजय, राउंड-आर्म सीम गेंदबाज नुवान तुषारा और बल्लेबाजी ऑलराउंडर कामिंडु मेंडिस भी टीम में हैं। इस टीम से बाहर किए गए खिलाड़ियों में सलामी बल्लेबाज अविष्का फर्नांडो और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो व जेनिथ लियानाज शामिल हैं, जो जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में प्लेयर ऑफ द मैच थे। इसके अलावा ऑलराउंडर डुनिथ वेलालागे, तेज गेंदबाज प्रमोद मदुशन और लेगस्पिनर जेफरी वेंडरसे भी टीम में नहीं हैं। पथुम निसांका को पिछले सप्ताह संदिग्ध डेंगू के कारण अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद फिटनेस के आधार पर नामित किया गया है। ये तीन टी20 मैच इस साल के अंत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंका की गहन तैयारी को चिह्नित करेंगे। श्रीलंका ने 2023 में केवल सात टी20 मैच खेले। तीनों टी20 मैच 14, 16 और 18 जनवरी को केट्टारामा में खेले जाएंगे।

# अडाणी समूह गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये का करेगा निवेश: गौतम अडाणी

एजेंसी

गांधीनगर/नई दिल्ली। देश के सबसे अमीर शख्स एवं अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने बुधवार को गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का ऐलान किया है। इसमें एक हरित ऊर्जा पार्क का निर्माण शामिल है, जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। इससे एक लाख नौकरियों का सृजन होगा। गौतम अडाणी ने यहां 10वें वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि उनका समूह ग्रीन एनर्जी और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अगले पांच साल में 2 लाख करोड़ रुपये (24 अरब डॉलर) का निवेश करेगा। अडाणी ने कहा कि इसमें मुख्य रूप से एक हरित ऊर्जा पार्क का निर्माण शामिल है, जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 को संबोधित करते हुए अडाणी ने कहा कि पिछले शिखर सम्मेलन में 55




हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई गई थी, जिसमें से 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश समूह कर चुका है। उन्होंने कहा कि समूह अब कच्छ में 25 वर्ग किलोमीटर में फैला 30 गीगावॉट क्षमता वाला एक ग्रीन एनर्जी पार्क बना रहा है, जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। अडाणी ने कहा कि इस निवेश से एक लाख नौकरियों का सृजन होगा। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद सहित दुनिया के कई अन्य प्रमुख राजनेता और इंडस्ट्री के प्रमुख चीफ गेस्ट के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

# सोना और चांदी में मामूली गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज गिरावट नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में आज 24 और 22 कैरेट सोने की कीमत में 100 से 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। चांदी में भी आज गिरावट का रुख बना हुआ है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी 76,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज भी 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकती

# विकसित भारत की मोदी ने रख दी है बुनियाद : मुकेश अंबानी

एजेंसी


गांधीनगर। देश के सबसे धनी उद्यमी एवं रिलायंस उद्योग समूह के प्रमुख मुकेश अंबानी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को अमृतकाल (2047 तक) में विकसित देश बनाने की मजबूत आधारशिला रख दी है और कोई भी ताकत देश की अर्थव्यवस्था को उस समय तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती।

श्री अंबानी ने वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे, जिसमें श्री मोदी भी उपस्थित थे। श्री अंबानी ने इस अवसर पर गुजरात के साथ अपने संबंधों को गहराई से उभारा और कहा कि गुजरात भी खुद 2047 तक तीन लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था हो जाएगा, जो भारत की अर्थव्यवस्था के आकार से थोड़ा ही कम होगा। रिलायंस समूह के प्रमुख ने कहा, आने वाली पीढ़ी निश्चित रूप से राष्ट्रवादी और अंतरराष्ट्रीयतावादी- दोनों होने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आभारी होगी। आपने विकसित भारत की ठोस बुनियाद रख दी है, दुनिया की कोई भी ताकत 2047 तक भारत को 35 ट्रिलियन डॉलर (35 लाख करोड़ डॉलर) की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती। उस समय तक गुजरात अकेले तीन ट्रिलियन डॉलर (तीन लाख करोड़ डॉलर) की अर्थव्यवस्था हो जाएगा। मुझे इसका पूरा भरोसा है, हर गुजराती को इसका भरोसा है, हर भारतीय को इसका भरोसा है। श्री अंबानी ने कहा, मोदी युग भारत को समृद्धि प्रगति और गौरव की नए शिखरों पर ले जाएगा। रिलायंस समूह के प्रमुख ने कहा कि रिलायंस ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में अगले 10 वर्षों तक रिलायंस निवेश जारी रखेगा। 2030 तक गुजरात की ग्रीन एनर्जी खपत का करीब आधा हिस्सा, रिलायंस उत्पादित करेगा। इसकी घोषणा रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 में की। उन्होंने कहा कि गुजरात, ग्रीन डेवलपमेंट में वैश्विक नेता बनकर उभरे इसके लिए रिलायंस ने जामनगर में पांच हजार एकड़ में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू कर दिया है। श्री अंबानी ने कहा, इससे बड़ी संख्या में ग्रीन नौकरियाँ पैदा होंगी और ग्रीन प्रोडक्ट तथा सामग्रियों का उत्पादन संभव होगा जो गुजरात को हरित उत्पादों का अग्रणी निर्यातक बना देगा। गुजरात को अपनी मातृभूमि और कर्मभूमि बताते हुए श्री अंबानी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रिलायंस ने देश में करीब 12 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है और इसमें से एक तिहाई से अधिक का निवेश अकेले गुजरात में किया गया है।



# प्रौद्योगिकी के साथ संसदीय कार्यपद्धति में परिवर्तन के लिए तैयार रहने की जरूरत: बिरला

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि संसद की कार्यपद्धतियों में समय तथा प्रौद्योगिकी के बदलावों के साथ बदलाव के लिए हमेशा तैयार रहने की जरूरत है।

लोकसभा अध्यक्ष ने इस संदर्भ में सचिवालय कर्मियों के लिए नियमित प्रशिक्षण की व्यवस्था पर भी बल दिया। श्री बिरला ने लोकसभा सचिवालय की स्थापना की 95वीं वर्षगांठ पर संसद भवन में आयोजित एक कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा, ल्ल बदलते परिप्रेक्ष्य में संसद के दोनों सदनों की कार्य पद्धतियों में व्यापक बदलाव आए हैं और प्रौद्योगिकियों ने हमारी कार्य शैली को पूरी तरह से बदल दिया है। यह जरूरी है कि हम समय के साथ चलते हुए नवीनतम तकनीकों के लिए स्वयं को तैयार रखें। इसके लिए नियमित प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और सीखते रहने की इच्छा रखने बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सचिवालय के कर्मियों को पी-20 सम्मेलन की सफलता में उनके परिश्रम का बड़ा योगदान रहा। साथ ही, अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से संविधान सदन से नए संसद भवन में स्थानांतरण का काम भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अपने कार्यकाल के दौरान लोक सभा सचिवालय में कार्यकुशलता और मितव्ययिता को बढ़ावा देने के लिए किये गए परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि इस अवधि में बहुत-सी नई पहलें भी हुई हैं और कामकाज में प्रौद्योगिकी का उपयोग निरंतर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस, सदस्य पोर्टल, डिजिटल संसद, डिजिटल लाइब्रेरी, दस्तावेजों के डिजिटलीकरण, संसदीय कार्यक्रमों की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग किया जाना, सोशल मीडिया में बढ़ती उपस्थिति और चिंतन शिविर जैसे कई नए प्रयास किए गए। श्री बिरला ने इस अवसर पर अपने-अपने कार्यक्षेत्र और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले सचिवालय के कई अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए सचिवालय कर्मियों के कई बच्चों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

# वर्ष 2027-28 में भारत दुनियी की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था: सीतारमण

एजेंसी

गांधीनगर। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सक्षम है और वित्त वर्ष 2027-28 तक भारतीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पांच लाख करोड़ डॉलर को पार कर जाएगी।

वित्त मंत्री ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में विकसित गुजरात रोडमैप 2047 के लॉन्च के मौके पर कहा, ल्लभारत के लोगों ने कोविड के बाद की चुनौतियों का सामना किया और लचीलापन बनाया।ङ्क वित्त मंत्री ने कहा कि 2014 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के सत्ता में आने के बाद केंद्र और राज्यों के बीच संबंध लेन-देन के बजाय साझेदारी के हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र विकास को एक साझेदारी के रूप में देख रहा है जहां राज्यों की ताकत का लाभ उठाया जाता है। उन्होंने कहा, यह भागीदारी दृष्टिकोण हमें 2047 तक एक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य देता है और सरकार की महत्वाकांक्षी विकासशील भारत योजना के तहत भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनना है। वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के 30 लाख करोड़ डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। श्री सीतारमण ने कहा, 2014 से मोदी सरकार को दृष्टिकोण सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद के साथ-साथ सहयोगात्मक संघवाद का रहा है। विकसित भारत के विकास के लिए राज्य एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के पंच प्रण (पांच संकल्प) में अतीत की औपनिवेशिक मानसिकता को दूर करना भी शामिल है। उन्होंने अंत्योदय अन्न योजना और स्वनिधि योजना सहित सरकार की छह से सात प्रमुख योजनाओं का भी उल्लेख किया जिसके तहत रेड़डी पटरी वालों को 57 लाख ऋण दिए गए हैं।

# मोदी ने संसद को अभिनंदन, तालियों का मंच बना दिया है : खड़गे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद को अभिनंदन और तालियों का मंच बना दिया है और यह स्वीकार्य नहीं है इसलिए जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए कांग्रेस पार्टी को जनता के बीच जाना होगा।

श्री खड़गे ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा और आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में आज यहां आयोजित पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक में यह बात कही। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में आम आदमी के मुद्दों पर ध्यान नहीं देने और निर्वाचित विपक्षी सदस्यों को अपनी आवाज उठाने से चुप कराने के लिए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा ,ल्ल प्रधानमंत्री ने संसद को अभिनंदन और तालियों का मंच बना दिया है और यह स्वीकार्य नहीं है. इसलिए जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए हमें जनता के बीच जाना होगा।

उन्होंने कहा, आप सभी इस तथ्य से अवगत हैं कि देश को बदलाव की जरूरत है तथा इसे संभव बनाने के लिए हमें जमीनी स्तर पर दिन-रात काम करना होगा और लोगों का विश्वास जीतना होगा। राहुल गांधी ने सामाजिक, वित्तीय न्याय, मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, जाति-आधारित जनगणना और देश के लोगों के सामने आने वाले अन्य मुद्दों को उठाने के लिए यात्रा को चुना है।ङ्क उन्होंने जोर दिया कि आज स्थिति अलग है और विपक्ष इंडिया गठबंधन के रूप में एकजुट है। इस एकजुटता से भाजपा में भ्रम की स्थिति देखी जा सकती है तथा उसे अब विपक्षी गठबंधन की ताकत का एहसास हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास देश को बताने के लिए कोई सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि उसने देश की पिछले 70 साल में अर्जित सारी संपत्ति अपने कुछ चुनिंदा दोस्तों को देकर बर्बाद कर दी है। उन्होंने कहा कि जहां तक सीट बंटवारे का सवाल है तो गठबंधन में इस विषय पर प्रगति हुई है। उन्होंने सभी पार्टी नेताओं से मतदाताओं से मिलने और उनसे बात करने का आग्रह किया। उन्होंने कांग्रेस नेताओं से ऐसी कोई भी टिप्पणी करने से बचने को कहा, जिससे पार्टी की छवि खराब हो। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की लड़ाई भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मानसिकता के खिलाफ है। कांग्रेस को महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस और सरोजिनी नायडू जैसे महान नेताओं के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए।

# आदर्शों और मूल्यों पर आधारित राजनीति समय की आवश्यकता : वेंकैया

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने सभी राजनीतिक दलों से राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि आदर्शों और मूल्यों की राजनीति समय की आवश्यकता है।

श्री नायडू ने आज महाराष्ट्र के पुणे में युवा नेतृत्व संसद के 13 वें संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि सभी राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय विकास के मुद्दों पर एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को उल्लेख किया और कहा कि यह समय की बड़ी जरुरत है।

बार-बार राजनीतिक दल बदलने वाले नेताओं पर टिप्पणी करते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि यह लोकतंत्र के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद, राज्य विधानसभाओं और विधान परिषदों को मिलाकर लोकतंत्र के मंदिर का निर्माण होता है और इसकी गरिमा बनायें रखने का



दायित्व निर्वाचित प्रतिनिधियों पर है। उन्होंने सभी सांसदों और जन प्रतिनिधियों से प्रत्येक मंच पर बहस का स्तर ऊंचा बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए विमर्श, चर्चा और निर्णय महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में चारों तरफ आदर्शों और मूल्यों में गिरावट आ रही है। आम जनता में राजनेतओं में भरोसा घट रहा है। इस घटाने के लिए अगली पीढी के लिए सोचा जाना चाहिए और गरिमा के साथ काम करना चाहिए।उन्होंने कहा कि राजनीति सामाजिक जीवन में बदलाव लाने का उपकरण है। इसके लिए लोकतंत्र की नींव बहुत मजबूत होनी चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट ने द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशें स्वीकार की

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशें स्वीकार करते हुए इसके कार्यान्वयन की निगरानी के लिए सभी उच्च न्यायालयों में एक समिति गठित करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि अन्य सेवाओं के अधिकारियों ने एक जनवरी 2016 तक अपनी सेवा शर्तों में संशोधन का लाभ उठाया, लेकिन न्यायिक अधिकारियों से संबंधित ऐसे ही मुद्दे आठ साल बाद भी अंतिम निर्णय का इंतजार कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि इस बात पर जोर देने की जरूरत है कि न्यायाधीशों को उनके कार्यकाल के दौरान और सेवानिवृत्ति के बाद भी सुविधाएं प्रदान करना न्यायपालिका की स्वतंत्रता से जुड़ा है। पीठ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जो न्यायाधीश सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं या जिन लोगों का निधन हो गया, उनके परिवार के पेंशनभोगी भी समाधान का इंतजार कर रहे हैं। पीठ ने कहा, न्यायिक अधिकारियों के लिए काम की सम्मानजनक स्थिति सुनिश्चित करना राज्य (सरकार) का एक सकारात्मक दायित्व है। वह वित्तीय बोझ या व्यय में वृद्धि का हवाला देकर अपने दायित्व से नहीं बच सकती। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे निर्देशों का शीघ्रता से पालन करें और न्यायिक अधिकारियों, सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को बकाया वेतन, पेंशन और भत्तों के भुगतान को 29 फरवरी 2024 या उससे पहले गणना और भुगतान सुनिश्चित करें। पीठ ने सभी उच्च न्यायालय के दायरे में काम करने वाली प्रत्येक 'जिला न्यायपालिका की सेवा शर्तों के लिए समिति' को उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से 7 अप्रैल 2024 को या उससे पहले एक रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया। पीठ ने नौ जनवरी 2024 को जारी एक लिखित आदेश में अपने निर्देश जारी करते हुए कहा कि न्यायिक स्वतंत्रता तभी तक सुनिश्चित और बढ़ाई जा सकती है जब तक न्यायाधीश हैं। पीठ ने जिला न्यायपालिका के सदस्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे उन नागरिकों के लिए जुड़ाव का पहला बिंदु हैं, जो विवाद समाधान की आवश्यकता का सामना कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि न्यायाधीश के काम का मूल्यांकन केवल अदालत के कामकाजी घंटों के दौरान उनके कर्तव्यों के आधार पर नहीं किया जा सकता है।

## पंजाब में गडकरी ने 4000 करोड़ की परियोजनाएं शुरु की

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पंजाब को राष्ट्रीय राजमार्गों के जरिए विकास की राह पर अग्रसर करते हुए बुधवार को होशियारपुर में चार हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। श्री गडकरी ने सोशल मीडिया 'एक्स'पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के तहत फगवाड़ा तथा होशियारपुर बाईपास का निर्माण होगा जिससे दोनों शहरों के बीच 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से वाहन चलेंगे और एक घंटे की यात्रा महज आधा घंटे में पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह से लुधियाना में जीटी रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग 5 को जोड़ने वालें 4-लेन लाडोवाल बाईपास के निर्माण से लुधियाना-फ़िरोज़पुर राजमार्ग से दिल्ली-जालंधर राजमार्ग का सीधा संपर्क स्थापित होगा। श्री गडकरी ने बताया कि तलवंडी भाई से फ़िरोज़पुर खंड के 4-लेन और फ़िरोज़पुर बाईपास का निर्माण किया जा रहा है जिसके निर्माण से कनेक्टिविटी में बडा सुधार होगा। इन परियोजनाओं के निर्माणसे देश के राजमार्गों पर सुरक्षा एवं तेज गति से आवाजाही बढ़ेगी। परियोजना क्षेत्रों में स्थित धार्मिक तीर्थ स्थलों और अंतर्राज्यीय कनेक्टिविटी में सीधी वृद्धि होगी।

## पेज एक का शेष

### अर्थव्यवस्था की...

बाहरी कंपनियों के लिए और भी आकर्षक बन गया है। भारत इस समय बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व स्तर पर निवेश कर रहा है तथा पिछले दस वर्षों में पूंजीगत निवेश पांच गुना बढ़ा है। उन्होंने वैश्विक निवेशकों से कहा कि भारत ने ऊर्ज़ा के वैकल्पिक श्रोतों के विकास में अभूतपूर्व तेजी से कदम बढ़ाया है। आज देश में नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता तीन गुना हो गयी है जबकि सौर-ऊर्ज़ा उत्पादन क्षमता में 20 गुना वृद्धि हुयी है। उन्होंने डिजिटल प्रौद्किकी और सेवाओं के उपयोग में प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा, सरकार के डिजीटल भारत मिशन ने देश में जीवन और व्यवसाय-दोनों का कायाकल्प किया है। गांव-गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाए जा रहे हैं। 5जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी का विस्तार हो रहा है और आज हम दुनिया में तीसरे बड़े स्टार्ट अप इकोसिस्टम हैं। श्री मोदी ने कहा कि 10 वर्ष पहले भारत में कुछ 100 स्टार्ट-अप्स थे, आज इनकी संख्या एक लाख 15 हज़ार हो गयी है। उन्होंने कहा,ल्ल भारत में जो ये बदलाव आ रहा है, वो भारत के नागरिकों की जिंदगी आसान हुयी है और लोग अधिकार संपन्न हुए हैं।हमारी सरकार के पांच वर्षों में साढ़े 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। भारत में मिडिल क्लास की एवरेज इनकम लगातार बढ़ रही है। भारत में कामकाज में महिलाओं की भागीदारी में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। भारत के भविष्य के लिए ये बहुत अच्छे संकेत हैं और इसलिए, मैं आप सभी का आह्वान करूंगा कि भारत की इस विकास यात्रा से जुड़िए, हमारे साथ चलिए। श्री मोदी ने भारत में लॉजिस्टिक्स, परिवहन और संपर्क सुविधाओं के विस्तार के काम में प्रगति का जिक्र किया और कहा कि 10 साल में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 149 हो गयी है, हाइवे का नेटवर्क करीब-करीब दोगुना तथा मेट्रो नेटवर्क तीन गुना से ज्यादा हो चुका है। उन्होंने कहा कि जी-20 के दौरान जिस भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे की घोषणा की गयी है, वह निवेशकों के लिए कारोबार का बड़ा अवसर है। श्री मोदी ने वैश्विक निवेशकों से कहा, ल्लभारत के कोने-कोने में आपके लिए नई संभावनाएं हैं। वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन इसकी एक झांसी है और यह भविष्य की एक झांकी है। भारत में निवेश सृजनशील युवापीढ़ी में निवेश है। यह उपभोक्ताओं की एक नयी पीढ़ी को तराशने वाला निवेश है। महत्वाकांक्षाओं से भरपूर भारत की युवापीढ़ी के साथ आपकी भागीदारी ऐसे परिणाम दे सकती है जिसकी आपने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। उद्घाटन सत्र में मोजाम्बीक के राष्ट्रपति फिलिप नीयूसी, तिमोर के राष्ट्रपति रामोस-होर्टा, चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पैट्र फियाला, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और देश-विदेश के बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति तथा उद्यमी उपस्थित थे। वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन का सिलसिला 20 साल पहले श्री मोदी के मुख्यमंत्रित्व काल में शुरू हुआ था, जिससे निवेश का एक नया वातावरण पैदा हुआ। आज विभिन्न राज्यों में इस तरह के निवेश सम्मेलन आयोजित किए जाने लगे हैं।

### शिंदे गुट ही...

संविधान में विधायक दल के नेता को हटाने का कोई प्रावधान संविधान में नहीं है। जब पार्टी में टूट हुई यानी 21 जून को एकनाथ शिंदे विधायक दल के नेता थे। इसके अलावा, शिंदे को हटाने का फैसला राष्ट्रीय कार्यकारिणी का होना चाहिए था। राष्ट्रीय कार्यकारिणी पर उद्धव गुट का रुख साफ नहीं है। इसी के साथ 25 जून 2022 के कार्यकारिणी के प्रस्तावों को स्पीकर ने अमान्य करार दिया है। इसके साथ ही स्पीकर ने भरत गोगावले की व्हिप के रूप में नियुक्ति को वैध ठहराया है। स्पीकर ने 1200 पन्नों के फैसले को पढ़ते हुए कहा कि सुनील प्रभु को जब चीफ व्हिप नियुक्त किया गया था, तब पार्टी का विभाजन हो चुका था। चूंकि चुनाव आयोग ने शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना है, ऐसे में चीफ व्हिप के रूप में भरत गोगावले की नियुक्ति सही है। सुनील प्रभू को विधायक दल की बैठक बुलाने का अधिकार नहीं था। स्पीकर राहुल नार्वेकर ने विधायकों की अयोग्यता की याचिका खारिज कर दी। इस पर फैसला सुनाते हुए उन्होंने कहा कि जब पार्टी में बंटवारा हुआ था उस समय शिंदे के समर्थन में 37 विधायक थे। उन्होंने यह भी कहा कि एकनाथ शिंदे नियमानुसार पार्टी के नेता बने। 21 जून को ही एकनाथ शिंदे पार्टी के नेता बन गए थे। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने विधायकों की अयोग्यता की याचिका खारिज कर दी। उन्होंने कहा कि 21 जून की एसएसएलपी बैठक से विधायकों की अनुपस्थिति को आधार बनाकर विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि चूंकि चुनाव आयोग ने शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना है, ऐसे में उस समय चीफ व्हिप के रूप में भरत गोगावले नियुक्त थे तो सुनील प्रभू को विधायक दल की बैठक बुलाने का अधिकार नहीं था। इस आधार पर विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता।

### अजय मिश्रा को ...

अपने आदेश में कहा था कि निचली अदालत के फैसले में कोई त्रुटि नहीं थी। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने अपील को उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ से प्रयागराज की मुख्य पीठ में स्थानांतरित करने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसे अस्वीकार कर दिया गया था। गुप्ता (24) की हत्या के सिलसिले में लखीमपुर में दर्ज प्राथमिकी में मिश्रा और अन्य का नाम शामिल था। गुप्ता की जिले के तिकुनिया इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लखीमपुर खीरी के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने 2004 में पर्याप्त सबूत के अभाव में मिश्रा और अन्य को मामले में बरी कर दिया था। बरी किए जाने के फैसले से असंतुष्ट राज्य सरकार ने अपील दायर की थी, जबकि मृतक के परिवार ने फैसले को चुनौती देते हुए एक अलग पुनरीक्षण याचिका दायर की थी।

### हिन्द महासागर में ...

में हिंद महासागर क्षेत्र में अपने 'लिटोरल रिस्पांस ग्रुप' को भेजने की योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के 2025 में हिन्द महासागर के दौरे पर जाने की योजना है और ये दोनों भारतीय बलों के साथ संचालन और प्रशिक्षण करेंगे। दोनों देशों ने संयुक्त अभ्यास से लेकर ज्ञान साझा करने और प्रशिक्षकों के आदान-प्रदान तक रक्षा में भविष्य के सहयोग पर भी चर्चा की। ये कदम 2021 में घोषित 2030 भारत-ब्रिटेन रोडमैप में परिकल्पित व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर आधारित हैं। भारत और ब्रिटेन की सेना आने वाले वर्षों में और अधिक जटिल अभ्यास शुरू करेंगे जो 2030 के ऐतिहासिक संयुक्त अभ्यास की आधारशिला रखेंगे। श्री ग्रांट शाप्स ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि दुनिया में प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम भारत जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाना जारी रखें। हम साथ मिलकर समान सुरक्षा चुनौतियों का सामना करते हैं और एक स्वतंत्र और समृद्ध इंडो-पैसिफिक बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ हैं। यह रिश्ता मजबूती की ओर बढ़ रहा है, लेकिन हमें उन खतरों और चुनौतियों के मद्देनजर वैश्विक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए मिलकर काम करना चाहिए जो हमें अस्थिर और नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन और भारत के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी में उद्योग के क्षेत्र में सहयोग भी महत्वपूर्ण है, दोनों देश विद्युत प्रणोदन प्रणालियों पर एक साथ काम कर रहे हैं जो हमारे भविष्य के बेड़े को शक्ति प्रदान करेंगे, और जटिल हथियारों के विकास पर सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय रक्षा मंत्री की यात्रा के दौरान मौजूदा रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए दोनों देशों ने कई नई संयुक्त पहलों की भी पुष्टि की।

आईएएस अफसर जिलों ...

हिमांशु गौतम, हापुड़ रमेश रंजन, बरेली देवेंद्र कुमार सिंह कुशवाहा, बदायूं खेमपाल सिंह, पीलीभीत राजनीश चंद्र, शाहजहांपुर गौरव वर्मा, मुरादाबाद सुनील कुमार चौधरी, बिजनौर हरिकेश चौरसिया, रामपुर मनोज कुमार द्वितीय, अमरोहा सतीश पाल नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। संभल बृजेश कुमार, वाराणसी डा. अखिलेश कुमार मिश्रा, गाजीपुर नरेंद्र प्रसाद पांडेय, चंदौली जगदीश, जौनपुर सतय प्रकाश पटेल नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। आजमगढ़ अरुण प्रकाश, बलिया ओम प्रकाश वर्मा, मऊ अटल कुमार राय, शहारनपुर जय शंकर दुबे, मुजफ्फरनगर अरुण कुमार द्वितीय, शामली सुरेंद्र राम, मिर्ज़ापुर ज्ञानेश्वर त्रिपाठी, सोनभद्र ए निदेश कुमार, भदोही राम सहाय यादव, बस्ती शेषनाथ, सिद्धार्थनगर दिव्यांशू पटेल, संत कबीरनगर रमेश चंद्र, बांदा डा. अरविंद कुमार चौरसिया, चित्रकूट राजेंद्र सिंह द्वितीय, हमीरपुर शिव प्रसाद प्रथम, महोबा उमाकांत त्रिपाठी, गोंडा गिरिजेश कुमार त्यागी नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। बहराइच आनंद कुमार शुक्ला, बलरामपुर बृजराज सिंह यादव, श्रावस्ती महेंद्र वर्मा, अलीगढ़ रवि रंजन, हाथरस शत्रोहन वैश्य, कासगंज डा. कंचल शरण और एटा राजेश कुमार नोडल नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।

### कांग्रेस ने राम मंदिर...

खरगे, सोनिया गांधी एवं अधीर रंजन चौधरी भाजपा और आरएसएस के इस आयोजन के निमंत्रण को ससम्मान अस्वीकार करते हैं। उच्चतम न्यायालय ने 2019 में एक ऐतिहासिक फैसले में अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था और हिंदुओं द्वारा पवित्र माने जाने वाले शहर में एक मस्जिद के निर्माण के लिए पांच एकड़ का वैकल्पिक भूखंड मुहैया कराने का आदेश दिया था। इसके परिणामस्वरूप, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण का काम शुरू हुआ। आगामी 22 जनवरी को 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद रहेंगे।

### उन्नतिशील राज्य...

की आबादी के लिए गौरव और सम्मान की बात है। योगी ने कहा कि पहले की सरकारों में लोग अयोध्या का नाम लेने से डरते थे। उन्हें लगता था कि अयोध्या का नाम ले लेंगे तो उन पर कलंक लग जाएगा, लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है। 500 की तपस्या और संघर्ष समाप्त हो चुका है। आज पूरी दुनिया अयोध्या आना चाहती है। अब अयोध्या में सड़क, हवाई और रेल कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि अब नये भारत के नये उत्तर प्रदेश में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के भक्तों को त्रेतायुगीन अयोध्या के दर्शन होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महीनों तक कर्फ्यू लगता था। हमने कर्फ्यू को कांवड़ यात्रा में बदल दिया है। घंट और घड़ियाल बजाते हुए पूरे प्रदेश में शानदार तरीके से कांवड़ यात्रा निकलती है। अब कर्फ्यू लगाने वालों के घरों में कर्फ्यू लग जाता है। यही नया उत्तर प्रदेश है, जहां पिछले साढ़े छह-सात वर्षों में कोई दंगा-फसाद नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पहले रोजगार के नाम पर एक परिवार पूरे प्रदेश में जाकर नौजवानों से वसूली करता था। हमारी सरकार ने पिछले छह वर्ष में छह लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है। एक करोड़ 75 लाख से अधिक नौजवानों को निजी क्षेत्र में नौकरी देने में सफल रही है। योगी ने कहा कि पहले की सरकार बहन-बेटियों के लिए खतरा बनने वाले शरारती तत्वों को प्रश्रय देती थी। आज उन शरारती तत्वों के लिए उत्तर प्रदेश की पुलिस खतरा बनी हुई है। हमारी सरकार बरेली में बन रहे नाथ कॉरिडोर को फाइनल स्वरूप दे रही है। नाथ कॉरिडोर को जोड़ने वाले जितने भी महत्वपूर्ण रास्ते हैं, उन्हें स्वीकृति दे दी गई है। यही विरासत का सम्मान है। अगली बार जब आएंगे तो विभिन्न परियोजनाओं को लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, वन एवं पर्यावरण के राज्य मंत्री डॉ अरुण कुमार कुमार सक्सेना, सांसद बरेली संतोष गंगवार, सांसद आंवला धर्मेंद्र कश्यप, महापौर डॉ उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल सहित भारी संख्या में लाभार्थी और लोग मौजूद थे।

# मानसिक तनाव से जूझ रहे जवानों को मिलेगी मनोवैज्ञानिक सेवा, माया ग्रुप के साथ हुआ एमओयू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। सेलाकुई माया ग्रुप ऑफ कॉलेज और आईटीबीपी, देहरादून के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस समझौते के अनुसार माया कॉलेज मानसिक तनाव से जूझ रहे जवानों को मनोवैज्ञानिक सेवाएं उपलब्ध कराएगी।

माया देवी एजुकेशनल फाउंडेशन की प्रबंध निदेशक डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल एवं आईटीबीपी के डीआईजी (नॉर्दन फ्रंटियर) रमाकांत शर्मा के हस्ताक्षरों से अनुबंध हुए हैं। डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल ने कहा कि सीमाओं पर देश की सुरक्षा कर रहे जवानों की सेवा करने का इससे अच्छा सहयोग और नहीं हो सकता कि जो जवान घर से दूर रहकर या किसी अन्य वजहों से मानसिक तनाव में हैं, उन्हें हम माया देवी एजुकेशनल फाउंडेशन मनोवैज्ञानिक रूप से काउंसलिंग कर तनाव रहित कर सकें। डॉ. तृप्ति ने कहा कि माया देवी एजुकेशनल फाउंडेशन यह सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करा रही हैं। उत्तर भारत में किसी भी जवान को तनाव का सामना करना पड़ता हैं तो हम बॉर्डर में जा कर भी उसको तनाव से दूर करने का प्रयास करेंगे। आईटीबीपी के डीआईजी रमाकांत शर्मा ने समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए माया देवी एजुकेशनल फाउंडेशन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि माया देवी एजुकेशनल फाउंडेशन की यह अनूठी पहल है, जिससे जवानों को तनाव से दूर रखने में सहायता मिलेगी। आईटीबीपी की डिप्टी कमांडेंट देश रत्ना ने डॉ तृप्ति को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस मनोवैज्ञानिक प्रशिक्षण के दौरान आईटीबीपी फाउंडेशन को हर संभव सहायता प्रदान करेगा। आईटीबीपी के आईजी (नॉर्थन फ्रंटियर) संजय गुंजियाल ने माया देवी एजुकेशनल फाउंडेशन को इस एमओयू के लिए धन्यवाद दिया। आईटीबीपी के कमांडेंट (तेइसवी बटालियन) पीयूष पुष्कर एवं डॉ. तृप्ति ने इस एमओयू के उपरांत आईटीबीपी परिसर में रुद्राक्ष एवं नीम के पेड़ भी लगाकर यह संदेश दिया कि आईटीबीपी और माया देवी एजुकेशनल फाउंडेशन पर्यावरण के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक हैं। एमओयू के हस्ताक्षर के दौरान माया कैम्पस डीन डॉ. मनीष पाण्डे एवं डिप्टी डायरेक्टर आशुतोष बडोला उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति को बंद होंगे चंडिका मंदिर के कपाट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिले के कर्णप्रयाग विकास खंड के सिमली स्थित राजराजेश्वरी मां चंडिका देवी मंदिर के कपाट आगामी 15 जनवरी को मकर संक्रांति के पर्व पर 15 दिनों के लिए पूजा विधान के साथ बंद कर दिए जायेंगे। राजराजेश्वरी मां चंडिका देवी मंदिर समिति सिमली की बुधवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पौराणिक परम्परा के अनुसार मकर संक्रांति को चंडिका मंदिर के कपाट 15 दिनों के लिए बंद होंगे। मंदिर के पुजारी कृष्णा गैरोला, प्रदीप गैरोला ने बताया कि मकर संक्रांति को चंडिका मंदिर सिमली में प्रातः कालीन अभिषेक पूजा अर्चना करने के पश्चात दोपहर में खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण करने के पश्चात अपराह्न तीन बजे को चंडिका मंदिर के कपाट 15 दिनों के लिए बंद हो जायेंगे। कपाट बंद के पश्चात मंदिर में किसी तरह की पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान नहीं किये जायेगें। बैठक में मंदिर समिति सिमली के अध्यक्ष हेमन्त टकोला, इन्द्र सिंह नेगी, दयाल सिंह, बलबीर सिंह, मलक सिंह, मनोज पुंडिर, हर्षवर्धन लडोला आदि मौजूद थे।

# मंत्री जोशी ने 37 सड़क मार्गों को दी स्वीकृति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के कई जिलों में ''मेरा गांव मेरी सड़क योजना'' में 24 सड़क की योजनाओं को स्वीकृति दी है। इससे पूर्व इस वित्तीय वर्ष में इस योजना में 37 सड़क मार्ग स्वीकृत किये जा चुके हैं, जिसे सम्मिलित करते हुए इस वित्तीय वर्ष में अब तक 61 गांव को सड़क मार्ग से जोड़े जाने की मंजूरी दी जा चुकी है। विगत वर्ष इस योजना में 49 गांव के लिए सड़कें स्वीकृत की गयी थीं। जिन पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। बुधवार को मंत्रीजोशी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की परिधि से बाहर सम्पर्कविहीन गांवों को सड़क से जोड़ने की दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। ग्राम्य विकास मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद भी ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के बनने से स्थानीय ग्रामीणों को हर मौसम में बेहतर यातायात की सुविधा मिल सकेगी। मेरा गांव मेरी सड़क योजना में मुख्य सड़क से एक किमी की दूरी पर स्थित संपर्क विहीन गांवों की सार्वमौसम सम्पर्कता के लिए सड़कें बनाई जाती हैं। उन्होंने कहा इस योजना से गांव वासियों को सभी मौसमों में आवागमन के लिए संपर्क मार्ग उपलब्ध होने के साथ-साथ स्थानीय उपज को बाजार तक लाने की सुविधा होगी। जिससे कृषकों की आय में वृद्धि होगी तथा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष अन्य रोजगार के साधन भी विकसित होंगे। उन्होंने कहा गांवों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी सम्भव प्रयास किये जायेंगे।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर डुमक के ग्रामीणों ने फूंका उप निरीक्षक भू वैज्ञानिक का पुतला

- डुमक को सड़क से जोड़ने की मांग को लेकर चल रही पदयात्रा पहुंची वजनी गांव
- ग्रामीणों का डुमक गांव में धरना 14वें दिन भी जारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिले के जोशीमठ विकास खंड के उर्गम घाटी के डुमक गांव के लिए स्वीकृत सैंजी लगा मैकोट मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू किये जाने की मांग को लेकर गांव में ही धरना बुधवार को 14वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने बुधवार को उप निरीक्षक भू वैज्ञानिक दीपक हटवाल का पुतला भी दहन किया। सड़क निर्माण की मांग को लेकर डुमक गांव के बजीर देवता मंदिर से निकली पदयात्रा मठ, झड़ेता होते हुए वजनी गांव पहुंच गई है। गौरतलब है कि डुमक गांव के लिए स्वीकृत मोटर मार्ग के निर्माण कार्य शुरू करने की मांग को लेकर डुमक के ग्रामीण बीते 28 दिसम्बर से गांव में ही धरने पर बैठे है, वहीं क्षेत्र के कुछ युवा इसी मांग को लेकर पदयात्रा पर निकले है। जो घाटी के विभिन्न गांवों में पहुंच कर अपने आंदोलन के लिए समर्थन मांग रहे है। यह पदयात्रा 18 जनवरी को जिला मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचेगी। पदयात्रा बुधवार को वजनी गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में मठ के प्रधान संजय राणा ने कहा कि सैजी लगा मैकोट-बेमरु-स्यूंण-डुमक-कलगोठ सड़क 2019 के समरेखण के अनुसार बननी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की ओर से जानबूझकर के सड़क को लटकाया जा रहा है किंतु आंदोलन चरम सीमा पर है सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से इस आंदोलन को आगे ले जाना चाहते हैं। पुतला दहन करने वालों में अंकित सिंह, लक्ष्मी देवी, गोदावरी देवी, रमेश, जगत सिंह, अभिषेक, रेखा देवी, कमला देवी, विमला देवी, बच्ची देवी, राजेंद्र सिंह भंडारी आदि शामिल थे। ग्रामीणों को समर्थन देने वालों में ग्राम प्रधान संजय राणा मठ झड़ेता, पूर्व प्रधान भगत सिंह राणा, मंमद अध्यक्ष राखी देवी, अनीता देवी, पुष्पा देवी, गोदावरी देवी, मतवार सिंह, विजय देवी आदि शामिल थे।

# सरपंच की हत्या का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर में दड़ियाना गाँव के बहुजन समाज पार्टी समर्थित सरपंच संदीप कुमार छीना की हत्या के मुख्य आरोपी को पुलिस ने कल देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर फोर्स के उपाध्यक्ष छीना की चार जनवरी को मोटर साइकिल सवार तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र लांबा ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने खुफिया सूचना मिलने के बाद अनूप कुमार उर्फ विकी को डोबाहा-देहरा मार्ग पर घेरा। उसने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी गोलीबारी में अनूप को दो गोलियां लगीं। अनूप को पहले स्थानीय और फिर अमृतसर के अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने उसके पास से 32 बोर की एक रिवाल्वर और तीन कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस के अनुसार अनूप कुमार की निशानदेही पर आज हत्याकांड के दो और आरोपियों मनप्रीत सिंह उर्फ मनीष और करण कुमार को गिरफ्तार किया गया।

# अंगीठी ने ले ली पति -पत्नी की जान, 2 महीने का बच्चा हॉस्पिटल में भर्ती

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में कड़ाके की सर्दी के बीच आज सुबह-सुबह दुखद समाचार द्वारका उपनगरी इलाके से सामने आया है। जिसमें दो लोगों की घर के अंदर ही मौत हो गई। यह दोनों पति-पत्नी थे और सर्दी से बचने के लिए कमरे के अंदर अंगीठी जलाया हुआ था। शुरुआती जांच में पुलिस का कहना है कि उनकी मौत अंगीठी से निकलने वाले धुएं के वजह से हुई है। बाकी पोस्टमार्टम के बाद पूरे मामले का और खुलासा हो पाएगा। मौके पर पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया। डीसीपी द्वारका एम हर्षवर्धन के अनुसार 9:30 बजे पीसीआर कॉल मिली थी, सेक्टर 23 द्वारका में एक कमरे में बच्चा रो रहा है और उनके पैरेंट्स कमरे के अंदर बेसुध पड़े हुए हैं। उस सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, तो पता चला की दरवाजा अंदर से बंद था।

# सुख दुख से ऊपर की अवस्था होती है भक्ति : राजीव बिजलवाण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऋषिकेश। चंद्रेश्वर पब्लिक स्कूल शीशम झाड़ी ऋषिकेश में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से विशाल सत्संग का दिव्य आयोजन हुआ। बुधवार को देहरादून से आए ज्ञान प्रचारक महात्मा राजीव बिजलवाण ने अपने प्रवचनों में कहा की भक्ति सुख दुख से ऊपर की अवस्था होती है भक्त और भगवान का मिलन भक्ति है। परमात्मा को जानकर भक्त हर समय प्रभु परमात्मा के एहसास में रहता है। भक्त और भगवान का नाता ब्रह्मज्ञान से जुड़ जाता है। फिर भक्त को सुख-दुख का कोई फर्क नहीं पड़ता वह हर समय आनंद और सुकून का जीवन जीते हुए भक्ति की अवस्था को प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि सत्संग सेवा सुमिरन के बिना भक्ति अधूरी है। संतों का संग यानी सत्संग, सेवा, सिमरन करने से मन के विकार दूर हो जाते हैं और यह मन परमात्मा में लग जाता है। जब इस सत्य का ज्ञान हो जाते है तो फिर जीवन कैसा भी हो, कोई भी स्थिति हो, आनंद की अवस्था में ही हमारा जीवन व्यतीत होता है। सत्संग कार्यक्रम में देहरादून से शशि कपूर अनिल, यशोदा, अनीता, एवं सुशीला पुंडीर आदि ने अपने भाव गीत और भजन के माध्यम से व्यक्त किया एवम स्कूल के प्रबंधक प्रमोद शर्मा भी उपस्थित रहे।

# भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ''राम-राग'' में लोक गायक कैलाश खेर और कन्हैया मित्तल देंगे प्रस्तुति

- राज्यपाल और मुख्यमंत्री बतौर मुख्य अतिथि होंगे शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। संस्कृति विभाग की ओर से आज शाम देहरादून के रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल ग्राउंड में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ल्लराम-रागङ्क आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बतौर मुख्यअतिथि प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोक गायक पद्मश्री कैलाश खेर और कन्हैया मित्तल अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की थीम ल्लएक शाम राम के नामङ्क रखी गई है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक होगा, जब रामलला अयोध्या में विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है और यहां के कण-कण में देवी-देवताओं का वास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र हमें मेहनत, संघर्ष और त्याग के साथ ही सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

# यू-ट्यूबर श्याम मीरा सिंह को राम रहीम के संबंध में अपलोड वीडियो हटाने का आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने यू-ट्यूबर पत्रकार श्याम मीरा सिंह को डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के संबंध में अपलोड किए गए वीडियो को हटाने का आदेश दिया है। जस्टिस जसमीत सिंह ने कहा कि श्याम मीरा सिंह चाहें तो डिस्क्लेमर लगाकर नया वीडियो अपलोड कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या श्याम मीरा सिंह की ओर से अपलोड किया गया वीडियो मानहानि वाला है। इसलिए इस वीडियो को हटाने का आदेश दिया जाता है। अगर श्याम मीरा सिंह नया वीडियो अपलोड करना चाहें तो डिस्क्लेमर लगाकर ट्रायल कोर्ट और दूसरे पत्रकार की किताब का जिक्र करें। कोर्ट ने 8 जनवरी तक श्याम मीरा सिंह को चेतावनी दी थी कि अगर वे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की ओर से दायर मानहानि केस की कोर्ट कार्यवाही को लेकर ट्वीट करते रहे तो उनके खिलाफ अवमानना की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। जस्टिस जसमीत सिंह ने कहा था कि कोर्ट की गरिमा होती है। आप कोर्ट को हल्के में नहीं ले सकते हैं। कोर्ट किसी को कुछ भी करने को मजबूर नहीं करती, बल्कि कानून के मुताबिक आदेश पारित करती है। दरअसल, गुरमीत राम रहीम ने 17 दिसंबर 2023 को श्याम मीरा सिंह के यू-ट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए एक वीडियो को लेकर मानहानि केस दायर की थी। वीडियो का शीर्षक था 'गुरमीत राम रहीम ने अपने भक्तों को कैसे बेवकूफ बनाया?' गुरमीत राम रहीम ने याचिका दायर कर कहा था कि श्याम मीरा सिंह ने अपने वीडियो में जो आरोप लगाए हैं वे प्रथम दृष्टया भ्रामक और मानहानिकारक हैं। याचिका में कहा गया था कि ये वीडियो जानबूझकर उस समय अपलोड किया गया है जब राम रहीम की अपील पर पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में सुनवाई होती है। सुनवाई के दौरान श्याम मीरा सिंह की ओर से पेश वकील ने कहा था कि वे पत्रकार हैं उन्होंने जो वीडियो अपलोड किया था वो रिसर्च के आधार पर बनाया गया है। ये वीडियो एक दूसरे पत्रकार अनुराग त्रिपाठी की पुस्तक पर आधारित है, लेकिन राम रहीम ने अनुराग त्रिपाठी पर कोई केस नहीं किया। उन्होंने कहा था कि अगर हाई कोर्ट वीडियो को हटाने का आदेश देता है तो ये एक गलत नजीर बनेगी।

# हल्द्वानी में सिटी बस संचालन को मिली आरटीए की मंजूरी

हल्द्वानी। शहर के भीतर सफर करने के लिए कई ऑटो बदलने की मजबूरी जल्द खत्म हो जाएगी। इसके लिए संभागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) ने हल्द्वानी में सिटी बसों के संचालन की मंजूरी दे दी है। छह रूटों पर बस का संचालन किया जाएगा। राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) से इसकी अनुमति मिलने के बाद परिवहन विभाग बसों को परमिट जारी करेगा। वहीं रोडवेज को हल्द्वानी से गंगोलीहाट और रीठा साहिब के लिए बस संचालन की अनुमति दी गई। इसके अलावा संभागीय क्षेत्र की 147 नई बनी सड़कों पर वाहन संचालन और टैक्सियों के ऊपर लगेज कॅरियर लगाने की अनुमति प्रदान की गई। हल्द्वानी शहर के भीतर सफर करने वाले लोगों को हर दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है। आवागमन का स्थाई साधन नहीं होने से ऑटो में मंहगा सफर करना मजबूरी बना रहता है। इसके समाधान के लिए परिवहन विभाग ने सिटी बस चलाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके अनुसार शहर के छह रूटों पर बसों को संचालन किया जाना है।

# एनएसएस इकाई की छात्राओं ने निकाली नशा मुक्ति के लिए जागरूकता रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। हरि चंद गुप्ता आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई की छात्राओं ने अपने साप्ताहिक शिविर के दूसरे दिन नशा मुक्त भारत का संदेश देते हुए जागरूकता रैली निकाली। बुधवार को आयोजित रैली में स्वयं सेवी छात्राओं ने लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की।एनएसएस प्रभारी ममता गुप्ता ने इससे पूर्व शिविरार्थी छात्राओं को नशा मुक्ति के लिए सक्रियता के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई।उन्होंने कहा कि जो लोग नशा बेचने का काम करते हैं, वह समाज के दुश्मन है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश के विकास में बड़ी भूमिका अदा करती है। अगर युवा ही नशे की गर्त में चले जाएंगे तो देश की तरक्की में बाधा बन जाएंगे। नशा मुक्त भारत अभियान में हर व्यक्ति को योगदान देते हुए सरकार का सहयोग करना चाहिए।इस दौरान खेल शिक्षिका मोनिका, विनिता, मंजू गिरी आदि मौजूद रहीं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063